धनबाद संस्करण | वर्ष : 65, अंक : 272 पंजीयन संख्या : 3591/1957 | website : www.awazlive.com | संवत 2079, फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, पंचमी | शुक्रवार, 10 फरवरी, 2023 | पृष्ठ : 16 | ₹4:00

औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)

# आवाज

धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित

SURJABASHA



भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट : जडेजा ने लिये पांच विकेट

## उठ जाता कूड़ा तो कैसे मिटती भूख!!!



फोटो- गौतम डे

### अडानी समूह के खिलाफ हिंडनबर्ग रिपोर्ट की होगी जांच !

# सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सुनवाई

■ रिपोर्ट को बताया जा रहा साजिश

एजेंसी। 9 फरवरी

**नई दिल्ली :** अडानी ग्रुप को लेकर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के खिलाफ दो याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई होगी। शीर्ष अदालत में डाली गई जनहित याचिकाओं में दावा किया गया है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट एक साजिश के तहत बनाई गई रिपोर्ट है जिससे कि अडानी के शेयरों की शॉर्ट सेलिंग हो। याचिका में कहा गया है कि इस साजिश के चलते निवेशकों को बड़ा नुकसान हुआ है।



### भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश

अधिवक्ता एमएल शर्मा और विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई पर सहमति जताई है। याचिका में कहा गया है कि अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग ने साजिश के तहत भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश की है। अधिवक्ता ने कहा कि इस रिपोर्ट ने शेयर बाजार पर गलत असर डाला है, जिससे लोगों को लाखों करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

### पिछले हफ्ते दायर की गई थी याचिका

शीर्ष अदालत में पिछले हफ्ते वकील एम. एल. शर्मा ने एक याचिका दायर की थी, जिसमें अमेरिका की वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च के नाथन एंडरसन और भारत तथा अमेरिका में उनके सहयोगियों के खिलाफ कथित रूप से निर्दोष निवेशकों का शोषण करने और अडाणी समूह के शेयर के मूल्य को कृत्रिम तरीके से गिराने के लिए मुकदमा चलाने की मांग की गई थी। हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा अडाणी समूह पर फर्जी लेनदेन और शेयर की कीमतों में हेरफेर सहित कई गंभीर आरोप लगाए गये थे।

### रिपोर्ट से अडानी ग्रुप और बाजार को हुआ नुकसान

हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा अडानी समूह के खिलाफ धोखाधड़ी लेनदेन और शेयर-कीमत में हेरफेर सहित कई आरोपों लगाने के बाद अडानी समूह के शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। रिपोर्ट के बाद कई दिनों तक बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। हालांकि, अडानी समूह ने आरोपों को झूठ बताते हुए खारिज किया है और कहा कि कंपनी हमेशा से कानूनों का अनुपालन करती रही है। बता दें कि उद्योगपति गौतम अडानी को इस रिपोर्ट से काफी नुकसान झेलना पड़ा है। वे दुनिया के अमीरों की सूची में भी टॉप 20 से भी नीचे आ गए हैं। वहीं, देश की विपक्षी पार्टियां भी इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश कर रही है।

### समिति गठित कर जांच की मांग

याचिका में सुप्रीम कोर्ट से हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट की जांच के लिए एक सेवानिवृत्त शीर्ष अदालत के न्यायाधीश की निगरानी में एक समिति गठित करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग की गई है। अधिवक्ता विशाल तिवारी ने मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का उल्लेख किया।

## संक्षिप्त खबर

### पीएम मोदी के दौसा दौरे से पहले मिले विस्फोटक

**जयपुर :** दौसा थाना सदर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को खान भांखरी रोड पर 10 क्विंटल विस्फोटक से भरी पिकअप जब्त कर व्यास मोहल्ला थाना कोतवाली निवासी चालक राजेश मीणा पुत्र लखमीचंद (57 साल) को गिरफ्तार किया है। एसपी संजीव नैन ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए जिले में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। गुरुवार को मुखबिर से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थों का जखीरा परिवहन किए जाने के बारे में सूचना मिलने पर सीओ कालूराम मीणा के सुपरविजन और थाना अधिकारी संजय पूनिया के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

### जडेजा ने लिये पांच विकेट ऑस्ट्रेलिया 177 पर सिमटा

**नागपुर :** चोट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे रविंद्र जडेजा के पांच विकेट से भारत ने पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया को 177 रन पर समेटने के बाद एक विकेट पर 77 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा। दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान रोहित शर्मा (नाबाद 56) क्रीज पर डटे हुए थे। दूसरे छोर पर रविचंद्रन अश्विन उनका साथ निभा रहे हैं जिन्होंने अभी खाता नहीं खोला है। भारत ने एकमात्र विकेट लोकेश राहुल (20) का गंवाया जो कप्तान के साथ पहले विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी करने के बाद दिन के अंतिम लम्हों में ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को उन्ही की गेंद पर कैच दे बैठे।

# पुरानी पेंशन योजना गलत : मोदी

■ राज्यसभा में पीएम ने राज्यों को किया खतरों से आगाह

एजेंसी। 9 फरवरी



राज्यसभा में बोलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस व अन्य विपक्ष दलों के शासन वाले कुछ राज्यों द्वारा पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल किए जाने पर चिंता जताई और आर्थिक तंगहाली का सामना कर रहे पड़ोसी मुल्कों का हवाला देते हुए उन्हें गलत रास्ते पर चलने से आगाह किया।

राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने इस मुद्दे का उल्लेख किया और राज्यों से कहा कि वे ऐसा कोई पाप ना करें, जो भावी पीढ़ी को उसके अधिकारों से वंचित कर दे। उन्होंने कहा, जिनको आर्थिक नीतियों की समझ नहीं है, सत्ता का खेल खेलना जिनके सार्वजनिक जीवन का काम है, उन्होंने अर्थ नीति को अनर्थ नीति में परिवर्तित कर दिया है। प्रधानमंत्री ने ऐसे राज्यों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह अपने राज्यों को समझाएं कि वे गलत रास्ते पर ना चले जाएं। हालांकि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान ओपीएस का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा, हमारे पड़ोस के देशों का हाल देख रहे हैं। वहां पर क्या हाल हुआ है। अनाप-शनाप कर्ज लेकर किस प्रकार देशों को बर्बाद किया गया है। आज हमारे देश में तत्काल लाभ के लिए ऐसा किया जाएगा तो आने वाली पीढ़ियों को इसका नुकसान होगा। वे अपने को तो तबाह कर ही देंगे, देश को भी बर्बाद कर देंगे। उन्होंने कहा कि दलों के बीच राजनीतिक और वैचारिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन देश की आर्थिक सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ऐसा कोई पाप मत कीजिए जो आपके बच्चों के अधिकारों को छीन ले। आज आप मौज कर लें और बच्चों के नसीब में बर्बादी छोड़कर चले जाएं...यह प्रवृत्ति बहुत चिंता का विषय है। देश की आर्थिक सेहत के लिए राज्यों को भी अनुशासन का रास्ता चुनना पड़ेगा। तभी जाकर राज्य भी इस विकास यात्रा का लाभ ले पाएंगे। उनके राज्य के नागरिकों का भला करने में हमें भी सुविधा हो जाएगी।

### शिबू सोरेन की तबीयत बिगड़ी, मेदांता में भर्ती



शिबू सोरेन

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन को सांस लेने में तकलीफ, फेफड़े में इंफेक्शन और किडनी में शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती किए गए हैं। उनका इलाज किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ अमित की देखरेख में चल रहा है। डॉ अमित ने बताया कि उन्हें किडनी की परेशानी और सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल लाया गया था। इमरजेंसी में एक से डेढ़ घंटे तक के लिए उन्हें ऑक्सीजन लगाया गया था। जिसके बाद उनकी स्थिति बहुत हद तक स्थिर हो गई।

## गवर्नर ने तीसरी बार लौटाया झारखंड वित्त विधेयक-2022

### विधि विभाग से मंतव्य लेने का सरकार को निर्देश

आवाज संवाददाता। 9 फरवरी



राज्यपाल रमेश बैस

**रांची :** झारखंड विधानसभा से पारित झारखंड वित्त विधेयक 2022 को राज्यपाल रमेश बैस ने तीसरी बार राज्य सरकार को लौटा दिया है। राज्यपाल ने यह कहते हुए राज्य सरकार को लौटाया है कि विधेयक में उल्लेखित बिंदुओं व विवरणों की गंभीरतापूर्वक समीक्षा करें कि यह संविधान की अनुसूची VII के तहत राज्य सूची में समाहित है अथवा नहीं। साथ ही विधेयक में बीमा अथवा अन्य प्रावधानों से संबंधित कोई विवरण संघ सूची अथवा समवर्ती सूची में तो सम्मिलित नहीं है? संविधान के अनुसूची VII के तहत संघ सूची-I के क्रम संख्या 47 में बीमा से संबंधित विषय का वर्णन किया गया है। राज्यपाल ने उपरोक्त बिन्दुओं पर राज्य सरकार को विधि विभाग से मंतव्य लेने की भी बात कहीं है। इससे पहले यह विधेयक पूर्व में भी दो बार राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए आया था। पहली बार हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण में विसंगतियों के कारण विधेयक को वापस कर दिया गया।

### झारखंड कैबिनेट में 25 प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

## राज्य के 20 मॉडल स्कूल बनेंगे आवासीय विद्यालय

आवाज संवाददाता। 9 फरवरी

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। इसमें 25 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। राज्य सरकार ने झारखंड के 20 मॉडल स्कूलों को आवासीय स्कूल में बदलने का निर्णय लिया है। साथ ही इन स्कूलों की सूची बनायी गयी है।

इसके अलावा राज्य में संचालित 203 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के शिक्षकेत्तर कमर्चारियों के मानदेय में 20 फीसदी बढ़ोत्तरी का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार के इस निर्णय से 1,234 शिक्षकेत्तर कमर्चारियों को लाभ मिलेगा। इसके लिए राज्य सरकार तीन करोड़ 53 लाख रुपये वहन करेगी। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव अजय कुमार सिंह ने फैसलों की जानकारी दी।

कैबिनेट की बैठक में पर्यटन स्थलों को पीपीपी मोड में डेवलप करने संबंधित प्रस्ताव पर मुहर लगायी गयी। बताया गया कि राज्य के पर्यटन स्थलों को पीपीपी मोड पर संचालित करने के लिए दिया जाएगा। चयनित एजेंसी पर्यटन स्थलों को डेवलप भी करेगी और उसे संचालित भी करेगी। साथ ही राज्य योजनामद में आने वाले इंटर प्रशिक्षित उर्दू शिक्षकों को गैर योजनामद में लाने का निर्णय लिया गया है। रांची स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के लिए एचइसी से ली गयी 647.08 एकड़ जमीन का जो बकाया राशि था, उसे देने पर स्वीकृति दी गयी है। इसके तहत 2,48,11,601 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

### मालडा के अर्धनिर्मित मकान से मिला महिला का कंकाल

**गिरिडीह :** जिले के गांवा के मालडा स्थित साहू टोला के समीप एक अर्धनिर्मित मकान से दो थानों की पुलिस ने युवती के शव का अवशेष बरामद किया है। गुरुवार की देर शाम पुलिस ने मालडा के अर्धनिर्मित मकान में जमीन खोद कर शव के अवशेष को निकाला है। युवती की पहचान मालडा के ही आजुमंद बानो की बताई जा रही है। मृतका मालडा निवासी मो. मोईजम की बेटी थी, और मालडा के ही एक युवक मनीष बरनवाल से प्रेम विवाह की थी। इधर शव मिलने से पूरे मालडा में हड़कप मच गया और काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। मामला चूंकि दो समुदाय से जुड़ा था, तो मालडा में कुछ पल के लिए तनाव का माहौल बन गया। लेकिन गांवा थाना प्रभारी पिंटू कुमार और पचंबा थाना प्रभारी मुकेश दयाल सिंह ने हालात को देखते हुए वहां भारी सख्या में पुलिस जवानों की तैनाती कर दी। मृतका के पिता ने बेटी के पति समेत उसके पूरे परिवार पर हत्या का आरोप लगाया है।

## घूस लेते पकड़ा गया धनबाद का खाद्य सुरक्षा अधिकारी

■ साथ में दलाल भी गिरफ्तार एसीबी ने की कार्रवाई

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी



गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस

**धनबाद :** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गुरुवार को धनबाद के जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अभिषेक आनंद को एक नमकीन चनाचूर बनाने वाली फैक्ट्री के मालिक से बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी ने जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के साथ उसके एक दलाल रामपति तिवारी को भी दबोचा है। बताया जाता है कि जिला खाद्य पदाधिकारी इस दलाल के माध्यम से फूड फैक्ट्रियों, खाने-पीने की सामग्री बनाने वाली अन्य फैक्ट्रियों व होटलों से वसूली का धंधा करता था। इस भ्रष्ट लोकसेवक की गिरफ्तारी के संबंध में एसीबी के डीएसपी नितिन खंडेलवाल ने बताया कि हरिहरपुर थाना क्षेत्र बैता रोड में गुप्ता फूड प्रोडक्ट के नाम से नमकीन चनाचूर बनाने वाली फैक्ट्री के मालिक रुपेश गुप्ता ने ब्यूरो में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी फैक्ट्री के लाइसेंस रिन्यूवल के लिए जिला खाद्य पदाधिकारी अभिषेक आनंद और उनका दलाल रामपति तिवारी उनसे 80 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे हैं। जबकि उन्होंने अपनी फैक्ट्री के लाइसेंस के रिन्यूवल के लिए पिछले साल 1 दिसंबर को ही ऑनलाइन आवेदन किया था। इस शिकायत के सत्यापन के बाद हरकत में आई एसीबी की टीम ने गुरुवार को अपना जाल बिछाया और रुपेश गुप्ता के माध्यम से पकड़ा।

नयनश्री नेत्रालय
आंखों का संपूर्ण इलाज
O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक
Dr. Gurcharan Singh
Call: 7707013096

## इन दिनों...

पाकिस्तान में छाई भुखमरी!!




दे दे अल्लाह के नाम पर !!

## केवल एक जहाज में 400 टन सोना भारत से लूटकर ले गए थे अंग्रेज

■ जर्मन लेखिका बोली, भारत ब्रिटेन से हर्जाने का दावा

एजेंसी। 9 फरवरी

**नई दिल्ली :** गुलामी के दौर में भारत की अथाह संपत्तियां लूटी गईं। मुगल हों या अंग्रेज विदेशी आक्रांता अरबों मूल्य की संपत्तियां लूटकर अपने देश ले गए। इस लूट का जिक्र कई किताबों एवं अभिलेखों में मिलता है। भारत से स्वर्ण (सोने) की लूट की एक बड़ी घटना का जिक्र जर्मनी की लेखिका मारिया रिथ ने अपने ब्लाग में किया। रिथ ने अपने ब्लाग में अलग-अलग स्रोतों का हवाला देकर भारत में अंग्रेजों के अत्याचार और उनकी लूट का ब्यौरा दिया है।

### 'लूट की वारदात का जिक्र अभिलेखागारों में दर्ज'



अंग्रेजों की लूट कितनी बड़ी होती थी यह बताने के लिए उन्होंने एक स्रोत के हवाले से कहा है कि अंग्रेज भारत से 800,000 पाउंड जो कि करीब 400 टन था, केवल एक जहाज में भरकर ब्रिटेन ले गए। रिथ का कहना है कि लूट की इस घटना का जिक्र अभिलेखागारों में दर्ज है। वह कहती हैं कि सोने की इतनी मात्रा कई देशों के स्वर्ण भंडार से अधिक है। रिथ ने पूछा है कि इस अत्याचार और लूट के लिए ब्रिटेन को क्या भारत को हजार्ना नहीं देना चाहिए?

### कई स्रोतों पर आधारित है यह लेख

'ब्रिटिश लूट ऑफ इंडिया, शुड इंडिया नॉट डिमांड रिपारेशन्स' नाम से लिखे ब्लाग में रिथ ने कहा है कि उनका यह लेख कई स्रोतों पर आधारित है। तीन अंशों के इस लेख में कई स्क्रीनशॉट्स एवं लिंक्स हैं। रिथ के मुताबिक इन स्रोतों पर आगे रिसर्च किया जा सकता है और न्याय पाने में इनसे मदद मिल सकती है। रिथ ने आगे कहा है कि भारत में एक तबका ऐसा भी है जो ब्रिटिश शासन की प्रशंसा करता है। हालांकि रिथ का मानना है कि अंग्रेजों के अत्याचार नाजियों की तरह थे। इसलिए अंग्रेजों की जो परोपकारी छवि है गढ़ी गई है उसे बदला जाना चाहिए।

### आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने हलफनामा में सुप्रीम कोर्ट को बताया

## मुस्लिम महिलाएं मस्जिद में पढ़ सकती हैं नमाज

■ कहा, अपने अधिकारों के इस्तेमाल के लिए हैं स्वतंत्र

एजेंसी। 9 फरवरी

**नई दिल्ली :** आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने (एआईएमपीएलबी) मुस्लिम महिलाओं के मस्जिद में नमाज पढ़ने को लेकर हलफनामा दाखिल किया। पर्सनल लॉ बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मुस्लिम महिलाओं को मस्जिद में नमाज पढ़ने की इजाजत है। बोर्ड ने कोर्ट को बताया कि मुस्लिम महिलाएं नमाज अदा करने के लिए मस्जिद में जाने को स्वतंत्र हैं। यह उन पर निर्भर करता है कि वह अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहती हैं।



### क्या कहा गया है सुप्रीम कोर्ट में दिये हलफनामे में

वकील के जरिए जमा किए गए हलफनामे में पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा है कि मस्जिदें पूरी तरह से निजी संस्थाएं हैं और इन्हें मस्जिदों के मुत्तवली की ओर नियंत्रित किया जाता है। इसमें बोर्ड के बारे में जानकारी देते हुए कहा गया है कि एआईएमपीएलबी विशेषज्ञों की एक संस्था है और इसके पास कोई ताकत नहीं है। संस्था सिर्फ इस्लाम के धार्मिक ग्रंथों में बताए सिद्धांतों के आधार पर अपनी सलाह जारी कर सकती है।

### क्या है मामला

पुणे की फरहा अनवर हुसैन शेख ने साल 2020 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में भारत की मस्जिदों में मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश पर कथित रोक को असंवैधानिक बताते हुए अदालत से इस पर निर्देश देने की मांग की थी। इसी याचिका पर कोर्ट ने जवाब मांगा था। सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला और अन्य मामलों से जुड़ी ऐसी ही याचिका 9 जजों की संविधान पीठ के सामने लंबित है। फरहा शेख ने अपनी याचिका को भी 9 जजों की पीठ के सामने जोड़ने की अपील की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इससे इनकार कर दिया था। पीठ ने कहा था कि उनका मामला संविधान पीठ के पास नहीं जाएगा।

## संक्षिप्त खबर

### बीएससी योगिक साइंस का परीक्षा फॉर्म 13 फरवरी तक होगा जमा

**रांची।** आरयू में बीएससी योगिक साइंस सेकेंड (सेशन 2020-23) और थर्ड सेमेस्टर (सेशन 2021-24) का एग्जाम फार्म जमा करने की तिथि घोषित कर दी गई है। 13 फरवरी तक ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड में फॉर्म जमा होगा। वहीं चार सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ 15 फरवरी तक जमा होगा। अमानत कोर्स (सेशन 2021-22) का एग्जाम फॉर्म जमा करने की तिथि घोषित कर दी गई। 10 फरवरी तक ऑफलाइन मोड में फॉर्म जमा होगा।

### दफादार-चौकीदार के वेतन के लिए 71.20 करोड़ आवंटित

**रांची।** चौकीदार-दफादारों को तीन माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। बकाए वेतन की मांग को लेकर चौकीदारों ने विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद सरकार के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का ने दफादार-चौकीदारों के वेतन भुगतान के लिए 71.20 करोड़ रुपये आवंटित किया है।

बताया जाता है कि पिछले तीन महीनों से 24 जिलों के चौकीदारों को उनके वेतन का भुगतान नहीं किया गया है।

### हाई कोर्ट ने रांची हिंसा मामले के आरोपित को नहीं दी जमानत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में गुरुवार को रांची में 10 जून, 2022 को हुई हिंसा के आरोपित इरफान अंसारी उर्फ जुबेर आलम को जमानत देने से इनकार कर दिया। इरफान ने झारखंड हाई कोर्ट में नियमित जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने जमानत अर्जी पर सरकार और आरोपित का पक्ष सुनने के बाद जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरोपित इरफान 25 जुलाई, 2022 से न्यायिक हिरासत में है।

### साहिबगंज में कल कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे की जनसभा

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का साहिबगंज जिले में 11 फरवरी को जनसभा प्रस्तावित है। बड़हरवा के श्रीकुंड हाईस्कूल मैदान में उनका कार्यक्रम होगा, जिसमें हजारों कार्यकर्ता जुटेंगे। इसकी जानकारी झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तनवीर आलम ने दी।

### केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए आईपीएस अखिलेश वारियर

**रांची।** आईपीएस अखिलेश वारियर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गये हैं। वह झारखंड कैडर के 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। राज्य सरकार ने उन्हें विरमित कर दिया है। अखिलेश वारियर पिछले साल ही दो साल की स्टडी लिव से वापस लौटे थे। राज्य सरकार के द्वारा विरमित किये जाने के बाद आईपीएस अखिलेश वारियर पीएमओ के अधीन आने वाले एनटीआरओ में एनालिस्ट के पद पर योगदान दिया है। केंद्र सरकार ने अखिलेश वारियर को जल्द से जल्द विरमित करने के लिए झारखंड सरकार को पत्र भेजा था। इसके बाद उन्हें विरमित कर दिया गया।

### झारखंड हाई कोर्ट ने टिस्को को किया नोटिस

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में गुरुवार को पश्चिम सिंहभूम के नोआमुंडी इलाके के ग्रामीणों की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने टिस्को को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई तीन सप्ताह के बाद होगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने पैरवी की। सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि नोआमुंडी में बिना भूमि अधिग्रहण के पहले तो जैतगढ़-नोआमुंडी सड़क बना दिया गया।

# जी-20 समिट के लिए रांची को दो हफ्ते में चकाचक करने का फरमान

**आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी**




**रांची।** झारखंड की राजधानी में मार्च के पहले सप्ताह में जी-20 की बैठक प्रस्तावित है। इसमें नामी-गिरामी हस्तियां रांची आयेंगी। इसको लेकर राज्य के वरिष्ठ अधिकारी लगातार बैठकें कर अधीनस्थों को दिशा-निर्देश दे रहे हैं।

इसी कड़ी में नगर निगम ने साफ-सफाई को लेकर कई दिशा-निर्देश जारी किये हैं। नगर उपायुक्त शशि रंजन ने आने वाले 15 दिन के अंदर शहर को चकाचक करने का फरमान जारी किया है। साथ ही इसमें कोई लापरवाही ना करने का दिशा-निर्देश भी दिया है।

नगर आयुक्त शशि रंजन ने कहा है कि सभी प्रतिनिधियों की सुरक्षा में लापरवाही ना हो और सड़क मार्ग पर भी किसी प्रकार की कोई गंदगी नहीं दिखनी चाहिए। बताया जाता है कि समिट में आए अतिथि दो हजार जवानों के सुरक्षा घेरे में रहेंगे। नगर निगम पूरे शहर का कायाकल्प करने में जुटा है। एयरपोर्ट से बिरसा चौक होते हुए होटल रेडिसन ब्लू जाने वाले रास्ते चकाचक होंगे।

जी-20 के अधिकारी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हिनू चौक होते हुए बिरसा चौक होते हुए सीधा होटल रेडिसन ब्लू पहुंचेंगे। इस रास्ते के डिवाइडर का रंग रोगन किया जा रहा है। रास्ते में पड़ने वाली दीवारों को भी खूबसूरत पेंटिंग से रंगा जा रहा है। साथ ही बिजली के तार दुरुस्त होंगे। अरगोड़ा चौक-हिंदुस्तानी ढाबा के पास वर्टिकल गार्डन बनेगा।

एयरपोर्ट से बिरसा चौक तक एयरपोर्ट की बाउंड्री पर झारखंड की कला संस्कृति को पेंटिंग से दिखाया जायेगा। चौक-चौराहे पर भी सौंदर्यीकरण किया जायेगा। एयरपोर्ट से हिनू चौक तक रोड के किनारे झाड़ी है और बिजली के तार लटके हैं। उसे हटाने के लिए भी कहा गया है। इस रास्ते में कोई भी वाहन और रोड पर दुकान लगाने पर अच्छा खासा जुर्माना वसूला जायेगा।

डीसी राहुल सिन्हा ने बताया कि सुरक्षा में कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। इसके लिए विशेष रणनीति बनायी जा रही है। उन्होंने अगले 20 दिनों के अंदर पूरे शहर का कायाकल्प करने का निर्देश जारी किया है।

## बिहार-झारखंड में वांटेड 15 लाख इनामी नक्सली ने किया सरेंडर

**आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी**

**रांची।** बिहार-झारखंड में वांटेड 15 लाख इनामी नक्सली अभ्यास भुइयां ने सरेंडर कर दिया है। अभ्यास भुइयां ने गुरुवार को गया पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। उसके ऊपर झारखंड सरकार ने 15 लाख और बिहार सरकार ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। अभ्यास भुइयां भाकपा माओवादी के रीजनल कमेटी का सदस्य है। पुलिस को लंबे अरसे से इसकी तलाश थी। उक्त नक्सली ने शहर के रामपुर थाना क्षेत्र स्थित सीआरपीएफ 159 बटालियन के प्रांगण में सीआरपीएफ के कमांडेंट कुमार मयंक एवं गया के एसएसपी आशीष भारती के समक्ष सरेंडर किया। इस दौरान अभ्यास भुइयां ने अपने साथ एक रायफल और 925 जिंदा कारतूस पुलिस को सौंपा।

**चतरा जिले का रहने वाला है अभ्यास**

अभ्यास भुइयां मूल रूप से झारखंड के चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। साल 2003 में ही वह नक्सली संगठन से जुड़ गया था। वर्ष 2015 में उसे रीजनल कमांडर बनाया गया। वह बिहार-झारखंड में दर्जनों लूट, हत्या जैसे कांडों को अंजाम दे चुका है।

झारखंड सरकार द्वारा इसके ऊपर 15 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। वहीं बिहार में भी इसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। कुछ दिन पहले यह सीआरपीएफ जिला पुलिस के संपर्क में आया और उसने सरेंडर करने की बात कही।

### हाई कोर्ट से पीएलएफआई के एरिया कमांडर को मिली जमानत

**आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस अम्बुज नाथ की खंडपीठ में गुरुवार को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर जेठा कच्छप की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने जेठा कच्छप को जमानत दे दी। जेठा कच्छप की ओर से अधिवक्ता सुजय दयाल ने अदालत में पक्ष रखा।

उल्लेखनीय है कि जेठा कच्छप को रांची सिविल कोर्ट ने आर्म्स एक्ट के केस में दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। जेठा के ऊपर खूंटी और रांची के अलग-अलग थानों में कई मामले दर्ज हैं। फिलहाल, वह न्यायिक हिरासत में है।

### कोविड-19 संक्रमण से दस मृत व्यक्तियों के परिजनों को मिलेगा पांच लाख

**रांची।** रांची जिला में कोविड-19 संक्रमण से दस मृत व्यक्तियों के परिजनों को पांच लाख की सहायता अनुदान राशि का भुगतान किया जायेगा। गुरुवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। कोविड-19 संक्रमण से मृत व्यक्तियों के परिजनों को राज्य आपदा मोचन निधि से प्रत्येक अश्रित को 50 हजार रुपए की दर से कुल 10 मृतकों के आश्रितों को पांच लाख रुपये सहायता अनुदान राशि भुगतान का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

## लॉ की जानकारी देने के लिए पुलिस पर्सन की प्रतिमाह हो रही है ट्रेनिंग

**आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी**

- **आईजी प्रोबेशन ने हाई कोर्ट में दी जानकारी**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को नीलम चौबे की हेबियस कार्पस (बन्दी प्रत्यक्षीकरण) पर गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में आईजी प्रोबेशन की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर कहा गया कि लॉ की जानकारी के लिए पुलिस पर्सन का रेगुलर बेसिस पर प्रतिमाह ट्रेनिंग हो रहा है, जो लगातार चलेगा।

कोर्ट कह चुका है कि आरोपित को पुलिस ने छोड़ दिया है। इसलिए अब हेबियस कार्पस खत्म हो चुका है। कोर्ट इस बात की मॉनिटरिंग कर रहा था कि पुलिस अनुसंधान में जो त्रुटियां हैं, उसे दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। कोर्ट ने आईजी प्रोबेशन को जवाब देते हुए मामले को निष्पादित कर दिया।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता हेमंत सिकरवार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि क्या पुलिस कर्मियों की ट्रेनिंग हो रही है या यह सिर्फ कागजों पर है।

प्रत्येक माह राज्य के पुलिस कर्मियों को अनुसंधान से संबंधित सटीक जांच करने, आईपीसी एवं सीआरपीसी की धाराओं की जानकारी देने आदि के बारे में ट्रेनिंग कराए जाने का दिशा निर्देश हाई कोर्ट ने दिया था। रेगुलर बेसिस पर इन पुलिस कर्मियों की ट्रेनिंग हो रही है या नहीं, इसे शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को बताने को कहा था।

यह मामला मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा बोकारो से एक लॉ के छात्र को गिरफ्तार कर ले जाने जाने से संबंधित है।

## लातेहार में भारी मात्रा में नक्सलियों के हथियार और गोला बारूद बरामद

**आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी**



**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरूम खेता जंगल में गुरुवार को जिला पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने छापामारी कर हथियार और गोला बारूद बरामद किया। बरामद हथियारों में एक कार्बाइन, दो राइफल, 33 जिंदा गोली, 4 केन बम, दो कुकर बम समेत अन्य सामान शामिल है। बरामद सभी बम को बम निरोधक दस्ते के द्वारा जंगल में ही विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया गया।

मामले की जानकारी देते हुए सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद ने बताया कि कमांडेंट को गुप्त सूचना मिली थी कि मनिका थाना क्षेत्र के कुरूम खेता जंगल के इलाके में नक्सलियों के द्वारा हथियार और विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखे गए हैं। सूचना के बाद सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी के निर्देश पर सीआरपीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर नक्सलियों के खिलाफ छापामारी अभियान की गई। इस दौरान जंगल में एक जगह सुरंग नुमा गड्ढे में छुपा कर रखे गए हथियार और आईईडी बम बरामद हुए।

## शहीद तेलंगा खड़िया की 117वीं जयंती मनाई गई

# शहीद के अरमानों का शोषण मुक्त नया झारखंड बनाना है : भुवनेश्वर

**आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी**

- **पूंजीवाद साम्राज्य के खिलाफ जबरदस्त संघर्ष किया था तेलंगा खड़िया : पुष्कर महतो**



**रांची।** खडिया महासभा के तत्वावधान में आज देश के महान स्वतंत्रता संग्राम के शहीद तेलंगा खडिया की 117वीं जयंती समारोह लोवडीह स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर-के मनायी गयी।

इस मौके पर बतौर अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने सर्वप्रथम सहित तेलंगा खड़िया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके क्रांतिकारी पथ पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि 9 फरवरी 1806 ईसवीं में जन्मे शहीद तेलंगा खड़िया ने ब्रिटिश हुकूमत के शोषण जुल्म दमन व पूंजीवाद साम्राज्य के खिलाफ जबरदस्त संघर्ष किया और देश के स्वतंत्रता के संघर्ष में अग्रणी भूमिका अदा की थी। आज भी हमें दिकू जैसे पूंजीवाद साम्राज्य के खिलाफ एक संघर्ष व शहादत की आवश्यकता है।

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा अनुशासन समिति के अध्यक्ष व मजदूर नेता भुवनेश्वर केवट ने कहा कि शहीद तेलंगा खड़िया के अरमानों का शोषण मुक्त नया झारखंड बनाना है। शोषण जुल्म अन्याय के खिलाफ तेलंगा खड़िया ने जो संघर्ष किए थे उसे मंजिल तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम के संयोजक एवं स्थानीय पार्षद कुलभूषण डुंग डुंग ने कहा कि शहीद तिरंगा खड़िया हमारे आदर्श हैं। जिन्होंने देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देकर हमें आजाद भारत के संघर्ष के नीव को प्रागढ़ की है। हर रूप में तेलंगा खड़िया का जीवन आदर्श एवं अनुकरणीय है।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व आईपीएस एवं रांची खड़िया महासभा के अध्यक्ष अन्जलूस इंदवार व धन्यवाद ज्ञापन मंगला कुल्लू ने की। कार्यक्रम में अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के सच्ची वासुदेव भगत खड़िया समाज के सोमरा पहान, फा अजय सोरेंग, सीता टेटे रीमा कुल्लू सीतामणि टेटे, भादो खड़िया, राजू कुजुर, रोमियो लोहरा, बिशुन कुजूर, अनिमा बा, बेर्णादिक डुंगडुंग, बुध देव खड़िया सहित अन्य ने शहीद तेलंगा खड़िया अमर रहे का नारा बुलंद किए।

### मुख्यमंत्री से एनसीसी के महानिदेशक ने की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जीपी सिंह ने मुलाकात की। इस दौरान एडीजी एनसीसी बिहार-झारखंड मेजर जनरल अमनदीप सिंह बजाज उपस्थित थे।

### मानवाधिकार आयोग ने जेल में कैदी की मौत पर डीसी से मांगी जांच रिपोर्ट

**रांची।** खेलगांव थाना स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद विचाराधीन कैदी बाबू जन सिंह की मौत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि मानवाधिकार आयोग ने मामले में रांची डीसी से जांच रिपोर्ट मांगी है। आयोग द्वारा रिपोर्ट तलब किए जाने के बाद रांची डीसी ने रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त को पत्र लिखकर आग्रह किया है। इसमें कैदी बाबू जन सिंह की मौत की न्यायिक दंडाधिकारी से जांच करवाने की मांग की गई है। साथ ही जांच रिपोर्ट एक मार्च से पहले देने की बात भी कही गयी है, जिससे मानवाधिकार आयोग के समक्ष रिपोर्ट पेश की जा सके। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में विचाराधीन कैदी की न्यायिक हिरासत में मौत हो गई थी। इसके बाद उसके परिजनों ने इस घटना की जांच की मांग की है।

### अमित और राजीव ने ईडी कोर्ट से मांगा समय

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में गुरुवार को पीआईएल मैनेज करने के एवज में कैश लेने के मामले में सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 22 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान इस केस से जुड़े दोनों आरोपित व्यवसायी अमित अग्रवाल और झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार ने अदालत से डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया। व्यवसायी अमित अग्रवाल की तरफ से अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने अदालत में पक्ष रखा। अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से रांची सिविल कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता शंभु अग्रवाल ने पक्ष रखा। ईडी ने पीआईएल मैनेज करने से जुड़े केस में कांड संख्या ईसीआईआर 05/2022 दर्ज की है। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी कोर्ट में उपस्थित थे।

### कांग्रेस विधायक दीपिका के मामले में सरकार विस्तृत रिपोर्ट पेश करे : हाई कोर्ट

**रांची।** कांग्रेस की विधायक दीपिका पांडेय सिंह की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार को विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। दीपिका पांडेय की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में सुनवाई हुई। अब हाईकोर्ट इस मामले में 27 फरवरी को सुनवाई करेगा। तब तक हाईकोर्ट ने दीपिका पांडये के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार दिया है। कांग्रेस की विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने के लिए झारखंड हाई कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया है। उनके खिलाफ गोड्डा जिले के मेहराम थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी गौतम कश्यप ने मारपीट करने और सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। दीपिका पाण्डे के द्वारा दाखिल याचिका में कहा गया कि उनके खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई की गई है और प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसलिए उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी निरस्त की जाए।

### झारखंड हाई कोर्ट पहुंचा गॉलब्लेडर के ऑपरेशन के बाद युवक की मौत का मामला

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में गॉलब्लेडर के ऑपरेशन के बाद 30 वर्षीय युवक की हालत बिगड़ने पर मौत मामले में हत्या की एफआईआर को निरस्त करने को लेकर स्टैनफोर्ड अस्पताल, देवघर के डॉक्टर प्रशांत कुमार गुप्ता की याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 फरवरी निर्धारित की। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट में दलील दी गई कि युवक सुदीप कुमार सिंह की मौत का मामला ना तो मर्डर का है और ना ही मेडिकल नेगलिजेंस का है। इसलिए इसे लेकर दर्ज हत्या की प्राथमिकी को निरस्त किया जाए। मामले के सूचक मृतक के पिता कल्याण कुमार सिंह की ओर से कहा गया कि यह सुदीप कुमार की हत्या का मामला है। डॉ. प्रशांत कुमार गुप्ता ने उसके बेटे का गॉलब्लेडर का ऑपरेशन किया था। आनन-फानन में हालत बिगड़ने पर उसे रिम्स रेफर कर दिया गया था। रिम्स जाते समय रास्ते में ही सुदीप कुमार सिंह की मृत्यु हो गई थी। यह मामला 7 जून, 2021 का है। सूचक की ओर से यह भी कहा गया अस्पताल के लोगों ने मृतक सुदीप के सारे दस्तावेज गायब भी करा दिया। मामले को लेकर देवघर टाउन थाना में कांड संख्या 294/ 2021 दर्ज किया गया है। पूर्व में कोर्ट ने डॉ. प्रशांत कुमार के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है।

### रांची में अवैध शराब की ट्रांसपोर्टिंग पर अब पुलिस की रहेगी 24 घंटे नजर

**रांची।** रांची में अवैध शराब की ट्रांसपोर्टिंग पर पुलिस अब 24 घंटे नजर रखेगी। इसको लेकर जिले के सीमा क्षेत्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर जिले के पांच सीमा क्षेत्रों पर 1/9 पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। ये पुलिस के जवान मुख्य सड़कों से होकर गुजरने वाले ट्रक और टैंकर पर 24 घंटे निगरानी रखेंगे। एसएसपी ने चान्हो, तमाड़, ओरमांझी, तुपुदाना और बेड़ो थाना प्रभारी को निर्देश दिया है कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में चेक पोस्ट पर पुलिस अधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने के लिए रोस्टर तैयार करेंगे। साथ ही प्रत्येक दिन अथवा निर्धारित समय के लिए अपने थाना से पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करेंगे। इसमें रांची-हजारीबाग रोड में ओरमांझी, रांची-डाल्टेनगंज रोड में चान्हो, रांची-बहरागोड़ा रोड में तमाड़, बेड़ो-गुमला रोड में बेड़ो शामिल हैं।

# गंदगी से बजबजा उठा धनबाद, हड़ताली रोज उड़ा रहे दावत

- दूसरे दिन भी हड़ताल पर डटे रहे निगमकर्मी
- हड़ताल सह भोज में ठेका मजदूर भी हुए शामिल

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी

**धनबाद।** नगर आयुक्त पर झमाडा आश्रितों द्वारा कथित हमले के विरोध में नगर निगमकर्मियों का बेमियादी हड़ताल गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इस हड़ताल के कारण दो दिनों से शहर की सफाई समेत निगम के अन्य कामकाज भी ठप पड़े हुए हैं। निगम कार्यालय बंद होने के वजह से राजस्व संग्रह सहित जैसे जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का काम भी बंद है।


गंदगी


भोज

निगम द्वारा संचालित बिरसा मुंडा पार्क और रणधीर वर्मा स्टेडियम स्थित वॉकिंग गार्डन भी आमजनो के लिए बंद हो चुका है। हड़ताल के कारण वार्डों की सफाई में लगी प्राइवेट कंपनियों के कर्मचारी भी कूड़ा उठाव से खुद को अलग रखे हुए हैं। शहर के सभी वार्डों में कूड़े के अंबार लगने शुरू हो गए हैं। कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों के चक्कों को जाम कर दिया गया है। उधर, हड़ताली निगम कर्मियों के लिए दफ्तर परिसर में दोपहर के भोजन का इंतजाम किया जा रहा है। इस इंतजाम में निगम के कई ठेकेदार लगे हुए हैं। हड़ताल में शामिल निगमकर्मियों को निगम के ट्रैक्टर पर लादकर निगम मुख्यालय लाया जा रहा है। पिछले दो दिनों से चल रहे इस हाई-वोल्टेज ड्रामे में शहर की आम जनता बेवजह पिस रही है। जबकि पिछले 353 दिनों से निगम मुख्यालय के बाहर धरने पर बैठे झमाडा के मृत कर्मचारियों के आश्रितों और नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार के बीच चल रही इगो की लड़ाई में आमलोग झुलस रहे हैं। जब पत्रकारों ने नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार से पूछा कि यह हड़ताल कब खत्म होगी तो उन्होंने टका सा जवाब दिया कि 'यह तो हड़ताल करने वाले ही जानें।' हालांकि नगर आयुक्त द्वारा हड़तालियों से वार्ता करने की अबतक कोई पहल नहीं की गई है। इस बीच, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री एके झा ने इस मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने के कहा कि निगम के अधिकारी जान-बूझकर सरकार को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झमाडा आश्रितों की समस्याओं का निराकरण जल्द होना चाहिए।

**निगम परिसर बना हड़तालियों का पिकनिक स्पॉट**

निगमकर्मी भले ही हड़ताल पर हैं लेकिन उनके सुख-सुविधाओं का यहां पूरा ध्यान रखा जा रहा है। हड़ताल के पहले दिन हड़ताली कर्मियों के बीच दोपहर को खिचड़ी परोसी गई तो गुरुवार को चावल-दाल के साथ सब्जी, पापड़ और चटनी परोसी गई। सूत्रों की मानें तो शनिवार को यहां हड़ताली कर्मियों को मछली परोसे जाने की तैयारी है। ऐसे में सवाल उठता है कि इस पूरे भोज वाले हड़ताल का खर्च कौन वहन कर रहा है?

# सिंह मेंशन और रघुकुल घरानों के बीच फिर बिछ रही है खूनी बिसात

- कोयला नगरी के एकबार फिर रक्तरंजित होने के मिलने लगे संकेत
- रंजय सिंह की हत्या के कुछ ही दिनों बाद हुई पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार हत्याएं

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी



**धनबाद।** कोयले के कारोबार में वर्चस्व को लेकर सिंह मेंशन और रघुकुल के बीच फिर से खूनी बिसात बिछने लगी है। विगत बुधवार को केंदुआडीह थाना के सामने से कुर्मीडीह निवासी दिलीप महतो को उठाकर रघुकुल ले जाकर उसकी पिटाई करने के बाद छोड़ दिया गया। यह घटना दोनों ही घरानों के बीच पिछले एक दशक से चल रहे खूनी संघर्ष की आशंकाओं को बल दे रहा है। हालांकि इस मामले में थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई है। इस बीच शहर में चर्चा है कि एक बार फिर से दोनों ही घरानों के बीच तलवारें खिंच चुकी हैं। निकट भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। पिछले करीब एक दशक से दोनों ही घराने वैध-अवैध कोयले के कारोबार से मोटी कमाई को लेकर आपस में भिड़ते रहे हैं। इस खूनी जंग में झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह के करीबी रंजय सिंह को अपनी जान गंवानी पड़ी है। वर्ष 2016 में झरिया के एना कोलियरी स्थित सद्भाव आउटसोर्सिंग कंपनी में वर्चस्व स्थापित करने को लेकर संजीव सिंह के करीबी रंजन सिंह और उसके समर्थकों का सामना पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह व उसके भाई डिप्टी मेयर एकलव्य सिंह से हुआ था। रंजय को एकलव्य ने थप्पड़ जड़ा था। उस समय झरिया के विधायक संजीव सिंह थे। तब रंजय के साथ काफी संख्या में उसके समर्थक भी मौजूद थे। खबर पाकर जब नीरज सिंह अपने समर्थकों के साथ वहां पहुंचे तो रंजय ने हवाई फायरिंग शुरू कर दी। नीरज सिंह ने मामले को किसी तरह रफादफा कर दिया। इस घटना के कुछ ही महीने बाद वर्ष 2017 के जनवरी में रघुकुल आवास के निकट रंजय सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्या का आरोप नीरज सिंह के मौसेरे भाई हर्ष सिंह सहित नीरज के करीबी नंद किशोर सिंह उर्फ मामा पर लगा। उसके कुछ ही दिनों बाद मार्च, 2017 को नीरज सिंह समेत उनके चार साथियों की सरायढेला के सिंह मेंशन के निकट गोली मारकर हत्या कर दी गई। इन हत्याओं का आरोप संजीव सिंह और उनके समर्थकों पर लगा। जिसमें संजीव सिंह समेत रंजय सिंह के भाई संजय सिंह समेत अन्य को जेल भेज दिया गया। संजीव सिंह और संजय सिंह सहित कई अन्य अभी भी जेल में बंद हैं। लेकिन इस हत्या के गवाह अब बारी-बारी से अदालत में मुकरने लगे हैं। चर्चा तो यह भी है कि संजीव सिंह और संजय सिंह समेत अन्य लोग जल्द ही जेल से छूटने वाले हैं। ऐसे में दोनों ही घरानों के बीच बंदूकें एकबार फिर से गरजने लगी हैं। क्यों पिछले दिनों तिसरा थाना के सामने सिंह मेंशन के समर्थक अविनाश सिंह उर्फ सोनू को गोली मार दी गई। वह अभी दुर्गापुर में इलाजरत हैं। इस मामले में झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के देवर एकलव्य सिंह समेत कई अन्य पर एफआईआर भी दर्ज है।

# धनबाद रेलवे स्टेशन की सख्त हुई सुरक्षा

- लगेज स्कैनर करने लगे काम, व्हेकिल स्केनिंग भी जल्द होगी शुरू
- धनबाद रेलवे स्टेशन प्रवेश द्वार का लगेज स्कैनर पर जवान तैनात
- सभी यात्रियों के सामानों का स्कैन कर दिया जा रही स्टेशन में इंट्री

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी



**धनबाद।** आवाज में गुरुवार को छपी खबर 'आतंकी, नक्सली दे सकते हैं बड़ी घटना को अंजाम' प्रकाशित होने के बाद रेलवे सुरक्षा बल हरकत आ गया है। गुरुवार को धनबाद रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर लगे लगेज स्कैनर की मॉनिटरिंग के लिए आरपीएफ जवानों की तैनाती कर दी गई। जबकि यह लगेज स्कैनर बिना किसी निगरानी में स्टेशन के मेन गेट पर सजावट का सामान बन गया था। जिसके कारण यात्री अपने लगेज को बिना स्कैन किये ही प्लेटफार्म और ट्रेनों तक पहुंच रहे थे। 'आवाज' में यह खबर प्रमुखता से प्रकातिशत होने

**आवाज इंपैक्ट**

के बाद आरपीएफ कमांडेंट सैयद सरफराज अहमद ने इसे गंभीरता से लिया और लगेज स्कैनर पर आरपीएफ जवानों को तैनात कर दिया।साथ ही उन्होंने निर्देश भी दिया है कि किसी भी यात्री को बिना उसका लगेज स्कैन किये स्टेशन परिसर में प्रवेश की इजाजत नहीं होगी। कमांडेंट के आदेश के बाद मुख्य द्वार पर गुरुवार को आरपीएफ जवान तैनात हो गए। आरपीएफ कमांडेंट ने सर्कुलेटिंग एरिया में लगे व्हीकल स्कैनर को भी जल्द ही दुरुस्त कर उसे चालू करने की बात कही है।




# थापरनगर में मॉडर्न फ्यूल्स से भारी मात्रा में कोयला जब्त



आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी

**निरसा।** बुधवार की देर रात निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत थापरनगर स्थित मॉडर्न फ्यूल्स भट्ठा में गुप्त सूचना के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में टीम द्वारा औचक छापामारी कर लगभग 60 टन कोयला जब्त किया गया। कई दिनों से वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद को यह सूचना मिल रही थी कि उक्त भट्ठे में अवैध कोयले के कारोबार का संचालन जोर शोर से हो रहा है। इसके बाद टीम गठित कर छापामारी की गई जिसमें अवैध कोयला बरामद हुआ। छापामारी के बाद टीम द्वारा इसकी सूचना सीआईएसएफ व ईसीएल सुरक्षा टीम को दी गई। टीम ने पहुंचते ही कोयला जब्त कर ईसीएल को सुपुर्द कर दिया। निरसा पुलिस मामले की जांच कर संबंधित भट्ठा मालिक व संचालक पर प्राथमिकी दर्ज करेगी।

### लोदना और कालूबथान से 24 टन कोयला पकड़ाया

**अलकडीहा/कालूबथान।** लोदना क्षेत्र संख्या 10 की सीआईएसएफ टीम ने जिनागोरा एफ पैच आउटसोर्सिंग माइंस के पीछे ओबी डंप माड़ी गोदाम के पास तस्करों द्वारा जमा किये 23 टन कोयला जब्त किया। सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर एस के तिवारी को वहां कोयला पड़े होने की गुप्त सूचना मिली थी उसके बाद टीम गठित कर छापामारी की गयी। जब्त कोयले को जिनागोरा प्रबंधक को सौंप दिया गया। प्रबंधक के आदेश पर कोयले को नौ नंबर साइडिंग में गिरा दिया गया। दूसरी ओर गुरूवार की दोपहर को कालूबथान ओपी क्षेत्र के नरसिंहडीह जंगल से पुलिस ने एक टन अवैध कोयला जब्त कर कालूबथान ओपी ले गयी। छापामारी में कालूबथान ओपी प्रभारी मुकेश कुमार राउत, एएसआई राम अवधेश सिंह आदि शामिल थे।

### जंगल में सीआईएसएफ ने छापामारी कर जब्त किया कोयला

**पुटकी।** पीबी एरिया सीआईएसएफ की टीम ने गुरुवार को गुप्त सूचना पर कच्छी बलिहारी सीटीसी ग्राउंड के जंगल में छापामारी कर 100 बोरी अवैध कोयला जब्त कर गोपालीचक कोलियरी प्रबंधन को सौंपा। धंधेबाजों ने भारी मात्रा में कोयला जमा कर रात के अंधेरे में हार्ड कोक भट्ठा में खपाने की तैयारी की थी, पर सीआईएसएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर मंसूबे पर पानी फेर दिया। छापामारी में पुटकी थाना के एएसआई उपेंद्र प्रसाद यादव भी पुलिस बल के साथ मौजूद थे।

### आशीर्वाद टावर अग्निकांडः जांच रिपोर्ट निगम ने डीसी को सौंपी

**धनबाद।** आशीर्वाद टावर में 31 जनवरी के अग्निकांड की जांच रिपोर्ट निगम के अधिकारियों ने डीसी को सौंप दी है। नगर आयुक्त सतेंद्र कुमार ने बताया कि निगम को नक्शा, फायर एनओसी की जांच करने का जिम्मा मिला था। नक्शा में सब कुछ ठीक मिला है, फायर सेफ्टी का इंतजाम भी सभी फ्लोर पर था। यहां तक कि घर के अंदर भी फायर सेफ्टी का प्रावधान था। आग लगने की तो आग क्यों लगी, क्या क्या गड़बड़ियां हुई, इसकी रिपोर्ट तो फोरेंसिंक टीम ही दे सकती है। ज्ञात हो कि आशीर्वाद टावर में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई थी। मालूम हो कि डीसी संदीप सिंह ने आशीर्वाद टावर में हुई अगजनी की घटना के बाद अपरसमाहर्ता नंद किशोर गुप्ता की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम का गठन किया था। सभी टीमों को अलग - अलग टीम जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। इस घटना की जांच में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, अग्निशमन विभाग के जिला पदाधिकारी, नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार एवं राजस्व विभाग ने जांच की । भवन प्रमंडल विभाग के कार्यपालक अभिंयता ने बताया कि आग लगने का मुख्य कारण पलाई में आग फैलना था। अग्नि शमन विभाग ने पानी की कमी बताया था। अपर समाहर्ता नंद किशोर गुप्ता ने आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया है। उन्होंने सभी की रिपोर्ट कंपायल करके डीसी को रिपोर्ट सौंप दी है। डीसी 17 फरवरी को हाईकोर्ट में रिपोर्ट सौंपेंगे।

## डॉ. हाजरा अग्निकांड में कई चौंकाने वाले खुलासे

# अगर घर के दरवाजे पर नहीं होते ताले तो बच जाती कई जान

- डॉ. हाजरा के घर में थे तीन दरवाजे, तीनों पर पड़े थे ताले
- घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों में हैं अलग-अलग दावे

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी



आरसी हाजरा मेमोरियल हॉस्पिटल ( फाइल फोटो)

**धनबाद।** बैंक मोड़ थानाक्षेत्र के टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित आरसी हाजरा मेमोरियल हॉस्पिटल में विगत 28 जनवरी की देर रात भीषण अग्निकांड में फंसे लोगों की जान बचाने के लिए वहां तीन-तीन रास्ते थे लेकिन तीनों के गेट पर ताले जड़े हुए थे। यह सनसनीखेज खुलासा अग्निकांड के पुलिस अनुसंधान में हुआ है। बता दें कि मेन स्विच से एमसीबी (मिनिएचर सर्किट ब्रेकर) जुड़े होने के कारण अगलगी के चंद सेकेंड बाद शॉर्ट सर्किट होने से पूरे हॉस्पिटल परिसर की बिजली गुल हो गई थी। अस्पताल की दूसरी मंजिल पर स्टोर रूम से यह आग भड़की थी। स्टोर के बगल के रास्ते से सेकेंड फ्लोर पर डॉ. विकास हाजरा का आवास है। आग के भयावह रूप लेने के बाद उसका धुआं डॉ. विकास हाजरा के आवास की ओर मुड़ गया और उस धुएं की चपेट में आकर डॉ. विकास हाजरा, डॉ. प्रेमा हाजरा, भांजे शुभम खमारू, शंभू सिंह और महिला रसोइया तारा मंडल की मौत हो गई थी। जबकि सुनील मंडल नामक व्यक्ति इस धुएं से बेहोश हो गया था। बाद में उसकी जान बचा ली गई। सुनील मंडल ने पुलिस को बयान दिया है कि तारा मंडल ने घटना की रात दरवाजा खटखटाया था। उसने जैसे ही खोला तो धुएं की गुबार से वह बेहोश हो गया।

### काले धुएं से सभी बेहोश हो गए तो वृद्ध तारा ने कैसे खटखटाया दरवाजा

इन लोगों का कहना है कि आग के भयावह रूप लेने और स्टोर रूम की सभी खिड़कियों के बंद होने से धुआं डॉ. विकास हाजरा के आवास की तरफ बढ़ रह था। सुनील ने पुलिस को अस्पताल में दिए अपने बयान में कहा है कि 70 साल की महिला रसोइया तारा मंडल ने उसका दरवाजा खटखटाया था। जिसे खोलते ही वह बेहोश हो गया। सवाल उठता है कि तारा ने मालिक-मालकिन का दरवाजा खटखटाने या अपनी जान बचाकर बाहर भागने की बजाय सिर्फ मंडल का दरवाजा ही क्यों खटखटाया? जब धुएं से सभी बेहोश हो गए तो वह मंडल कैसे बच गया?

### डॉ. समीर और डॉ. रीता हाजरा के बयानों से भी उठ रहे सवाल

दिवंगत डॉ. विकास हाजरा के भाई डॉ. समीर हाजरा और डॉ. रीता हाजरा ने पुलिस के समक्ष दिये बयान में कहा है कि उनलोगों ने घटना के तुरंत बाद सीढ़ी से जाकर दूसरे फ्लोर के बंद गेट को खटखटाया और जोर-जोर से चिल्लाए लेकिन किसी ने नहीं सुनी। इसके अलावा अन्य कर्मियों ने भी कहा कि उनलोगों ने भी पूरी कोशिश की, लेकिन डॉ. हाजरा समेत मैडम, शंभू, तारा, शुभम या सुनील मंडल में किसी ने भी गेट नहीं खोला। तारा मंडल के पास स्टोर रूम के साथ-साथ सेकेंड फ्लोर के आवास और छत के गेट की चाबी होती थी। वहीं, डॉ. विकास हाजरा के पुत्र आयुष हाजरा ने अपनी लिखित शिकायत में कहा है कि एक साजिश के तहत यह आग लगायी गई है। जिसमें उसके माता-पिता सहित पांच लोगों की मौत हो गई।

## बिजली विभाग ने इस माह 40 करोड़ वसूली का रखा लक्ष्य


बैठक करते हुए महाप्रबंधक

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी

**धनबाद ।** विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के महाप्रबंधक हरेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें विभाग के सभी अभियंता मौजूद थे । बैठक में महाप्रबंधक ने फरवरी माह में 40 करोड़ रुपये बिजली बिल वसूली का लक्ष्य दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने ये लक्ष्य 38 करोड़ थी, जिसे इस महीने और बढ़ा दिया गया। महाप्रबंधक ने आम लोगो से भी अपील की है कि बिजली बिल का भुगतान समय से किया करें ताकि उन्हें निर्बाध बिजली की आपूर्ति की जा सके। बिल के बकाया होने पर आपूर्ति में भी बाधा उत्पन्न होती है। वहीं महाप्रबंधक ने यह भी कहा कि अभी विभाग धनबाद में करीब 18 से 19 घंटे बिजली की आपूर्ति कर रहा है। 4 घंटे डीवीसी द्वारा लोड शेडिंग की जा रही है। एक से दो घंटे किसी खराबी की वजह से बिजली काटनी पड़ती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कांड्रा ग्रिड में कुछ तकनीकी खराबी के कारण कुछ दिक्कत हो रही है। कुछ ही दिनों में इसे दूर कर लिया जाएगा। जिसके बाद और ज्यादा घंटे बिजली की आपूर्ति की जाएगी।

## बाल विवाह रोकने के लिए असम मॉडल लागू करें राज्य : शंकर रवानी

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी

**धनबाद।** बाल मुद्दे पर धनबाद जिला में सघन कार्य कर रहे झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक एवं बचपन बचाओ आंदोलन के शंकर रवानी ने बाल विवाह और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराध को रोकने के लिए असम सरकार को जमीनी स्तर पर निर्णायक कार्रवाई शुरू करने के लिए बधाई देते हुए राज्य सरकार से भी अपने सूबे में इस तरह की कार्रवाई करने की मांग की। श्री रवानी ने गुरुवार को एक प्रेस बयान में कहा कि इस कार्रवाई से बाल विवाह की वजह से कम उम्र में मातृत्व, उच्च मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर जैसी गंभीर समस्याओं पर नियंत्रण पाने में सक्षम होंगे । इसकी तस्दीक नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के ताजा आंकड़े भी करते हैं। इनके अनुसार देश में 20 से 24 साल की उम्र की 23.3 प्रतिशत महिलाएं ऐसी हैं, जिनका बाल विवाह किया गया है। यह आंकड़े समस्या की गंभीरता को दिखाते हैं। श्री रवानी ने आगे कहा कि असम में यह संख्या राष्ट्रीय औसत से कहीं ज्यादा है। उन्होंने मांग की है कि 18 साल तक की उम्र तक शिक्षा को मुफ्त किया जाए। असम सरकार का यह महत्वपूर्ण कदम, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए 16 अक्टूबर, 2022 को शुरू किए गए दुनिया के सबसे बड़े ग्रासरूट आंदोलन के ही अनुरूप है। इस अभियान में दो करोड़ से अधिक लोग ने हिस्सा लिया था। इस अभियान में हमारा संगठन झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट भी शामिल हुआ और अपने क्षेत्र में आंदोलन का नेतृत्व किया। इसका नेतृत्व देश के 500 जिलों के 10,000 गांवों की 70,000 से अधिक महिलाओं ने किया था। इस राष्ट्रव्यापी अभियान को 14 राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों ने अपना समर्थन दिया।

## धक्के मार कर सौहर ने पत्नी को घर से निकाला, कहा तलाक-तलाक-तलाक

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी

**कतरास।** 15 वर्ष तक निकाह के बंधन में रहने के बाद कतरास की एक जबरीन बीबी (38 वर्ष) को उसके सौहर ने तलाक दे दिया और घर से धक्के मार कर निकाल दिया, जबकि वह चार बच्चों की मां है। महिला का मायका कतरास के मलकेरा में है। भुक्तभोगी महिला जबीरन ने अपने पति सनाउल मुस्तफा पर दहेज के लिए मारपीट, प्रताड़ित करने व तीन लाख रुपये दहेज की मांग करने व नहीं देने पर तीन तलाक देने की शिकायत बाघमारा महिला थाना में की है। शिकायत के आलोक पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस को दिए लिखित शिकायत में भुक्तभोगी जबीरन बीबी ने बताया है कि उसकी शादी तोपचांची के लेदाटांड़ मदयडीह निवासी सनाउल मुस्तफा से 2008 में हुई थी। उस समय हैसियत के अनुसार उनके पिता ने 45 हजार रुपये नकद दहेज के रूप में दिए थे। शादी के बाद चार बच्चे हुए। पति दहेज नहीं देने पर तलाक देने की धमकी देते थे। उसके द्वारा विरोध करने पर सास शकीला बीबी, ससुर शोएब अली, ननद इसरत बीबी, मुसरत बीबी, सफीना खातुन समेत चाचा ससुर करामत अली सभी मिलकर उसके पति सनाउल मुस्तफा को दहेज मांगने के लिए उकसाते थे। पति का किसी अन्य महिला के साथ नाजायज संबंध भी है।

## गुड न्यूज : सदर अस्पताल में ब्लड स्टोरेज सेंटर बनाने की मिली अनुमति

- इनडोर मरीजों को अब मिलेगी राहत
- एसएनएमएमसीएच के ब्लड बैंक से लिया जाएगा सहयोग

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी

**धनबाद।** सदर अस्पताल में ब्लड स्टोरेज सेंटर बनाने के लिए अप्रूवल मिल गया है। इससे सबसे अधिक राहत अब सदर अस्पताल के इनडोर मरीजों को होगी। बार-बार ब्लड की खोज के लिए दूसरे ब्लड बैंक के चक्कर नहीं लगाने होंगे। एक ही जगह ऑपरेशन के साथ ब्लड की भी उपलब्धता रहेगी। झारखंड सरकार के ड्रग कंट्रोल डायरेक्टर ने सदर अस्पताल में होल ब्लड स्टोरेज के लिए ब्लड स्टोरेज सेंटर की अनुमति दे दी है। अप्रूवल सर्टिफिकेट मिलने के बाद ब्लड स्टोरेज सेंटर संचालित करने की कवायद तेज हो गई है। सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि यह बहुत सुखद क्षण है। लगातार इसके लिए प्रयास किया जा रहा था। अस्पताल आने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। ब्लड स्टोरेज सेंटर के लिए डॉ राकेश कुमार को मेडिकल ऑफिसर, जीतेंद्र कुमार को टेक्निशियन के रूप में मनोनित किया गया है। ब्लड स्टोरेज सेंटर को 2 फरवरी 2025 तक के लिए अनुमति दी गई है। सेंटर संचालित करने के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के ब्लड बैंक से सहयोग लिया जाएगा।

### प्रसव के वक्त ब्लड की सबसे अधिक आश्यकता

अब सदर में स्त्री व प्रसव रोग विभाग के साथ सर्जरी विभाग और शिशु रोग विभाग की इनडोर सेवा शुरू हो चुकी है। ऐसे में किसी मरीज को ब्लड की आवश्यकता पड़ती है तो एसएनएमएमसीएच जाना पड़ता है। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ सजीव प्रसाद ने बताया कि ब्लड सेंटर में 20 से 30 यूनिट ब्लड स्टोरेज रहेगा। इसके लिए चयनित जगह पर एयर कंडिशन समेत अन्य व्यवस्थाएं जो नॉमर्स में शामिल हैं, उन्हें पूरा किया जा रहा है।

## एनजीटी के निर्देशों के अनुपालन को लेकर डीडीसी ने की बैठक , 17 मुद्दे पर हुई चर्चा

# बिना रजिस्ट्रेशन चलने वाले अस्पतालों पर होगी कार्रवाई

- बायोमेडिकल वेस्ट को लेकर जागरूक करने का निर्देश

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी


अधिकारियों के साथ डीडीसी

**धनबाद।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण यानी एनजीटी के अनुपालन को लेकर गुरुवार को उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में मिश्रित भवन में जिला स्तरीय समिति की प्रथम बैठक हुई जिसमें 17 विंदुओं पर चर्चा की गयी। बैठक में डीडीसी ने सिविल सर्जन को बायो-मेडिकल वेस्ट निर्धारित स्थानों पर ही डंप और निस्तारण नियमों के अनुसार किया जा रहा है या नहीं, कॉमन बायोमेडिकल ट्रीटमेंट फैसिलिटी के तौर पर जो एजेंसी काम कर रही है वह ठीक से काम कर रही है या नहीं, यह सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बिना रजिस्ट्रेशन चलने वाले क्लिनिक, अस्पताल पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### निगम के अधिकारी और पुलिस अस्पतालों का करें निरीक्षण

लोगों को बायोमेडिकल वेस्ट के प्रति जागरूक करने के लिए उप विकास आयुक्त ने पुलिस, नगर निगम और मेडिकल टीम को मिलकर एक सेमिनार का आयोजन करने निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों को समय-समय पर अस्पतालों का निरीक्षण करने और उनके कागजात की जांच करने का निर्देश दिया। वहीं बिना रजिस्ट्रेशन चलने वाले क्लिनिक, अस्पताल पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### कोविड : 19 कचरे के डंपिग साइटों की करें जांच

उप विकास आयुक्त ने कहा कि बायो-मेडिकल वेस्ट और सीमांकित, नामित क्षेत्रों में कोविड -19 कचरे के डंपिंग साइटों का औचक निरीक्षण करके अनुपालन स्थिति की जाँच की जाएगी। उन्होंने कहा डंपिंग क्षेत्र को सुरक्षित कर किसी भी कचरा चुनने वाले या आवारा पशुओं को उस क्षेत्र के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दें। ऐसे क्षेत्र में दूरी बनाए रखने के लिए वार्निंग साइनबोर्ड लगाएं। क्लीनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट के अनुपालन की स्थिति के लिए टीम गठित कर हेल्थ केयर फैसिलिटीज का निरीक्षण करें। बैठक में संयुक्त समिति द्वारा धनबाद में स्थापित कॉमन बायो-मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फैसिलिटी का निरीक्षण करने का निर्णय लिया गया।

**बैठक में ये भी थे मौजूद** : सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, डीएसपी हेडक्वार्टर अरविंद कुमार सिंह, एसएनएमएमसीएच प्राचार्य के प्रतिनिधि डॉ बीसी बनर्जी, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय पदाधिकारी रामपवेश कुमार मौजूद थे।

## कोविड वैक्सीन कोविशिल्ड हुआ एक्सपायर

**धनबाद।** कोविड वैक्सीनेशन में धनबाद स्वास्थ्य विभाग का काफी खराब प्रदर्शन रहा है। बीत वर्ष 31 दिसंबर को करीब 12000 वैक्सीन एक्सपायर हो गए थे। अब वहीं फरवरी में कोविशिल्ड के बचे डोज भी एक्सपायर हो गए हैं। अच्छी बात रही की जिला स्वास्थ्य विभाग के पास करीब 150 वैक्सीन ही बचे थे। जिला टीकाकरण पदाधिकारी डॉ संजीव प्रसाद ने बताया कि कोविशिल्ड की दूसरी खेप बीते दिनों लोगों को लगाया गया था, लेकिन लोगों की रूची नहीं लेने की वजह से करीब 150 वैक्सीन बच गए थे, जो एक्सपायर हो गए। वहीं विभाग के पास करीब एक हजार वैक्सीन बचे हैं। जो 31 मार्च को एक्सपायर हो जाएंगे। पहले 9000 के करीब वैक्सीन थे, जिसमें करीब 8 हजार दूसरे जिलों को दे दिया गया था।

## फाइलेरिया के प्रति जागरूक करने के लिए निकाली रैली



फाइलेरिया को लेकर जागरुकता रैली

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी

**धनबाद।** फाइलेरिया के प्रति लोगों को जागरूक करने करने के उद्देश्य से धनबाद समेत गोविंदपुर, कलियासोल, एग्यारकुण्ड, बलियापुर सहित कई प्रखंडों में जागरूकता रैली निकाली गई। धनबाद में सीएचसी से रैली निकलकर सिविल सर्जन कार्यालय तक पहुंची। जागरूकता रैली में स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, एएनएम तथा स्कूली बच्चे शामिल थे। सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों से फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा अवश्य लें। सड़क पर आते-जाते लोगों को दवा खाने के लिए प्रेरित किया गया।

## दो अलग-अलग पैथोलॉजी रिपोर्ट के बीच प्रसूता का नहीं हुआ इलाज

### पूरे दिन इलाज की आस में बैठ शाम में लौट गई गर्भवती

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी


सदर अस्पताल

**धनबाद।** सदर अस्पताल के पैथोलाजी में मिली रिपोर्ट से प्रसूता पूरे दिन परेशान रही। केंदुआ से आई गर्भवती महिला को दिन भर प्रसव के लिए इंतजार करना पड़ा। अस्पताल के चिकित्सकों ने भी उसे नहीं देखा, लिहाजा दिन भर इंतजार के बाद गर्भवती वापस लौट गई। केंदुआ की सुमन देवी प्रसव के लिए गुरुवार की सुबह सदर अस्पताल पहुंची थी। उसके साथ परिजन भी अस्पताल पहुंचे थे। सदर प्रांगण में पीपीपी मोड पर चल रहे एसआरएल केंद्र में हीमोग्लोबिन की जांच कराई। इसमें 10.5 ग्राम हीमोग्लोबिन बताया गया। अस्पताल में आने के बाद उसे चिकित्सकों ने पहले हीमोग्लोबिन जांच करने को कहा। सदर के पैथोलाजी में रिपोर्ट 8 ग्राम हीमोग्लोबिन बताया गया। सदर के पैथोलाजी में रिपोर्ट 8 ग्राम हीमोग्लोबिन आने के बाद चिकित्सकों ने मरीज के स्वजन को खून की व्यवस्था करने को कह दिया। दूसरी ओर गर्भवती की स्थिति भूखे-प्यास खराब होने लगी। देर शाम बिना प्रसव के गर्भवती को लौटना पड़ा। गर्भवती महिला के स्वजनों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की है। 10 फरवरी को प्रसव की तारीख तय की गई थी।

> मामले में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली जा रही है। प्रसव के लिए तमाम सुविधाएं सदर में विकसित की जा रही है। लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
> **डॉ आलोक विश्वकर्मा, सिविल सर्जन, धनबाद।**

# आज से 25 फरवरी तक खिलाई जाएगी फाइलेरिया रोधी दवा

### फाइलेरिया दिव्यांग बनाने में सक्षम इसलिए दवा खाना जरूरी : सीएस

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी


प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते सिविल सर्जन

**धनबाद।** वर्ष 2004 से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरूआत हुई, लेकिन आज भी अभियान को पूरा नहीं किया जा सका। इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ कहीं न कहीं आम लोग भी लापरवाह हैं। सरकारी स्तर से फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाती है, लेकिन लोगों को लगता है कि वह तो स्वस्थ हैं तो दवा क्यों खाएं, लेकिन ऐसा नहीं है। बीते दिनों 16 अलग-अलग जगहों से 4800 लोगों का स्लाइड जांच में 129 लोग फाइलेरिया पॉजिटिव पाए गए थे। वे भी पूरी तरह से स्वस्थ ही थे। इसलिए विभाग की इस मुहिम में शामिल होकर 10 फरवरी को लोग दवा का सेवन जरूर करें। उक्त बातें प्रेस वार्ता के दौरान सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने कही। वार्ता में जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनिल कुमार, फाइलेरिया अधिकारी डॉ सुधा सिंह, जिला वीबीडी पदाधिकारी रमेश कुमार सिंह, मुकेश कुमार, अविनाश चन्द्रा, उत्तम सिंह, उमेश चन्द्रा व अन्य लोग मौजूद थे।

### 2030 तक बीमारी कंट्रोल नहीं हुई तो 80 % लोग होंगे ग्रसित

उन्होंने बताया कि यह घातक बीमारी जान नहीं लेती है, लेकिन लोगों को दिव्यांग बनाने में सक्षम है। वर्तमान में 4384 लोग फाइलेरिया की वजह से हाथी पांव के शिकार हैं, वहीं 2574 लोग हाइड्रोसिल की शिकायत से परेशान हैं। फाइलेरिया का प्रसार अब भी है। अगर समय रहते सभी लोग दवा खाएं तो माइक्रो फाइलेरिया प्रोड्यूस करने वाले किटाणु 5 से 7 साल में खत्म हो जाते हैं। अन्यथा एक रिपोर्ट के तहत वर्ष 2030 तक बीमारी कंट्रोल नहीं हुई तो भारत के 80 प्रतिशत लोग बीमारी से ग्रसित होंगे।

### आज से शुरू होगा अभियान

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें जिले की शत प्रतिशत आबादी को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले के 2231 बूथ पर 4468 स्वयंसेवक द्वारा 26 लाख से अधिक लोगों को अपने सामने दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। 10 से 25 फरवरी तक सभी सीएचसी, पीएचसी, सदर अस्पताल, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, रेलवे अस्पताल, सेंट्रल हॉस्पिटल, सहित बीसीसीएल के सभी अस्पतालों में सुबह 10 से संध्या 4 बजे तक यह दवा उपलब्ध रहेगी।

# अपराधियों ने जीटी रोड पर युवक को मारी गोली, खोखा बरामद

- सिर पर पिस्टल सटा कर हाइवा चालक को कराया चुप
- जख्मी अस्पताल में इलाजरत

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी


घटना के बाद हाइवा के पास खड़े चालक

**गोविंदपुर।** देवली स्थित कार्मल स्कूल के समीप जीटी रोड पर बुधवार की देर रात टायर मिस्त्री आरिफ रजा को डीजल चोरों ने गोली मारकर घायल कर दिया। युवक को दाहिनी ओर पंजरे में एक गोली लगी। घायल अवस्था में उसे एसएनएमएमसीएच धनबाद में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटनास्थल के समीप रतन होटल के सामने सड़क निर्माण कार्य में लगे कंपनी के तीन हाईवा खड़े थे और तीनों पर चालक सो रहे थे। रात करीब साढ़े तीन बजे टायर मिस्त्री आरिफ लघुशंका के लिए उठा। इसी दौरान उसकी नजर हाइवा से तेल निकालते कुछ लोगों पर पड़ी तो वह शोर मचाने लगा। इस बात से आक्रोशित होकर डीजल चोरों ने उस पर गोली चला दी। इस बीच हाईवा पर सो रहे चालक दिनेश, मनोज एवं भोलानाथ भी नीचे उतर कर हल्ला करने लगे तो चोरों ने दिनेश के सिर पर पिस्टल सटाकर चुप रहने की धमकी दी। यह देख भोलानाथ और मनोज चोर चोर हल्ला करते हुए भाग खड़े हुए।

**कार से भागते हुए भी की फायरिंग, 100 लीटर डीजल निकाला :** आसपास के ग्रामीणों के जुटने की आशंका से डीजल चोर भी भयभीत होकर फायरिंग करते हुए लाल रंग की फोर व्हीलर गाड़ी से गोविंदपुर की ओर भाग गए। भागने से पूर्व चोरों ने दो हाईवा से करीब एक सौ लीटर डीजल निकाल लिया था। डीजल चोरों की संख्या 6 थी। तब तक आसपास के कुछ लोग भी घटनास्थल पहुंच गए। इस बीच पुलिस को भी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डीएसपी अमर कुमार पांडे व थाना प्रभारी उमेश प्रसाद सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस को उक्त स्थल से एक खोखा भी बरामद हुआ है। घायल आरिफ को स्थानीय यशरूप नर्सिंग होम लाया गया। जहां से उसे एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया गया। आरिफ मूल रूप से मुजफ्फरपुर, धर्मपुर, कलवारी (बिहार) निवासी मो गुलाम नबी का पुत्र है। वह अपने मामा निजाम अंसारी की देखरेख में उक्त स्थल पर पंचर बनाने का काम करता है। रात में अपने गैराज में ही सो जाता है।

## दुष्कर्म के आरोपी मामा दोषी करार, आज सुनाई जाएगी सजा

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी



**धनबाद।** एक 15 वर्षीया नाबालिग लड़की के साथ दुराचार के आरोपी मामा को अदालत ने गुरुवार को दोषी करार दे दिया है। पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने सजा की बिंदु पर सुनवाई की अगली तारीख शुक्रवार को निर्धारित की है। आरोपी मामा फिलहाल जेल में बंद है। आरोपी के खिलाफ झरिया थाना में 17 जनवरी, 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। नाबालिग पीड़िता ने अपने ही मामा पर आरोप लगाते हुए कहा है कि उसके माता-पिता दैनिक मजदूर का काम करते हैं तथा सुबह 9:00 बजे वे लोग काम पर निकलते हैं जो रात 11:00 बजे तक वापस घर लौटते हैं। वह घर में अकेली रहती थी। उसकी मां ने अपने सगे भाई जितेंद्र राम को उसका ख्याल रखने को कहा था। उसके बाद से उसका मामा उसके घर आना शुरू कर दिया था। उसके भाई के जन्मदिन के बाद मामा उसके घर आए। उस दिन उसके सिर में काफी दर्द हो रहा था। उसके मामा ने एक दवा लाकर उसे दी। दवा खाने के बाद वह बेहोश हो गई और आधे घंटे के बाद जब उसे होश आया तो उसके पेट में काफी दर्द होने लगा। उसने अपनी मां से सारी बात बताना चाहती थी परंतु डर से वह नहीं बता सकी। क्योंकि मामा उसे तथा उसके भाई को जान से मार देने की धमकी देता था।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को लेकर भाजपा ने की बैठक

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी



**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के जिला पदाधिकारियों और मोर्चा के अध्यक्षों की बैठक जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में महुदा में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को प्रत्येक कार्यकर्ता और समर्थक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर समर्पण दिवस के रूप में मनाएंगे । इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलकर भारतीय जनता पार्टी ने ऊंचाई प्राप्त की है। आज भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में सरकार है। कई राज्यों में सरकार है और भारतीय जनता पार्टी का संगठन विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है।

**हेमंत सोरेन की सरकार में कोयला चोरी चरम पर है : चंद्रशेखर सिंह:** जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा की वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार में धनबाद में कोयला चोरी चरम पर है। विकास की सारी योजनाएं ठप हो गई है। अपराध बढ़ रहा है। अब पानी सर से ऊपर हो रहा है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर धनबाद जिला अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आंदोलन करेगी। भारतीय जनता पार्टी,जनता के हक के लिए हमेशा आवाज उठाती है। आज विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति बाधित है। हेमंत सरकार में जनता को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं को निशाना बनाया जा रहा है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी चुप नहीं बैठेगी। बैठक में जिला महामंत्री नितिन भट्ट, जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, संजय झा, मानस प्रसून, अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष सफदर अंसारी उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों ने वासेपुर पांडरपाला में किया दौरा

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी



**धनबाद।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे के निर्देशानुसार संगठन सशक्तिकरण और मजबूती को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में वासेपुर, पांडरपाला में हाथ जोड़ो-बूथ जोड़ो अभियान को गति देते हुए बूथ स्तरीय दौरा किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संगठन सशक्तिकरण व संगठनात्मक मजबूती को लेकर कांग्रेस पार्टी जिला के सभी क्षेत्रों में निरंतर हाथ जोड़ो-बूथ जोड़ो अभियान चलाकर संगठन को धारदार व सशक्त बनाते हुए पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का काम कर रही है,इसी कड़ी में आज वासेपुर पांडरपाला में हाथ जोड़ो -बूथ जोड़ो अभियान के तहत बूथ स्तरीय दौरा किया गया और पांडरपाला दास टोला के बालिका मध्य विधालय, भारत चौक सहित आसपास के बूथों पर हाथ जोड़ो-बूथ जोड़ो अभियान चलाया गया। इस क्रम में सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ली । श्री सिंह ने आगे कहा कि संगठन के मजबूती एवं पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने को लेकर सभी प्रखंडों एवं नगरों में बूथ स्तरीय अभियान चलाया जाएगा। उमौके पर शब्बीर अली, तबरेज खान, मो.तौसीफ राजा, मुन्ना, राजा खान, फरमान, क्यूम, बाबू , शमीम खान,अफरोज कुरैशी सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## धनबाद की पूर्णिमा, मन्नान और ब्रजेंद्र बने स्टार प्रचारक



आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी

**धनबाद।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी जोर -शोर से तैयारी में जुट गई है कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय महामंत्री और संगठन के प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने झारखंड विधानसभा के उपचुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों को जिम्मेदारी दी है। जिसमें प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर प्रदेश के मंत्री और चारों कार्यकारी अध्यक्ष के साथ- साथ झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह और पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबर

### अपहरण मामले में अदालत में हाजिर नहीं हुए एकलव्य सिंह

**धनबाद।** रंगदारी के लिए इंजीनियर का अपहरण व सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के मामले के आरोपी धनबाद के डिप्टी मेयर एकलव्य सिंह और उनके प्रतिनिधि राज आनंद सिंह के मामले की सुनवाई गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान एक्लव्य सिंह और राज आनंद सिंह अदालत में हाजिर नहीं हुए। अभियोजन पक्ष ने गवाह पेश करने हेतु समय की मांग की है। अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दे दिया है।

### नीरज सिंह हत्याकांड में रिंकू सिंह की हुई पेशी

**धनबाद।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह सहित चार लोगों की हत्या में शूटर सप्लाई करने के आरोप मे जेल मे बंद मुन्ना बजरंगी के खास रिंकू सिंह उर्फ विकास सिंह उर्फ धर्मेन्द्र सिंह को जिला एवं सत्र न्यायाधिश अखिलेश कुमार की अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिऐ पेश किया गया। सुनवाई के दौरान अपर लोक अभियोजक कुलदीप शर्मा ने गवाह पेश करने हेतु समय की मांग की है। अदालत ने अभियोजन पक्ष को गवाह पेश करने का आदेश दे दिया है। बताते चलें कि इस मामले में रिंकू सिंह को जमानत मिल चुकी है। परंतु उसने अभी तक अदालत में बॉड दाखिल नहीं किया है।

### लाला हत्याकांड : कथित शूटर अमर रवानी को रिमांड के लिए अर्जी

**धनबाद।** जमीन कारोबारी लाला खान की हत्याकांड में जेल में बंद कथित शूटर अमर रवानी को पुलिस पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने की अर्जी अदालत में दी है। बैंक मोड़ थाना के द्वारा गुरुवार को इस संबंध में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में अर्जी देकर आरोपी को 10 दिन के लिए पूछताछ हेतु पुलिस रिमांड पर देने की प्रार्थना की है। आरोपी ने बीते बुधवार को अदालत में आत्मसमर्पण किया था।

# पुरानी पेंशन योजना बहाली के लिए रेल कर्मचारियों का हस्ताक्षर अभियान

- सभी रेल जोन के रेल कर्मचारी महामहिम राष्ट्रपति को ऑनलाइन आवेदन याचिका

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी



**धनबाद।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा के आह्वान और ईसीआरकेयू के केंद्रीय अध्यक्ष डीके पांडेय और महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव के आदेशानुसार एनपीएस को हटाकर पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने के लिए,ईसीआरकेयू के बैनर तले रेल कर्मियों से 10 से 20 फरवरी तक हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे और हस्ताक्षर का प्रति महामहिम राष्ट्रपति को ऑनलाइन भेजा जाएगा। यह अभियान पूरे भारतीय रेलवे में चलाया जाएगा। इसमें भारतीय रेल के कर्मचारियों के अलावा उनके परिवार सदस्य भी इस हस्ताक्षर अभियान में भाग लेंगे। इसके लिए आज ईसीआरकेयू धनबाद डीआरएम बिल्डिंग के प्रेम ऑफिस मे दो केंद्रीय पदाधिकारी मोहम्मद जियाउद्दीन अपर महामंत्री और ओमप्रकाश सहायक महामंत्री के उपस्थिति में एक बैठक हुई। जिसमें रूपरेखा तैयार किया गया और इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया। रेल कर्मचारियों से अपील की है कि अपने हक की लड़ाई के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। इस बैठक में मोहम्मद जियाउद्दीन, ओम प्रकाश के अलावे एन के खवास, सोमेन दत्ता, टी के साहू, एके दा, एनजे सुभाष, बीबी सिंह, उपेंद्र कुमार और अशोक कुमार उपस्थित थे।

### पेड़ से लटकता युवक का शव बरामद

**चिरकुंडा।** केएफएस कारखाना के जंगल में गुरूवार की सुबह पेड़ से लटकता एक युवक (22) का शव कुमारधुबी पुलिस ने बरामद किया है। शव की पहचान घटनास्थल के पास ही फीटर लाइन निवासी राजेश प्रसाद के रूप में कर ली गयी है। बुधवार शाम पांच बजे से गायब था। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार मृतक ने आत्महत्या की है। लेकिन उसने आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराने के लिये धनबाद भेज दिया गया है। परिजनों ने बताया कि शाम पांच बजे घर से निकला था । लेकिन वापस घर नहीं लौटा। काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। कुमारधुबी पुलिस को भी इसकी सूचना दी। गुरूवार के सुबह लोगों से जानकारी मिली कि उसका शव पेड़ से लटक रहा है। वह कुमारधुबी बाजार स्थित एक दुकान में काम करता था।

## जेईई मेंस के परीक्षा परिणाम में दिखा कोचिंग संस्थान फिजिक्स वाला के छात्रों का दम



आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी

**धनबाद।** जेईई मेंस के प्रथम चरण के परिणाम में फिजिक्स वाला कोचिंग सेंटर के छात्रों ने उम्दा प्रदर्शन किया है। कोचिंग सेंटर के प्रखर गुप्ता ने 99.79 फीसदी, आदर्श सिंह - 99. 53 फीसदी, शुभम कुमार पाण्डेय - 98.39 फीसदी, समर वर्णवाल - 98.34 फीसदी, प्रशांत कुमार महतो को 94. 82 फीसदी, मो. रेयान कादरी - 94. 3, मो. कासिफ- 93.7 फीसदी सच्चिदानंद - 93.5, नीरज चौधरी - 93.10 फीसदी ,बोनी विश्वास -92.4 फीसदी, आयुष पाण्डेय - 91.51 फीसदी प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर संस्थान के सेंटर हेड संदीप भारद्धाज और एकेडेमिक कोऑडिनेटर विशाल सिंह ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक बाधाई देते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामाना की है। इसके साथ ही दूसरे चरण की परीक्षा में बेहतर करने की बात कही । मौके पर सेंटर के फैक्ल्टी हेमंत कुमार, भास्कर कुमार,विद्यासागर पाण्डेय, अनुपम सेन, प्रकाश कुमार, निशांत कुमार और कपिल कुमार उपस्थित थे।

### गुरुनानक कॉलेज में आत्मनिर्भर भारत पर सेमिनार आज से

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी

**धनबाद।** इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च (आईसीएसएसआर) के द्वारा प्रायोजित ह्लआत्मनिर्भर भारत की ओर ह्ल विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार गुरुनानक कॉलेज में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) के कुलपति डॉ शुकदेव भोई शुक्रवार को कॉलेज परिसर में उद्घाटन करेंगे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने कहा कि कई विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों सेमिनार में भाग लेने की स्वीकृति दी है। सांसद पशुपतिनाथ सिंह, विधायक राज सिन्हा के अलावा आईआईटी-आईएसएम के पूर्व प्रो डॉ प्रमोद पाठक भी इस सेमिनार को शनिवार को संबोधित करेंगे ।

# जहर खाने से महिला की मौत मायके वालों ने किया हंगामा

### ससुरालवालों पर लगाया हत्या करने का आरोप

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी


मृतका की फाइल फोटो

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र के कांड्रा बस्ती निवासी इब्राहिम खान की दूसरी पत्नी जैबुन बीबी (33 वर्ष) की जहर खाने से बीजीएच में इलाज के दौरान गुरूवार की सुबह मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन दिन पूर्व महिला के साथ किसी बात को लेकर उसके पति इब्राहीम खान ने मारपीट की थी। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों उसे इलाज के लिए बीजीएच बोकारो में भर्ती कराया जहां तीन दिन तक वह अस्पताल में जिंदगी और मौत के साथ लड़ती रही और गुरूवार को वह जिंदगी की जंग हार गयी। इधर मौत की सूचना पाते ही मृतका के मायके से भारी संख्यां में लोग पहुंचे। फिर ग्रामीणों, मुखिया व इस्लाहिया शेख ब्रदर कमेटी के सदस्यों को लेकर अस्पताल पहुंचे। फिर वहां से सभी कांड्रा आये और उत्तेजित होकर सड़क पर उतरकर इब्राहिम खान व उसके परिजनों के खिलाफ नारेबाजी करने लगे । ससुराल पक्ष पर जहर देकर मारने का आरोप लगाया।

### मरिचो, तिलैया, बिराजपुर और खरणी को जोड़ने के समर्थन में लोग, पर जनप्रतिनिधि कर रहे विरोध

# प्रस्तावित राजगंज प्रखंड के मुद्दे पर जनता और नेता आमने-सामने

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी


बैठक में शामिल लोग

**राजगंज/बरवाअड्डा।** प्रस्तावित राजगंज प्रखंड में गोविंदपुर के चार पंचायत मरिचो, तिलैया, बिराजपुर व खरणी को जोड़े जाने के प्रस्ताव का ग्रामीणों ने स्वागत किया है। कहा हमें प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए चार-चार गाड़ियां बदलनी पड़ती है या गाड़ी रिजर्व कर करीब 30 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, लेकिन जब राजगंज में प्रखंड मुख्यालय बन जायेगा तो यह दूरी महज 2 से 3 किलोमीटर की हो जाएगी। दूसरी ओर आम जनता की सुविधा को दरकिनार करते हुए जनप्रतिनिधि चारों पंचायतों के प्रस्तावित राजगंज प्रखंड में शामिल करने का विरोध कर रहे हैं। इस मामले से डीसी को अवगत कराया जाएगा। कुछ दिनों पूर्व चारों पंचायतों के मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उक्त चारों पंचायतों को शामिल करने के सरकार के निर्णय को गलत बताया था। कहा था यहां की जनता ऐसा नहीं चाहतीं है। लेकिन गुरुवार को ग्रामीणों ने बैठक में समर्थन कर सबकी पोल खोल दी है। इससे साफ है कि जन और प्रतिनिधि आमने-सामने हो गए हैं।

**ग्रामीणों ने दलालों को खदेड़ा:** ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को बरवाअड्डा थाना अंतर्गत बरवाडीह गांव काली मंदिर के पास आयोजित बैठक के दौरान दो तीन दलाल किस्म के लोग ग्रामीणों को भड़काने के लिए पहुंचे थे, जिन्हें ग्रामीणों का क्रोध झेलना पड़ा। जिसके बाद सभी वहाँ से भाग खड़े हुए। ग्रामीण जलेश्वर महतो ने कहा कि कुछ लोग यहां की जनता को दिग्भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं। डुमरी जिला का प्रस्ताव अभी तक पास ही नहीं हुआ है और ना ही राजगंज उसके दायरे में आ रहा है। यह एक अफवाह है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे शेखर महथा ने कहा कि आम जनता से जनप्रतिनिधियों को कोई सरोकार नहीं रहा है। बैठक में अतिथि के रूप में उपस्थित हलधर महतो ने कहा कभी गोविंदपुर में 39 पंचायत है जिसमें से 22 पंचायत गोविंदपुर प्रखंड में रह जायेगा। जबकि प्रस्तावित राजगंज प्रखंड में चार पंचायत के शामिल होने की बात सामने आई है।

**राजगंज धनबाद में रहेगा तो विरोध नहीं :** मरिचो पंचायत की मुखिया यशोदा देवी के प्रतिनिधि वीरेंद्र किस्कू ने कहा कि जनता जनार्दन का जो भी निर्णय होगा हम मानेंगे। क्षेत्र के लोगों को कहा गया है कि राजगंज डुमरी जिला में चला जायेगा। इसलिए हम विरोध कर रहे हैं, अगर ऐसा नहीं होता है और राजगंज धनबाद जिला में ही रहता है तो हमें कोई विरोध नहीं है। तिलैया पंचायत के मुखिया सुधीर महतो ने कहा इस संबंध में जल्द ही आम बैठक किया जाएगा उसके बाद जो निर्णय आएगा हम उसके साथ है।

### बस्ताकोला में मनाया गया वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह, शहीद कर्मियों को दी गयी श्रद्धांजलि

# सुरक्षा के प्रति सचेत रहें कर्मी, दूसरों को करें जागरुक : साहू

- बेहतर कार्य प्रदर्शन के लिए बांटे गये पुरस्कार
- उत्पादन स्तर को बरकरार रखने का दिया निर्देश

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी



कार्यक्रम में शामिल अधिकारी छाया : आवाज

**भगतडीह।** बस्ताकोला ओसीपी में डीजीएमएस के निर्देश पर वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस दौरान सुरक्षा की अनदेखी से होने वाली दुर्घटना पर कमर्चारियों ने नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को बुके देकर बस्ताकोला ऑफिसर क्लब में किया गया। इस दौरान पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के तहत खदान की जानकारी अधिकारियों को दी गयी। इसके बाद परियोजना व्यू प्वाइंट पर अधिकारी एवं कर्मियों ने कॉर्पोरेट गीत गाया। कोयला उत्पादन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले कर्मियों के लिए 2 मिनट का मौन रखकर कर्मियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। सुरक्षा के साथ बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को पारितोषिक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डीजीएमएस के अधिकारी मनोज कुमार साहु , आईएसओ के नोडल अधिकारी संजय तनमले, कनवेनर संजय नंदा, सदस्य एमएल राम, सर्वे अधिकारी जमील अहमद, कामगार निरीक्षक अशोक कुमार साव, अभियंता (ई एंड एम) धीरज कुमार और उत्खनन अभियंता राजीव रोशन मौजूद थे। इस अवसर पर बास्ताकोला कोलियरी के पीओ एके शर्मा तथा सुरक्षा कमेटी के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुरक्षा पदाधिकारी अभिषेक शर्मा ने किया। इसके बाद पिछले साल का संक्षिप्त विश्लेषण परियोजना प्रबंधक द्वारा प्रस्तुत किया गया और कामगारों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार दिया गया। माइंस रेस्क्यू स्टेशन, धनसार से आई टीम ने अग्निशमक यंत्र का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनोज कुमार साहू ने आयोजित समारोह में शामिल सभी कर्मियों से पूरे सप्ताह सुरक्षा को लेकर न केवल सचेत रहने की अपील की। बल्कि दूसरे लोगों को भी जागरूक करने की बात कही। आईएसओ से आए हुए संजय तनमले ने कहा कि ओसीपी टीम द्वारा सुरक्षित उत्पादन का जो आंकड़ा प्राप्त किया गया है उसे लगातार मेंटेन करने का सफल प्रयास करना जरूरी है। कनवेनर नंदा ने सभी श्रमिकों को पूरी ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाने की नसीहत दी। धन्यवाद ज्ञापन परियोजना के एसीएम इंचार्ज सुब्रता मंडल ने किया।

#### धनसार विश्वकर्मा प्रोजेक्ट का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

धनसार विश्वकर्मा प्रोजेक्ट में भी वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीजीएमएस के डीडीजी सागेश कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों का स्वागत धनसर कोलियरी कार्यालय में किया गया। इसके बाद उपस्थित सुरक्षा कमेटी के सदस्य एवं अधिकारियों ने परियोजना के व्यू प्वाइंट पहुंचकर परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान बेहतर कार्य का प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को पारितोषिक दिया गया। मौके पर महाप्रबंधक बीके गोयल, कन्वेयर उपेंद्र कुमार सिंह, संजय चौधरी, पीओ जेपी मेहता, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## जर्जर सिंदरी-धनबाद सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर प्रदर्शन

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी



विरोध जताते लोग छाया: आवाज

**सिंदरी।** जर्जर हो चुकी सिंदरी-धनबाद सड़क के खिलाफ गुरुवार को मार्क्सवादी युवा मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन किया गया। इसकी सूचना मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विक्की पंडित ने ट्विटर में ट्वीट कर दुर्गा पूजा के पहले दी थी। उस समय रोड की मरम्मत भी की गयी थी, लेकिन ठीक 1 महीने के बाद सड़क फिर से टूटने लगी और अब फिर सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे दिखने लगे। मार्क्सवादी युवा मोर्चा डीसी, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालक अभियंता को ट्वीट और प्रेस कॉन्फ्रेंस कर के जानकारी देगी। युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विक्की पंडित ने कहा कि सिंदरी धनबाद सड़क पर भारी वाहन चलने के कारण सड़क की दशा बहुत ही दयनीय हो चुकी है। राहगीरों को चलने में असुविधा होती है। आए दिन जिससे दुर्घटना होती रहती है भारी वाहन चलने के कारण सड़क के दोनों और धूल एवं बालू जमा हो गये हैं। मौके पर युवा मोर्चा के सिंदरी नगर अध्यक्ष जीतू सिंह, मासस के साथी सुरेश प्रसाद, युवा मोर्चा के सिंदरी सचिव मधु दास, सूरज बाउरी, श्याम कुमार, प्रसेंजित महतो, लोबिंद मरांडी, सहदेव मुर्मू, वीरेंद्र राय, रूपेश महतो, मनोज दास, तुलसी दास समेत कई लोग थे।

### बिना सूचना के बिजली कनेक्शन काटने के खिलाफ जीएम से की शिकायत

**पुटकी ।** गोपालीचक दो नंबर निवासी इंद्रजीत सिंह ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड केमहाप्रबंधक को पत्र लिखकर विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, करकेंद के द्वारा बिना किसी कारण के बिजली कनेक्शन काटने की शिकायत गुरुवार को की है। पत्र में सिंह ने कहा कि नया बिजली कनेक्शन जोड़ने के लिए 18अगस्त 2020को आवेदन दिया था। काफी जद्दोजहद के बाद विद्युत संयोग किया गया था। इसके बाद बिल भी जमा किया पर बिना कारण बताये बीते 8 फरवरी को विद्युत संयोग काट दिया गया। ऐसा करना बिजली विभाग की तानाशाही को दर्शाता है, जबकि पूर्व में बिना संयोग के ही बिजली बिल भेजा गया था।

# फाइलेरिया मुक्ति अभियान को लेकर निकाली गयी रैली

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी



रैली में शामिल लोग छाया- आवाज

**गोविंदपुर।** फाइलेरिया मुक्ति अभियान को लेकर गुरुवार को गोविंदपुर प्रखंड मुख्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई जिसकी अगुवाई बीडीओ संतोष कुमार एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अचरा मान ने की। रैली में आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका और सेविका एवं प्रखंड कार्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने भाग लिया। बीडीओ ने कहा कि एमडीए अभियान 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाया जाएगा। इस दौरान सरकार की ओर से डीसी और अल्बेंडाजोल की दवा मुफ्त खिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 1 से 2 साल तक के बच्चों को कृमि मुक्ति हेतु दवा खिलाई जाएगी। दवा खाली पेट नहीं खानी है। 2 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोग से पीड़ित व्यक्तियों के अलावा यह दवा सभी को खानी है। रहमान ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है। यह दवा फाइलेरिया के रोगाणु को मार देती है और लोगों को हाथीपांव एवं हाइड्रोसील जैसी बीमारी से बचाने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि किसी भी उम्र में फाइलेरिया का संक्रमण हो सकता है। इस दौरान सुरक्षित दवा भरोसा स्वास्थ्य का एवं आपका सहयोग प्रयास हमारा फाइलेरिया से मुक्त हो झारखंड हमारा के नारे लगाये गये। रैली में बीपीआरओ काली पद रजक, बीएओ जसीम अख्तर, अब्दुल मजीद आदि शामिल थे।

## शिक्षा और जागरूकता से होगा नाई समाज का उत्थान : दीनानाथ



कार्यक्रम में शामिल लोग छाया- आवाज

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी

**तिसरा।** गुरुवार को अखिल भारतीय नाई समाज बलियापुर प्रखंड कमेटी का कार्यकर्ता मिलन समारोह एमओसीपी कम्यूनिटी हॉल में संपन्न हुआ। अध्यक्षता गौतम ठाकुर और संचालन दीपक शर्मा ने किया। सबसे पहले कमेटी के सदस्यों ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी एवं उनके पद चिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। समारोह में मुख्य रूप से नाई समाज के जिला अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर और लखन प्रमाणिक ने कहा कि समाज में शिक्षा का अलख जगाना है। किसी भी समाज के निर्माण के लिए समाज के लोगों को शिक्षित और जागरूक होना जरूरी है। इसलिए हमलोग का सबसे पहला संकल्प है समाज को शिक्षित करना। उन्होंने समाज के लोगों से एकता बनाकर संगठन विस्तार करने की बात कही। समाज में फैली कुरीति शराब सेवन और दहेज प्रथा पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया। कहा झारखंड में नाई समाज की संख्या अधिक है लेकिन राजनीतिक दल उपेक्षा कर रहे हैं। कर्पूरी ठाकुर की जयंती जिले भर में मनाई जा रही है। समाज के लोगों को एकत्रित किया जा रहा है। अंत में एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली मिलन की भी शुभकामनाएं दी। मौके पर शंभू ठाकुर, युधिष्ठिर प्रमाणिक, धीरेन प्रमाणिक कर्पूरी ठाकुर अजय ठाकुर आमोद ठाकुर मदन प्रमाणिक अशोक शर्मा, निरंजन ठाकुर,हीरा शर्मा, ईश्वर ठाकुर सुनील ठाकुर राजू शर्मा, रामाशीष शर्मा, गोपाल प्रमाणिक, सुसील ठाकुर, कैलाश ठाकुर, अजीत ठाकुर आदि थे।

### कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय भागवत महायज्ञ का शुभारंभ



**सिंदरी।** गोशाला ओपी अंतर्गत हेट कांड्रा बस्ती में गुरुवार से नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत महायज्ञ गुरुवार से कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा हेट कांड्रा यज्ञ स्थल से चलकर कांड्रा बाजार दुर्गा मंदिर पहुंची और फिर उसी रास्ते से हेठ कांड्रा दामोदर नदी घाट पहुंच कर दामोदर नदी में पंडितों के द्वारा विधि विधान से पूजन कर जलभरनी कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इसके बाद उसी मार्ग चलकर आपस यज्ञ स्थल पहुच कर बेदियो के उपर कलश रखा गया। मौके पर दिनेश पांडे, रणबीर महतो,शक्ति पांडे, दिजेन पाडे आदि थे।

## पुटकी मध्य विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण का विरोध

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी

**पुटकी।** पुटकी दुर्गामंदिर प्रांगण में गुरुवार शाम को स्थनीय लोगों की बैठक हुई जिसमे पुटकी मध्य विद्यालय में बनने वाले चहारदीवारी निर्माण का पुरजोर विरोध करने का निर्णय लिया गया। साथ ही अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से मिलकर वस्तु स्थिति की जानकारी देने एवं जनभावनाओं से अवगत कराने की बात कही। विदित हो कि पुटकी मिडिल स्कूल मैदान में करीब 103 साल से दुर्गा पूजा, काली पूजा एवं राम नवमी के अवसर पर अखाड़े का आयोजन होता आ रहा है। यहां विद्यालय का निर्माण बाद में हुआ है। इसलिए विद्यालय का विकास हो किंतु आस्था पर चोट पहुंचा कर नहीं। बैठक में सुंदरी देवी, अक्षयवार प्रसाद, शिव नंदन पासवान, मनोज सिंह, केदार वर्णवाल, राम प्रताप शर्मा, हीरा शर्मा, निरंजन शर्मा, महेंद्र बर्णवाल, महेंद्र प्रसाद, टीपू आदि थे।

### पुटकी प्रेम नगर में हाड़ी संघर्ष मोर्चा ने चौथा स्थापना दिवस मनाया

**पुटकी।** अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा चौथा स्थापना दिवस गुरुवार को पुटकी प्रेम नगर में केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार हरि ने कहा कि संगठन पिछले चार वर्षों से मजबूती से समाज के दबे कुचलों के उत्थान व संगठन की मजबूती के लिए काम कर रहा है। मौके पर जिला सचिव जगदीश हरि, शिबू हरि, ऋषि कुमार, बबीता देवी, प्रियांशु कुमार, प्रदुम कुमार आदि उपस्थित थे।

## छाई ढुलाई से फैल रहे प्रदूषण के खिलाफ सड़क पर उतरे लोग

- सांस संबंधी बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी

**सिंदरी।** भाजपा नेता धीरज सिंह के नेतृत्व में डोमगढ़ क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने एफसीआई सिंदरी के छाई की ढुलाई के दौरान होने वाले प्रदूषण के खिलाफ गुरुवार को लोगों का आक्रोश भड़क गया। लोगों ने छाई की ढुलाई करने वाली बीआरसी एवं हर्ल एसीसी कंपनी में परिवहन के कार्य करने वाले गाडियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान धीरज सिंह ने कहा कि एफसीआईएल सिंदरी ने आपने वर्षों पुरानी छाई का टेंडर के माध्यम से बेच दिया गया है। उस छाई को बीआरसी कंपनी के गाडियों से ले जाया जा रहा है। बीआरसी कंपनी के गाडी छाई को ओवरलोड एवं बगैर तिरपाल से ढंके ही ले जा रहे है जो उड़ते हैं और प्रदूषण फैलाते हैं। हर्ल एवं एसीसी के गाडी आवाजाही से सड़क के धूल कण हवा के साथ उड़कर डोमगढ़ क्षेत्र के कालोनीवासियों को प्रभावित कर रहा है और लोगों का जीना मुहाल हो गया हैं साथ ही लोगों को सांस से संबंधित विमारी होने लगी है। दुकानों में भी धूल की मोटी परत बैठ रही है। कंपनी पाननी का छिड़काव करे नहं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। मौके पर अमित कुंडू, श्याम बहा दुर सिंह, प्रकाश श्रीवास्तव, ज्वाला प्रसाद, अनिल साह, पप्पू अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल,अजय अग्रवाल, मानिक, रोबिन, सपन कुंडू, श्यामल दा, मिथुन बाल्मीकि, राजू सिंह, भोला कुंडू, सुभाष सरकार, लखु यादव, मुजाहिर आलम, मिंटू खान आदि थे।

### सुरक्षित पुनर्वास की मांग को लेकर सीपीआईएम ने निकाली रैली

# कुजामा को उजाड़ने वालों को खदेड़ कर भगाएं : पासवान

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी



रैली में शामिल लोग छाया- आवाज

**अलकडीहा।** कुजामा और लोदना क्षेत्र को उजाड़ने की साजिश के विरोध में सीपीआई(एम) झरिया लोकल कमेटी के बैनर तले कुजामा से रैली निकाली गई। जो लोदना क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण करते हुए लोदना बाजार पहुंची और सभा में तब्दील हो गयी। सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव मंडल सदस्य शिव बालक पासवान ने कहा कि कुजामा के लोग आज भयभीत हैं। उनका घर कब उजड़ जाएगा यह कहना मुश्किल है, क्योंकि आए दिन कुजाम प्रबंधन लोगों को यहां से हटने की धमकी दे रहे हैं। ऐसे में गरीब कहां जाएंगे, इसलिए इस सभा के माध्यम से आप लोगों को जागरूक करने आए हैं। एकता बनाए रखें और प्रबंधन का विरोध करें। घर उजाड़ने वाले को खदेड़ कर भगाएं। केस मुकदमा से नहीं डरें तभी आपकी झोपड़ी बचेगी। प्रबंधन को भी बताया गया कि बिना सुरक्षित पुनर्वास के एक भी व्यक्ति नहीं हटेगा। सभा को पार्टी के जिला सचिव मंडल सदस्य आरके पासवान, शिव बालक पासवान, धर्मेन्द्र राय, सुरेश पासवान, प्रजा पासवान, विकास कुमार ठाकुर, शिव कुमार सिंह, भगवान दास पासवान, नारायण चक्रवर्ती, नौशाद अंसारी, दुकालू बीपी, रामवृक्ष धारी, कुंदन पासवान, दयानंद शर्मा, शंकर पासवान, भोला पासवान, मधु बनर्जी आदि शामिल थे।

## बाल विवाह रोकने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन



शिविर में मौजूद लोग छाया : आवाज

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी

**बलियापुर।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को जिला समाज कल्याण व जिला बाल संरक्षण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह रोकने को लेकर जागरुकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी ने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए गांव टोला शहरों में जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने बाल विवाह के संबंध में विस्तृत जानकारी आंगनबाड़ी सेविकाओं व महिला पर्यवेक्षकों को दी। मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अल्पना कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका कीर्ति पुष्प, पूर्णिमा मरांडी, रश्मि सिन्हा, श्वेता सिन्हा समेत 180 आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाएं मौजूद थीं

## बलियापुर के स्कूलों में बच्चों के बीच कॉपी का वितरण

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी

**बलियापुर।** बलियापुर प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में राज्य सरकार की ओर से छात्र छात्राओं के बीच कॉपी वितरण किया गया। शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों के प्रथम से अष्टम वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षा के प्रति जागरुकता को लेकर हर प्रकार की सरकारी सुविधा दी जा रही है। सरकार छात्रों को छात्रवृत्ति, पोशाक, साइकिल, किताब, कॉपी, पेंसिल तक निशुल्क मुहैया करा रही है । सरकार गांव की अंतिम कड़ी तक शिक्षा की अलख जगाने की पहल कर रही है। झारखंड के कोई भी बच्चे अशिक्षित ना रहे इसके लिए सरकार तत्पर हैं। रघुनाथपुर मध्य विद्यालय में कॉपी वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक प्रभात कुमार ने उक्त बातें कही। कहा कि छात्र-छात्रा एवं अभिभावकों भी शिक्षा की इस पहल पर हाथ से हाथ बटाने की जरूरत है। मौके पर अशोक कुमार, कृष्णा कुमार एवं प्रबंधन कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

## कलवर्ट धंसने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, प्रबंधन रेस

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी

**अलकडीहा।** साउथ तिसरा जोड़िया पर बने कल्वर्ट धंसने पर लोदना प्रबंधन रेस हो गया है। अधिकारी कह रहे हैं कि कलवर्ट को तोड़कर फिर से बनाया जाएगा पर, सवाल उठता है कि पहले ही क्यों नहीं मजबूती दी गई। कलवर्ट धंसने से आस-पास के ग्रामीणों में भी लोदना प्रबंधन के प्रति आक्रोश है। ग्रामीण कभी भी सड़क पर उतरकर कर आंदोलन कर सकते हैं। ज्ञात हो कि नार्थ तिसरा चेक पोस्ट से लेकर साउथ तिसरा वर्कशॉप तक नव दुर्गा कंस्ट्रक्शन कंपनी को साढ़े तीन करोड़ की लागत से पीसीसी सड़क बनाने की जिम्मेवारी सौंपी थी लेकिन सड़क बनने के कुछ माह बाद ही साउथ तिसरा वर्कशॉप के समीप बने कलवर्ट धंस गया। सड़कों पर दरारे आ गई। प्रबंधन द्वारा लाल झंडा लगा दिया गया है। उस रास्ते से गुजरने वाले लोगों को खतरे से आगाह कर दिया है। भारी वाहनों के चालकों से भी कहा गया है कि भारी वाहन लेकर ना आए। इससे साफ जाहिर है कि सड़क निर्माण मे खूब लूट खसोट हुई है। इस संबंध में एनटीटी-एसटी जीनागोरा के ओवरसियर परिमल कुमार ने कहा कि सूचना मिली है। सड़क में दरारें पड़ गई है। कलवर्ट धंस गया है। इसे तोड़ कर फिर से बनाया जाएगा। इसके लिए ठेकेदार को कहा गया है। जल्द ही समस्या दूर हो जाएगी।

## खेलकूद से होता है शारीरिक और मानसिक विकास : पिंकी



फीता काटती प्रमुख पिंकी देवी और मौजूद अन्य छाया- आवाज

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी

**बलियापुर।** बीबीएम प्लस टू महाविद्यालय की ओर से हवाई पट्टी मैदान दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने फीता काटकर व हरी झंडी दिखाकर किया। प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद जरूरी है। कहा कि खेलकूद से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। प्रमुख ने प्रतिभावान खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम शीला कुमारी, द्वितीय रितु कुमारी, तृतीय रोशन परवीन, 200 मीटर दौड़ में प्रथम शीला कुमारी, द्वितीय रितु कुमारी, तृतीय सुलेखा कुमारी, चम्पच गोली रेस में प्रथम अंजली सोरेन, द्वितीय मनिषा टुडु, तृतीय शीला कुमारी, बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ में प्रथम सूरज किस्कू, द्वितीय शिद्धार्थ महतो, तृतीय राहुल कुमार, 400 मीटर दौड़ में प्रथम मोतीलाल महतो, द्वितीय रोहित महतो, तृतीय अमित कुमार महतो, हाई जंप में प्रथम राजु कुमार महतो, द्वितीय राहुल कुमार महतो व तृतीय रोहित टुडु शामिल रहे। मौके पर प्राचार्य प्रोफेसर सुरेश प्रसाद महतो, प्रोफेसर अकबर अली खान, खेल प्रभारी प्रोफेसर अमीन महतो, प्रोफेसर बरूण सरकार, प्रोफेसर विशेश्वर महतो, प्रोफेसर काजी असीर अहमद अंसारी, प्रोफेसर शक्तिपद महतो, प्रोफेसर अरूण महतो, प्रोफेसर विप्लव सरकार, प्रोफेसर दिनेश महतो, पूर्व प्राचार्य मुरलीधर सिंह, पंसस रोहित महतो आदि मौजूद थे।

# डीजल चोरी का आरोपी निकला कोल कर्मी, विभागीय कार्रवाई का निर्देश

■ यूकोवयू ने किया विरोध जताते हुए किया हंगामा

**आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी**

**बाघमारा :** बीसीसीएल में कई महीने से डीजल की हो रही हेराफेरी का आखिरकार प्रबंधन ने गुरुवार को पर्दाफाश दिया। डीजल चोरी के आरोप में प्रबंधन ने ऑपरेटर दुर्गा हेंब्रम के खिलाफ कार्रवाई की। प्रबंधन की मानें तो आये दिन कुछ संदिग्ध लोगों की मिलीभगत से डीजल में हेराफेरी की सूचना लगातार मिल रही थी। उसी आलोक में प्रबंधन ने जाल बिछाकर छानबीन शुरु कर दी। इस दौरान पीओ केके सिंह ने एबीओसीपी माइंस में हाइड्रोलिक शॉवेल मशीन से लगभग पांच सौ लीटर डीजल चोरी करते हुए ऑपरेटर दुर्गा हेम्ब्रम को रंगेहाथ पकड़ लिया। ऑपरेटर ने इस दौरान सिंडिकेट में शामिल कई सफेदपोश लोगों का नाम पीओ के सामने जाहिर किया। फिलहाल पीओ ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए उक्त ऑपरेटर के खिलाफ अभियोग पत्र जारी कर दिया है। इधर डीजल चोरी मामले के विरोध में युकोवयू की अगुवाई में मजदूरों ने कोलियरी का चक्का जाम कर दिया। जिससे चार घंटे तक उत्पादन व डिस्पैच बाधित रहा। यूनियन नेताओं का कहना है कि प्रबंधन बिना जांच पड़ताल किये बगैर डीजल चोरी होने मे संलिप्तता होने का गलत आरोप लगाते हुए एक ऑपरेटर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई कर रही है। अगर प्रबंधन ऑपरेटर को आरोप मुक्त नहीं किया तो युकोवयू की और से अनिश्चतकाल के लिए कोलियरी का चक्का जाम कर दिया जायेगा। बाद में मैनेजर केके दत्ता, कार्मिक प्रबंधक पीके झा, एवं टीएस चौहान के साथ वार्ता हुई। यूनियन प्रतिनिधियों के आगे नतमस्तक होते हुए प्रबंधन ने ऑपरेटर को दिये गये अभियोग पत्र को निरस्त करने का आश्वासन दिया। इसके बाद मजदूरों ने आंदोलन समाप्त कर दिया। मौके पर यूनियन के तुलसी साव, अरशद हुसैन, मुरारी पांडेय, पीडी गुड़िया, ब्रह्मदेव महथा, संतोष दास,सुनील कुमार पांडेय, लखन हरि, नुनुलाल पांडेय, दुर्गा हेम्ब्रम, प्रकाश मोदी सहित अन्य मजदूर शामिल थे।


अधिकारियों के समक्ष विरोध जताते लोग

### कमेटी बनाकर 76 हजार गबन करने का आरोप

**लोयाबाद।** लोयाबाद में कोऑपरेटिव कमेटी बनाकर पैसे गबन करने का मामला प्रकाश मे आया है। लोयाबाद सात नंबर निवासी बीसीसीएल कर्मी सुदर्शन चौहान ने लोयाबाद पुलिस को लिखित शिकायत देकर लोयाबाद पावर हाउस निवासी योगेन्द्र यादव पर कमेटी बनाकर ड्रॉ के जरिये 76 हजार रूपये गबन करने का आरोप लगाया है। शिकायत मे उन्होने बताया कि 2-3 साल पहले योगेन्द्र यादव के नेतृत्व मं 20 लोगों की कोऑपरेटिव कमेटी का 20 सदस्यीय टीम बनाया गया था जिसमें चार हजार रुपए महिना जमा करना था। मैंने 19 माह तक चार रूपया जमा किया, जब मेरे पैसे उठाने की बारी आई तो उसने कमेटी बंद कर दिया। अब पैसे मांगने पर टाल मटोल कर रहा है। उसने पुलिस से मामले मे उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

### बिजली टावर पर चढ़ी विक्षिप्त महिला मशक्कत के बाद उतारा गया

**आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी**

**पंचेत :** पंचेत ओपी क्षेत्र के डीवीसी उच्च विद्यालय के पीछे एक लाख 32 हजार ट्रांसमिशन लाइन बिजली टॉवर के ऊपर 40 वर्षीय महिला चढ़ गई। ग्रामीणों और पुलिस के कहने पर महिला काफी मशक्कत के बाद नीचे उतरी। महिला की पहचान सरस्वती मुर्मू के रूप में हुई है। वह पंचेत ओपी क्षेत्र के नेपुरा बुटबाड़ी गांव की रहनेवाली है। बताया जाता है कि महिला मानसिक रूप से विक्षित है। मायके पास के ही गांव भालका लालडीह में हैं। गुरुवार को महिला अचानक दोपहर के लगभग 12 बजे टॉवर पर चढ़ गई। किसी ग्रामीण की नजर उक्त महिला पर पड़ी तो उसने आसपास के ग्रामीणों को सूचना दी। संयोग से महिला को करंट नहीं लगी। गांव में टावर लगाए जाने से गांव के लोग राज्य सरकार के खिलाफ खरी खोटी सुना रहे हैं। महिला का पति रंजित मुर्मू और पिता रूपई मांझी ने महिला को पंचेत ओपी से घर ले गए।

### महुदा मोड़ में महारूद्र यज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**महुदा ।** शिव-शक्ति धाम कांड्रा,महुदा मोड़ में महा शिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित 11 दिवसीय श्री श्री 1008 महारूद्र के तीसरे दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। गुरूवार को सुबह विधिवत आचार्यो,पंडितों व यजमानों ने पूजा-अर्चना कर हवन शुरु कर दिया ।तत्पश्चात हवन के साथ यज्ञ प्रांरभ हुआ। इस दौरान सुबह से ही श्रद्धालुओं का यज्ञ मंडप का परिक्रमा के लिए तांता लगा रहा ।पूरे मंदिर परिसर व मंदिर के आसपास मेला का माहौल बना रहा ।पूरे क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण श्रद्धा व भक्ति के साथ यज्ञ स्थल पहुंचे ।सौलह आना समिति व यज्ञ समिति के लोग इस महोत्स्व की देखरेख में तत्पर रहे ।शाम को आचार्यो ने प्रभु की आरती की। आरती में भारी संख्यां में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## संक्षिप्त खबर

### बेकारबांध में बाराती और सराती में भिड़ंत, गाड़ियों के शीशे तोड़े

**धनबाद :** बेकारबांध में गुरुवार रात बाराती और सराती में किसी बात को लेकर भिड़ंत हो गई। इस दौरान दोनों ओर से जमकर लात-घूंसे चले। गाड़ियों के शीशे भी तोड़े गए। मारपीट के दौरान पत्थरबाजी भी हुई। जिसमें चार लोगों के सिर में चोट लगे हैं। घायलों में सत्यम तिवारी, निलेश, राजेश गुप्ता, सत्यम कुमार शामिल है। लोगों का कहना है कि लड़की पक्ष बेकारबांध के हैं। बारात चीरागोड़ा से आई थी।

### ट्रेन की चपेट में आने से कुमारधुबी झोपड़पट्टी निवासी की मौत

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी स्टेशन के पश्चिम वे ब्रीज के पास ट्रेन की चपेट में आ जाने के कारण झोपड़पट्टी निवासी 55 वर्षीय रवि मल्लिक उर्फ मामा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जीआरपी कुमारधुबी ने शव को कब्जे में कर लिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रवि बुधवार की रात्रि शौच के लिए रेलवे लाइन पार रहा था उसी दौरान अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया।

### असामाजिक तत्वों ने तोड़ी मजदूर नेता बढ़न दास की प्रतिमा, उखाड़े ग्रील

**कतरास।** छाताबा-मालकेरा रोड पर स्थापित मजदूर नेता बढ़न दास की प्रतिमा वेदी को असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया.साथ ही प्रतिमा की घेराबंदी के लिए लगाए गए स्टील के ग्रिल को उखाड़ कर अपने साथ ले गए। घटना से दिवंगत मजदूर नेता के समर्थकों में रोष व्याप्त है। मामले को लेकर दिवंगत नेता के पुत्र राजकुमार दास ने बताया कि सूचना मिली कि कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा प्रतिमा बेदी में तोड़फोड़ की गई है। इससे हमें काफी दुख पहुंचा है। घटना को लेकर पुलिस से शिकायत करेंगे। उल्लेखनीय है कि स्थानीय लोगों व दिवंगत नेता के समर्थकों के आग्रह पर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो में करीब 5 वर्ष पूर्व उक्त स्थाल पर दिवंगत मजदूर नेता की प्रतिमा स्थापित कराई थी।

### निरसा विधायक अपर्णा ने किया सड़क का शिलान्यास

**कालबथान।** निरसा विधायक की अनुशंसा पर ग्रामीण कार्य विभाग मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कलियासोल प्रखंड अन्तर्गत छोटा अम्बोना में झन्टु गोप चौक से छोटा अम्बोना नीचे टोला तक लंबाई लगभग 1.45 किमी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास निरसा बिधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने किया। विधायक निधि से बनने वाले केलियासोल प्रखंड अखद्वारा गांव के मंडल टोला में 350 फीट पीसीसी सड़क निर्माण कार्य, सुसुनलिया गाँव में गोराई टोला में शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर कलियासोल मंडल अध्यक्ष गोपाल भारती, चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष डब्लु बाउरी, प्रकाश बाउरी, सुरजित चन्द्रा फुलचंद मंडल परेश चंद्र दास आस्तीक मंडल, राजकुमार प्रमाणिक बाबलु सहिस दुजोटी चौवे श्यामल दां आदि उपस्थित थे।

## मूर्ति विसर्जन विवाद में ग्रामीणों पर मामला दर्ज करने का विरोध

■ आजसू ने दिया धरना केस वापस लेने की मांग

■ पुलिस के खिलाफ रैली निकाल कर दिया धरना

**आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी**

**कालूबथान :** कालूबथान ओपी क्षेत्र के कलियासोल नीचे टोला के मूर्ति विसर्जन के क्रम में बीते 30 जनवरी की रात को हुई पुलिस व ग्रामीणों के बीच झड़प को लेकर पुलिस द्वारा 18 ग्रमीणों पर मामला दर्ज किए जाने के बाद 9 फरवरी को आजसू पार्टी के वैनर तले कालूबथान ओपी के विपरीत दिशा के मैदान एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौराना पुलिस ने भी अतिरिक्त बलों को बुला लिया। धरना प्रदर्शन में मुख्य रुप से आजसू के केंद्रीय सदस्य रतिलाल महतो, सफिक आलम, नरेश महतो, संतोष कुशवाहा, गिरधारी महतो, जगन्नाथ महतो आदि शामिल थे। कलियासोल पंचायत सचिवालय से दर्जनों महिला व पुरुषों ने पुलिस के खिलाफ रैली भी निकाली। इस दौरान कालूबथान पुलिस की दादागीरी नहीं चलेग, कालूबथान पुलिस केस वापस लो आदि के नारे लगाते हुए धरनास्थल पर पहुचे। सभा की अध्यक्षता विवेक मंडल कर रहे थे एवं संचालन रतिलाल महतो ने किया। उपस्थित वक्ताओं ने अपना बक्तव्य रखते हुए कहा कि कालूबथान पुलिस ग्रामीण पर किये गये केस को वापस ले नहीं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।


धरना में शामिल लोग

### लिलोरी मंदिर दुकानदार समिति का पुनर्गठन सुरेश बने अध्यक्ष

**कतरास।** लिलोरी मंदिर दुकानदार समिति के पुनर्गठन को लेकर बुधवार को मंदिर परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पुराने कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गय। सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुरेश कुमार महतो, उपाध्यक्ष मंटू महतो, लक्ष्मण साव,राखो हरि पटवा, नरेन महतो, सचिव शंकर जयसवाल, सह सचिव सिंटू बनजी, सुबोध साव, प्रदीप लाला, रमेश महतो, महासचिव शंकर साव कोषाध्यक्ष पवन गुप्ता सह कोषाध्यक्ष टिंकू महतो को बनाया गया. इसके अलावे धनंजय कुम्हार बैजनाथ महतो सुधीर महतो मानिक कुम्हार राकेश महतो मुकेश महतो जगरनाथ महतो शंकर महतो संतोष महतो दिलीप चटजी पिंटू रबानी परदेशी महतो गोल टू मोदक दीपक कुम्हार मनोज कुम्हार राजकुमार महतो विजय महतो अनिल पटवा मुकेश महतो टिंकू महतो टिंकू महतो विजय बावरी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया.

## तोपचांची : सड़क दुर्घटना में छात्रा गंभीर रूप से घायल

**आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी**

**तोपचांची।** गुरुवार को तोपचांची थाना क्षेत्र अन्तर्गत 12 नंबर के समीप सड़क पार कर रही छात्रा को एक कंटेनर संख्या यूपी70एफटी/2227 ने अपनी चपेट में लिया। कंटेनर की चपेट मे आने से छात्रा गंभीर रुप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार आसना सिंघा निवासी छात्रा गायत्री कुमारी ट्यूशन पढने के लिए राजगंज जा रही थी, सड़क पार करने के क्रम में वह कंटेनर की चपेट में आ गई जिससे उसका पैर बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों का भीड़ घटनास्थल पर जुड़ गए. गंभीर रूप से जख्मी छात्रा को बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस के सहारे धनबाद अस्पताल भेज दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही तोपचांची थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है।


सड़क पर रोती घायल छात्रा

### पेड़ से टकराई स्कूटी तीन छात्र घायल

**लोयाबाद।** टाटा डीएवी सिजुआ में 12 वी कक्षा के छात्र रितिक कुमार तथा मनीष कुमार गुप्ता प्रैक्टिकल परीक्षा देने के बाद स्कूटी से एक दोस्त के साथ अपने घर कतरास लौट रहे थे। इसी क्रम में तीनों सेल्फी बनाने लगे। जब भेलाटांड़ मोड़ पार थोड़ी दूर गये तो एक विशाल पेड़ सेस टकरा गये। घटना में रितिक और मनीष गंभीर रूप से घायल हो गये और तीसरे छात्र को आंशिक चोट आई। इसके बाद लोग उन्हे टाटा फीडर अस्पताल ले गये। वहां से उन्हे धनबाद रेफर कर दिया गया।

## मथुरा महतो ने किया जलापूर्ति योजना का शिलान्यास

**आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी**

**तोपचांची।** पेयजल स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार के जलापूर्ति योजना अंतर्गत तोपचांची प्रखंड के लोकबाद पंचायत में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के द्वारा तीन पंचायतों के 14 ग्रामों की जलापूर्ति योजना का शिलान्यास एक साथ नारियल फोड़ कर किया। इस दौरान विधायक मथुरा महतो ने संबधित पंचायतों के मुखियाओं को स्थल चिह्नित कर अपनी देखरेख में जमीनार लगवाने की की बात कही। साथ ही संबंधित संवेदक को गुणवत्ता पूर्ण काम करने की हिदायत दी। पीएचडी द्वारा तोपचांची के लोकबाद पंचायत, ब्रह्मणडीहा पंचायत एवं सिंगदाहा पंचायत के चौदह गावों मे जलपूर्ति योजना अंतर्गत जलमीनार लगवाना है। मौके पर पीएचडी एई सोमर मांझी, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, सांसद प्रतिनिधि सुभाष चन्द्र रवानी, मुखिया विवेक पासवान, जमील अहमद, बसंत महतो, शहाबुद्दीन अंसारी सहित दजर्नों लोग मौजूद थे ।


शिलान्यास के दौरान मथुरा महतो और अन्य

### टुंडी में अमृत सरोवर निर्माण कार्य का शिलान्यास

**टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत रूपन पंचायत में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट से 20 लाख 11 रुपये के लागत से रूपन में बनने वाले अमृत सरोवर निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को स्थानीय विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं जिला सांसद प्रतिनिधि राम प्रसाद महतो ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जीप सदस्य जोबा मरांडी बसंत महतो, स्थानीय मुखिया सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### लोयाबाद से धरना में शामिल होने धनबाद निकले पीडीएस डीलर

**लोयाबाद।** गुरुवार को भी फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के आवाह्न पर पीडीएस डीलरों की तीन दिवसीय हड़ताल जारी रही। गुरुवार को वार्ड नंबर सात एवं आठ के 29 पीडीएस डीलर धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर घोषित सांकेतिक धरना में शामिल होने के लिए लोयाबाद से निकले। तीन दिनों से जन वितरण दुकान बंद रहने से गरीब कार्डधारकों को राशन नहीं मिल पा रहा है। बताया जाता है कि उचित मानदेय की मांग और जनवरी से कमिशन नहीं मिलने के विरोध में पूरे देश में पीडीएस डीलर हड़ताल पर हैं। पीडीएस दुकानदार सत्येंद्र पासवान ने कहा कि जनवरी से केंद्र सरकार द्वारा मुफ्त में राशन बांटने को कहा गया है जिसका कमिशन नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में उनका परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहा है। हमलोगों को उचित मानदेय मिलना चाहिए।

## दो प्रतिशत कृषि शुल्क का विरोध व्यवसायियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी**

**राजगंज।** गुरुवार को धनबाद जिला खाद्यान्न व्यवसायी संघ सह बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स की एक बैठक का आयोजन राजगंज में किया गया। व्यापारियों ने राज्य सरकार द्वारा लगाए गए दो प्रतिशत कृषि बाजार शुल्क विधेयक का विरोध किया एवं सरकार को चेतावनी देते हुए एक सप्ताह का समय दिया और कहा कि 14 फररवरी तक सरकार इसे वापस ले, अन्यथा 15 फरवरी से पूरे झारखंड में व्यवसायी संग अपनी अपनी दुकानों को अनिश्चित काल के लिए बंद कर विरोध जताएंगे। इस दौरान जब तक व्यापार बंद रहेगा और लोगों को जो नुकसान होगा उसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। बैठक में जिला खाद्यान्न व्यवसाय संघ के महासचिव विकास कंधवे, बाजार समिति अध्यक्ष विनोद गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल, गौरव गर्ग, सुरेंद्र जिंदल, दीपू कटेसरिया, बिट्टू लाडिया, अनिल मित्तल, आनंद अग्रवाल, अशोक सर्राफ, सौरभ कटेसरिया, रिंकू बंसल, हेली सिंह, सुधीर बंसल, अमित गोयल, पिंटू साव, राजेश अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, आशीष चौरसिया, कुंदन मित्तल, अशोक अग्रवाल, विकास देवरालिया, नारायण दे, संतराम जयसवाल, देव प्रसाद गोराई, विश्वजीत स्वणकार, संतोष अग्रवाल एवं रामविलास अग्रवाल शामिल थे।

## नेक की मान्यता मिलने से उज्ज्वल होगा छात्रों का भविष्य : प्रमुख

**आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी**

**बाघमारा।** बाघमारा प्रखंड प्रमुख गीता देवी गुरुवार को बाघमारा कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कॉलेज कमिर्यो ने नेक की मान्यता को लेकर किये जा रहे तैयारी से प्रमुख को अवगत कराते हुए उसकी विशेषता बताने का काम किये। प्रमुख ने कहा कि कॉलेज को नेक की मान्यता दिलाने के लिए जहां तक संघर्ष करना पड़ेगा वहां तक करुंगी। नेक की मान्यता मिलने के बाद बाघमारा सहित आस पास क्षेत्र के विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल होगा। इस दौरान उन्होंने कॉलेज केम्पस का भ्रमण करने के साथ साथ क्लाश रूम का निरीक्षण कर छात्र छात्राओं से सवाल जवाब किये। शिक्षण कार्य में कॉलेज प्रबंधन की व्यवस्था से संतुष्ट होने के बाद प्रमुख ने आश्वस्त किया कि सरकारी योजनाओं में विलंब होती है। ऐसे में निमित अवधि में हमारे तरफ से जो संभव हो पाएगा अवश्य करुंगी। साथ ही सरकारी फंड में कैम्पस में सोलर रहित जलमीनार सहित अन्य योजनाओं को धरातल में उतारने का काम करुंगी। कॉलेज प्रबंधन की ओर से प्रमुख को जानकारी दिया गया कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बाघमारा की एकमात्र धरोहर बाघमारा कॉलेज के विकास को लेकर आने वाले दिनों में स्थानीय अभिभावकों के साथ साथ जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर विचार विमर्श तथा सुझावों का आदान प्रदान किया जाएगा। मौके पर कॉलेज के सभी शिक्षकेटरकमी मौजूद थे।


कॉलेज निरीक्षण के दौरान गीता देवी और अन्य

## टिंकरिंग लैब अटल इनोवेशन मिशन का हिस्सा : तिवारी

**आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी**

**बाघमारा।** अटल टिंकरिंग लैब की विद्यालय में स्थापना होना गर्व की बात है। लैब के माध्यम से बच्चे प्रौद्योगिकी नवाचार से परिचित होंगे एवं विज्ञान गणित की अवधारणा को उपकरण के माध्यम से सीखने का काम करेंगे। यहां तक कि उक्त लैब का उपयोग अन्य विद्यालय के होनहार छात्र छात्राएं भी उठा सकते है। वर्तमान में झारखंड प्रांत में विद्या भारती के 27 विद्यालय एटीएल लैब सुसज्जित हो चुके हैं। टिंकरिंग लैब अटल इनोवेशन मिशन का हिस्सा है। उक्त बातें एसएसवीएम बाघमारा में गुरुवार को अटल टिंकरिंग लैब उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित विद्या विकास समिति झारखंड प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ 21 वीं शदी में तकनीकी शिक्षा देना अति जरूरी है। लैब के माध्यम से छात्र छात्राएं आधुनिक तकनीकों से जुड़ने का काम करेंगे। लैब के माध्यम से बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में मदद मिलेगी। उन्ह9ने कहा कि दुनिया को अगर प्रगति के रास्ते पर ले जाना है, तो बच्चों में विज्ञान और तकनीक के प्रति नई सोच विकसित करना जरुरी है। कार्यक्रम के उपस्थित बीसीसीएल एरिया एक के महाप्रबंधक पियूष किशोर तथा ब्लॉक दो के जीएम चितरंज कुमार ने कहा कि विद्यालय सामाजिक चेतना का केंद्र है। उक्त विद्यालय संस्कार का केंद्र है। जहां बच्चों को ज्ञान में निरंतर वृद्धि दिलाने का काम करती है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत मंचासीन अतिथियों द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद आयोजन समिति की ओर से अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्रा द्वारा प्रस्तुत किये गए गणेश वंदना को देख तालियों की गड़गड़ाहट से हॉल गूंज उठा। मौके पर बाघमारा कॉलेज के प्राचार्य रंजन कुमार,संस्कार ज्ञानपीठ के मुकेश राय, समिति के अध्यक्ष माधव सिंह,विनय पांडेय, विवेक नयन पांडेय, विशु रवानी, गोपाल अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।



कार्यक्रम में शामिल लोग

## संसद में सांसदों के बोलने पर सत्यापन की सेंसरशिप?

*संसद के अंदर सांसदों के बोलने पर क्या सेंसरशिप लागू की जा रही है? राष्ट्रपति के अभिभाषण पर संसद की कार्रवाई शुरू होने के बाद लोकसभा और राज्यसभा में जो नजारे देखने को मिले। संसद में सांसदों के बीच में जो चर्चाएं हो रही थी। उसके अनुसार सत्ता पक्ष के सदस्य और सभापति द्वारा जिस तरह सदस्यों के बोलने के साथ ही, उनसे सत्यापन और पूर्व अनुमति की बात कह कर विपक्षी सांसदों को बोलने से रोक रहे थे। समय-समय आसंदी से भी यह कहा जाता रहा, कि आप अपने आरोपों को सत्यापित करके प्रस्तुत करें। राज्यसभा की आसंदी पर सभापति जयदीप धनखड़ बैठे हुए थे। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भाषण के दौरान कई बार होने से आरोपों के सत्यापन को लेकर बार-बार सभापति द्वारा समझा दी गई। राज्यसभा में बार-बार नियमों का उल्लेख किया गया। उन्हें कई बार बोलने से रोका गया। इससे विपक्ष की नाराजगी भी देखने को मिली। टीवी पर जो दर्शक राज्यसभा की कार्यवाही देख रहे थे, उनके लिए भी यह आश्चर्य का विषय था। क्योंकि अमृत काल के पहले कभी भी सदस्यों को संसद के अंदर इस तरह से बोलने से नहीं रोका गया। लोकसभा और राज्यसभा में बोलने की सांसदों को पूर्ण स्वतंत्रता होती है। लोकसभा और राज्यसभा में सांसदों द्वारा जो बोला जाता है, उसको कहीं पर भी चुनौती नहीं दी जा सकती है। ऐसी परंपरा हमेशा से रही है। नियम के विरुद्ध यदि कोई सांसद कुछ बोल भी देता था, तो अध्यक्ष और सभापति को अधिकार होता था कि वह कार्यवाही से उसे हटवा दे। बोलने के पहले ही इस तरह का दबाव कभी भी सत्ता पक्ष या आसंदी द्वारा नहीं बनाया गया। तथ्य रखने के दौरान नेता प्रतिपक्ष को एंटी नेशनल शब्द का भी सामना करना पड़ा। हालांकि विपक्ष के विरोध करने के बाद तुरंत उसका स्पष्टीकरण भी आ गया। गुजरात हाईकोर्ट के एक फैसले का उल्लेख करते हुए, सदन में जो बात कही जा रही है। उसे भी सत्यापित करने के लिए कहा गया। ऐसा लग रहा था कि जैसे कोर्ट में कोई तथ्य प्रस्तुत हो रहे हों तथ्य को पहले सत्यापित करना जरूरी है। अन्यथा कोर्ट उसको स्वीकार नहीं करेगी। राज्यसभा के सभापति एक जाने-माने वकील भी हैं। संपूर्ण विपक्ष एकजुट होकर जेपीसी की जो मांग कर रहा था, उसको लेकर सदन की पहले भी परंपराएं रही हैं। संसद में जब बोफोर्स का मामला उठा था। उस समय भी अन्य देश की रिपोर्ट के आधार पर संसद में भारी बवाल हुआ, और बाद में जेपीसी का गठन हुआ। शेयर बाजार के हर्षद मेहता घोटाले के समय भी जेपीसी का गठन हुआ था। उस समय पर भी तत्कालीन प्रधानमंत्री पर सदन में आरोप विपक्ष ने लगाये थे। उस समय भी संसद की परंपरा और कार्यवाही में उस समय के विपक्ष को बोलने से ना तो रोका गया था, ना वह जो बोल रहे हैं, उसको सत्यापित करने के लिए कहा गया था। 26 साल में 6 बार जेपीसी का गठन किया गया है। अधिकांश में सरकार को क्लीन चिट मिली। बोफोर्स घोटाला, हर्षद मेहता कांड, केतन पारेख केस, सॉफ्ट ड्रिंक में पेस्टिसाइड का मामला, 2 जी स्पैक्ट्रम केस, वीवीआईपी हेलिकॉप्टर घोटाला इत्यादि में जेपीसी बनाई गयी। संसद में 2 जी घोटाला,कोल घोटाला एवं अन्य मामले में लोकसभा और राज्यसभा में उस समय के विपक्ष ने जमकर हंगामा मचा था। कई दिन तक संसद नहीं चली थी। उस समय भी सांसदों के संसद के अंदर बोलने पर कोई रोक नहीं थी। अध्यक्ष और आसंदी तय करती थी की सदस्य द्वारा यदि ऐसा कुछ बोला गया है जो संसदीय व्यवस्था अथवा नियमों के अनूप नहीं है, उन्हें सदन की कार्यवाही से निकालने की कार्यवाही की जाती थी। मंगलवार को लोकसभा में राहुल गांधी ने भी हिंडन बर्ग की रिपोर्ट और उसमें उठाए गए तथ्यों के आधार पर तथा एक औद्योगिक समूह के साथ सरकार और उनके रिश्तो को लेकर जो बात कही, वह संसद की कार्यवाही से हटा दिए जाने की बात सामने आई है। मलिकार्जुन खड़गे का जवाब राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया उसमें उन्होंने औद्योगिक समूह और लगाए गए आरोपों के बारे में क्या तथ्यों के बारे में कुछ नहीं कहा।*


# हिन्दुओं का सम्मानित धर्मग्रंथ रामचरितमानस

**निर्मल रानी**



देश में इन दिनों गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित राम चरित मानस को लेकर बड़ा विवाद छिड़ा हुआ है। जहां देश का बहुसंख्य हिन्दू समाज रामचरितमानस को अपना सम्मानित धर्मग्रंथ मानता है वहीं इसी बहुसंख्य हिन्दू समाज में ही एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो रामचरितमानस में रचित व प्रकाशित कुछ श्लोकों व चौपाइयों को हिन्दू समाज के दलित,शूद्र,पिछड़े यहां तक कि महिलाओं व ग्रामीणों के अपमान के रूप में भी देखता है। मजे की बात तो यह है कि इतने अंतर्विरोधों के बावजूद देश के इसी बहुसंख्य हिन्दू समाज का लगभग प्रत्येक वर्ग अपने दुख सुख अथवा आराधना के समय इसी रामचरितमानस को अपना सम्मानित धर्मग्रंथ मानते हुये इसी का पठन-पाठन करता आ रहा है। हालांकि रामचरितमानस की आलोचना के स्वर भी दशकों से उठते तो जरूर रहे हैं परन्तु वे इतने प्रबल स्वर नहीं थे जितने अब सुनाई दे रहे हैं। यहां तक कि विगत 29 जनवरी को उत्तर प्रदेश में कुछ राजनैतिक दलों के नेताओं द्वारा रामचरितमानस की प्रतियां जलाने तक की नौबत आ गयी और लखनऊ पुलिस ने कुछ आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम व अन्य आपराधिक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुये उन्हें हिरासत में भी ले लिया । इतना ही नहीं बल्कि रामचरितमानस की प्रतियां जलाने से रुष्ट कुछ संतों ने रामचरितमानस की प्रतियां जलाने वालों का सिर काटने पर इनाम की राशि भी घोषित कर दी।

यदि इसी तरह की घटनाओं को हम वैश्विक सन्दर्भ में देखें तो पूर्व में भारत से लेकर विश्व के अनेक पश्चिमी देशों में मुसलमानों के पवित्र ग्रन्थ कुरआन शरीफ को जलाने की घटनायें भी होती रही हैं। कुरआन शरीफ की आलोचना करने वालों का भी यह तर्क रहता है कि इसमें दर्ज विभिन्न आयतों में गैर मुस्लिमों,काफिरों व मुशरिकों पर जुल्म ढहाने की सीख दी गयी है।





कुरआन और इस्लाम के यही आलोचक दुनिया में घटित होने वाली किसी भी हिंसक या आतंकी कार्रवाई को बड़ी ही आसानी से कुरआन की सीख से जोड़ देते हैं। हर आतंकी घटना को जिहादी घटना बताने लगते हैं। और जब कहीं भी कुरआन शरीफ को अपमानित करने उसे फाड़ने या जलाने जैसी घटनायें होती हैं। इसे ईश निंदा बताया जाता है। उसी समय विश्व इस्लामी जगत में ऐसी घटनाओं पर तीखी प्रतिक्रियाएँ शुरू हो जाती हैं। प्रदर्शन,जुलूस,धरने यहाँ तक कि बड़े पैमाने पर हिंसक प्रदर्शन तक होने लगते हैं। रामचरितमानस की आलोचना हो अथवा कुरआन का विरोध,जब भी ऐसे स्वर बुलंद होते हैं फौरन दोनों ही धर्मों के स्वयंभू धर्मगुरु इन धर्मग्रंथों के पैरोकार के रूप में सामने तो जरूर आ जाते हैं परन्तु प्रायः उनकी भूमिका भी इन्हीं धर्मग्रंथों के अंध भक्त की ही होती है। वे उन आयतों,चौपाइयों व श्लोकों पर स्पष्टीकरण नहीं देते जिनपर लोगों को आपत्ति है या जिनपर उन्हें संदेह है। बजाये इसके वे आलोचक का मुंह बंद करने उसका सिर कलम करने,उसपर धर्मग्रंथों की तौहीन करने या धर्म का अपमान करने जैसे आरोप लगाकर उसे नीचा दिखाना व उसे धर्म विशेष का विरोधी साबित करना चाहते हैं। धर्मग्रंथों की विवादित बातों को यथावत रखने के पीछे ऐसे धर्माधिकारी यह तर्क भी देते हैं कि जो धर्म ग्रन्थ उनके पूर्वजों द्वारा संकलित किया अथवा लिखा गया है उसमें परिवर्तन या छेड़ छाड़ करने का अधिकार किसी को नहीं। कुरान के आलोचक जहां कुरआनी शिक्षा में गैर मुस्लिमों,काफिरों व मुशरिकों पर जुल्म ढहाने के साथ ही इस्लाम को सर्वोच्च व सर्वश्रेष्ठ समझने की सीख देने वाला धर्मग्रंथ होने का आरोप लगाते हैं वहीं रामचरितमानस के आलोचक इसे भी जातिवाद फैलाने व सामाजिक ताना बाना बिगाड़ने वाला धर्मग्रंथ बताते हैं। परन्तु ऐसा नहीं लगता कि विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं द्वारा इन आलोचनाओं से बचने का कभी कोई ठोस व कारगर उपाय किया गया हो या ऐसे विवादित विषयों को लेकर होने वाली आलोचनाओं का कोई संतोषजनक जवाब दिया गया हो। उनकी आलोचना करने वाले समाज को तर्कों से संतुष्ट करने की कोशिशें की गयी हों। केवल सिर कलम कर दो,मार दो,आग लगा दो,फतवा जारी कर दो आदि प्रतिक्रियायें जरूर सुनी गयी हैं। इससे तरह हिन्दू धर्म में व्याप्त वर्ण व्यवस्था,जातिवाद ऊंच नीच आखिर धार्मिक शिक्षा की देन नहीं तो और क्या है ? परन्तु ऐसी व्यवस्थायें जिन्हें ऊँचा स्थान देती हैं,जिन्हें इनसे फायदा पहुँचता है जिन लोगों को ऐसी व्यवस्था में ही अपना वर्चस्व नजर आता है वे तो ऐसे धर्मग्रंथों व उनमें लिखी गयी प्रत्येक बातों का अक्षरशः समर्थन व सम्मान करते हैं और जिन्हें इनमें अपना अपमान नजर आता है वे इनमें सुधार या परिवर्तन की मांग करते या इनकी आलोचना करते हैं। धर्म व धर्मग्रंथों से जुड़ा एक कड़ुवा सच यह भी है कि प्रायः आक्रांताओं,शासकों,राजनेताओं व कमजोर सत्ता भोगियों द्वारा भी इनका इस्तेमाल हथकण्डे के रूप में किया जाता रहा है। जो भी आक्रांता,शासक या राजनेता अपनी जन हितैषी नीतियों के बल पर समग्र समाज का दिल नहीं जीत सका उसने अपनी लोकप्रियता अर्जित करने के शॉर्ट कट रास्ते के रूप में धर्म के मुखौटे को धारण कर लिया और संकीर्णता का केचुल पहन कर आसानी से किसी धर्म जाति या वर्ग विशेष का सरगना बन बैठा। शताब्दियों से यही खेल राजनेताओं व स्वयंभू धर्माधिकारियों के संयुक्त नेटवर्क द्वारा खेला जाता रहा है। परिणाम स्वरूप पूरे विश्व में प्राकृतिक आपदाओं व महामारियों से भी अधिक लोग धर्म समुदाय व जाति संबंधी हिंसा में मारे जा चुके हैं और आज भी मारे जा रहे हैं। राम,कृष्ण,ईसा मुहम्मद,नानक जैसे महापुरुषों ने बेगुनाहों पर जुल्म ढहाने की सीख दी हो इस बात की तो कल्पना नहीं की जा सकती परन्तु धर्म व धर्मग्रंथों के ठेकेदारों व हिंसा पर उतारू इनके आलोचकों की गतिविधियों व इनकी विध्वंसकारी मंशा को देखकर मशहूर शायर सागर खैय्यामी की यह पंक्तियाँ बिल्कुल सटीक प्रतीत होती हैं -

ऐसी कोई मिसाल जमाने ने पाई हो ? हिन्दू के घर में आग खुदा ने लगाई हो ?
बस्ती किसी की राम ने यारों जलाई हो? नानक ने राह सिर्फ सिखों को दिखाई हो?
राम-ओ रहीम-ओ नानक-ओ ईसा तो नर्म हैं।
चमचों को देखिये तो पतीली से गर्म हैं।।

# लोकतांत्रिक आस्था में कमी आने के पीछे छिपे हैं कई कारण

**ओम प्रकाश मेहता**



आजादी के 75 साल में यह एक चौंकने वाला सवाल सामने आया है कि क्या हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति आस्था में कमी आती जा रही है? भारत का आम मतदाता अपनी निजी उलझनो या स्वार्थ परख कार्यों में इतना उलझ गया है कि उसमें देशभक्ति का लोप हो गया, आज स्वतंत्रता दिवस तथा गणतंत्र दिवस भी केवल औपचारिक बनकर रह गए, फिर एक प्रश्न का सीधा संबंध हम भारतीयों में मतदान के प्रति घटती रुचि से भी उजागर हो रहा है। अब हमारे राष्ट्रीय दिवस और मतदान तिथि केवल अवकाश की मौज-मस्ती तक ही सिमट कर रह गए हैं और राष्ट्रभक्ति के प्रति यह उदासीनता का संचार केवल हम तक ही सीमित नहीं होकर हमारी नई पीढ़ी तक भी हो रहा है, हमने ना तो हमारी नई पीढ़ी को देशभक्ति या हमारे शहीदों का कोई पाठ पढ़ाया ना ही देशभक्ति का कोई ज्ञान दिया, उन्हें सिर्फ उनके भविष्य संवारने तक ही हम सीमित रहे हैं, ऐसे में नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति का जज्बा आखिर कैसे पैदा होगा। यह स्थिति काफी चिंतनीय है, आंज ना में देश की चिंता है और ना ही उसके प्रति हमारे कर्तव्य की, हम सिर्फ हमारे अधिकार ही जानते हैं, जिन्हें हम हर स्थिति में हासिल करना चाहते हैं। कुल मिलाकर यदि यह कहा जाए कि हम अपने आप में हर दृष्टि से स्वार्थी हो गए हैं, तो कतई गलत नहीं होगा। प्रजातंत्र की मूल पहचान निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया है, क्या हम उसका पालन भी ठीक से कर रहे हैं? आजकल कैसे चुनाव लड़े जाते हैं और कैसे जीते जाते हैं, क्या यह किसी से भी छिपा है, अब तो हमारे राजनेताओं का एकमात्र जीवन उद्देश्य येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीत कर सत्ता हासिल करना रह गया है और एक बार सत्ता प्राप्त कर अगली सात पीढ़ियों का मार्ग प्रशस्त करना रह गया है, फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए कुछ भी वाजिब गैर-वाजिब क्यों ना करना पड़े? यहां यदि यह भी कहा जाए कि प्रजातंत्र का मूल आधार प्रजा भी पिछले सात दशकों में प्रजातंत्र के कर्तव्य व अधिकारों के प्रति प्रशिक्षित नहीं हो पाई, इसका भी एक मात्र कारण व्यक्तिगत स्वार्थ रुचि है, आज हमारी प्राथमिकताओं में देश व राष्ट्र सबसे आखिर पायदान पर है, ऐसे में कोई राष्ट्रभक्त कैसे हो सकता है? प्रजातंत्रिय देश में प्रजा की भूमिका अहम होती है, जो वह मतदान के जरिए प्रकट करती है, लेकिन यह कितने दुख की बात है कि हमारे देश में मतदान के प्रति रुचि दिनों-दिन कम होती जा रही है, हमारे देश में आजादी के बाद जब 1952 में पहली बार मतदान हुआ था तो देश के उस समय में कुल 17 करोड़ मतदाताओं मे से साढ़े दस करोड़ ने मतदान किया था, जबकि उस समय साक्षरता का प्रतिशत बहुत कम था और 83 फीसदी जनता अशिक्षित थी, फिर भी पहले मतदान ने सारे विश्व को आश्चर्यचकित कर दिया था, किंतु आज की क्या स्थिति है? आज हमारी शिक्षित दर 1952 की पूरी तरह उलट है, अर्थात उस समय 83 फीसदी लोग अशिक्षित थे तो आज 83 फीसदी शिक्षित है, आज देश में 98 करोड़ मतदाता है और इनमें से 30 करोड़ मतदाता वोट डालने ही नहीं आते अर्थात 32 से 37% वोटरों को अपने मताधिकार का उपयोग करने की फुर्सत ही नहीं है?

# चीन के जासूसी गुब्बारा की असलियत

**कमलेश पांडेय**

**दुनियावी देशों की निगरानी क्षमताओं का परीक्षण करने के लिए चीन ने जो 'जासूसी गुब्बारा' उड़ाया था, अमेरिकी आसमान में उसका प्रवेश होने के बाद अमेरिकी वायुसेना ने उसे अपनी मिसाइल से मार गिराया। वहीं, चीन ने असैन्य मानव रहित यान पर अमेरिका द्वारा हमला करने का कड़ा विरोध जताते हुए इस कथित जासूसी गुब्बारे को अपना मानव रहित मौसम अनुसंधान पोत बताया और अमेरिका को अंजाम भुगतने की धमकी दी। इस घटनाक्रम का संदेश स्पष्ट है। एक ओर जहां अमेरिका ने अपने वायुक्षेत्र का स्पष्ट उल्लंघन समझकर जासूसी गुब्बारे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करके दुनिया के सामने अपनी सम्प्रभुता की रक्षा को लेकर एक नजीर पेश की है, वहीं दूसरी ओर चीन को यह स्पष्ट संकेत दे दिया है कि उसकी तकनीक दुनिया की अव्वल तकनीक है, जिससे किसी का भी बच निकलना सम्भव नहीं है। देखा जाए तो इससे वैश्विक पटल पर चीन के नापाक इरादों की कलई एक बार फिर खुल गई, जिससे भारत को भी सबक लेने और अतिशय सावधानी बरतने की जरूरत है। वास्तव में, चीन के मौसम अनुसंधान पोत को जासूसी गुब्बारा समझकर अमेरिका द्वारा मार गिराये जाने के कुछ खास रणनीतिक मायने हैं, जिन्हें समय रहते समझ जाने में सभी देशों की भलाई है। सबसे पहले हम बात करते हैं इस पूरे घटनाक्रम की, फिर इसके मायने की, ताकि इसे समझकर तदनुरूप एहतियाती रणनीति तैयार की जा सके। बता दें कि 28 जनवरी 2023 को अलास्का, 30 जनवरी को कनाडा और 31 जनवरी को अमेरिका के हवाई क्षेत्र मोंटाना में चीन का एक विशाल जासूसी गुब्बारा देखे जाने से हड़कम्प मच गया था, क्योंकि इसका आकार तीन बसों के बराबर था। अमूमन ये गुब्बारा 5 दिनों तक अमेरिका के हवाई क्षेत्र में मौजूद रहा, जिस पर बरीकी पूर्वक नजर रखी गई।**

**इसी बीच अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन द्वारा अपनी संवेदनशील जानकारी को सुरक्षित करने के तत्काल कदम उठाए गए, जबकि अमेरिकी रक्षा एजेंसियां इस जासूसी गुब्बारे की पड़ताल करके इसे निपटाने में जुट गई। खबर है कि जब यह बात अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के संज्ञान में आई तो उन्होंने जमीन पर किसी को नुकसान पहुंचाए बिना इसे मार गिराने का आदेश दिया।**

**जिसके बाद गत 4 फरवरी को इसे मार गिराया गया। बताया जाता है कि इसमें कनाडा की सरकार ने भी उसे पूरा सहयोग किया। अमेरिकी वायुसेना ने दक्षिण कैरोलाइना में अमेरिकी तट से लगभग 9.65 किलोमीटर दूर अटलांटिक महासागर के ऊपर जासूसी गुब्बारे को मार गिराया, जिसका मलबा दक्षिण कैरोलाइना में मिरटल बीच के पास गिरा और 11 किलोमीटर क्षेत्र में फैल गया। वहीं, अब इस मलबे को समेटने का प्रयास अमेरिकी सेना कर रही है, ताकि गुब्बारे द्वारा एकत्रित की गई संवेदनशील सूचनाएं हासिल की जा सकें और चीन के लिए इसका खुफिया महत्व खत्म हो जाये। उधर, विशेषज्ञों की मानें तो चीन ने यह जासूसी गुब्बारा अमेरिका की निगरानी क्षमताओं का परीक्षण करने के लिए उठाया था, ताकि वह इस बात से भलीभांति अवगत हो सके कि अमेरिकी निगरानी प्रणाली कितने समय में विदेशी उपकरणों का पता लगाने में सक्षम हैं।**

## चिंतन-मनन

### युवकत्व की पहचान

*मनुष्य स्वतंत्र संकल्प का स्वामी होता है। उसका संकल्प जैसा होता है, व्यक्तित्व भी वैसा ही ना\मत हो जाता है। सृजन और ध्वंस के संस्कार मनुष्य के भीतर होते हैं। उन संस्कारों को वह संकल्पशक्ति के सहारे बदल सकता है। जिस व्यक्ति में विधायक भावों की प्रचुरता होता है वह ध्वंसात्मक संस्कारों को सृजनशीलता में बदल लेता है। निषेधात्मक भाव व्यक्ति को व्रूरता, हिंसा, अनुशासनहीनता, असदाचार की दिशा में प्रेरित करते हैं। जिस राष्ट्र और समाज में हिंसा का बोलबाला होता है, रास्ते चलते बेगुनाह लोगों को मौत के घाट उतार दिया जाता है, वह उस राष्ट्र और समाज का दुर्भाग्य होता है। उस दुर्भाग्य से बचने के लिए अहिंसक शक्तियों को जगाने और संगठित बनाने की जरूरत है। यह सच है कि हिंसक वारदातें आदमी के मन में दहशत पैदा कर देती हैं। दहशत की स्थिति में कोई भी व्यक्ति न तो सही ढंग से सोच सकता है और न ही अपनी क्षमताओं का उपयोग कर सकता है। भयोत्पादक परिस्थितियों का प्रभाव बच्चों और वृद्धों पर अधिक होता है। युवकों में भय की मात्रा कम होती है। वे जान-बूझकर खतरों को मोल लेते हैं। उनकी मानसिकता साहसिक काम करने की रहती है, किंतु इसमें भी विवेक की अपेक्षा है। विवेक के अभाव में युवक कुछ ऐसे काम कर लेता है, जो उसे उम्र से कई वर्ष आगे ढकेल कर जर्जर बना देते हैं। देश की युवा पीढ़ी सही अर्थ में अपने यौवन को सुरक्षित रखना चाहे और कोई कीर्तिमान स्थापित करना चाहे तो उसे प्रतिस्रोतगामी बनना होगा। अनुस्रोत में बहना सरल होता है। एक पतला-सा तिनका भी प्रवाह में बह जाता है, पर विपरीत दिशा में बहने के लिए शक्ति की जरूरत होती है। भोगवादी प्रवृत्ति युग का प्रवाह है। इस प्रवाह को मोड़कर त्यागप्रधान मनोवृत्ति का निर्माण करना युवा होने की सार्थकता है।*

### अंकजाल - 7094

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 18 | 16 | 27 | 21 | ■ | 14 | 19 | 23 | ■ |
| 25 | 6 | | 9 | | ■ | | 2 | | 14 |
| 20 | | 4 | | 2 | ■ | 7 | | 8 | 20 |
| 25 | 7 | | 3 | | 2 | ■ | 7 | | 10 |
| ■ | ■ | ■ | | 2 | | 2 | | 7 | 27 |
| 35 | 8 | | 2 | | 8 | | ■ | ■ | ■ |
| 13 | | 7 | ■ | 3 | | 4 | | 2 | 20 |
| 14 | 5 | | 3 | ■ | 4 | | 8 | | 27 |
| 19 | | 8 | | ■ | | 6 | | 7 | 25 |
| ■ | 24 | 32 | 9 | ■ | 31 | 24 | 21 | 17 | ■ |

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

**अंकजाल 7093 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 12 | 13 | 24 | 18 | 20 | ■ | 25 | 32 | ■ |
| 31 | 5 | 8 | 5 | 4 | 9 | ■ | 2 | 7 | 9 |
| 28 | 7 | 5 | 3 | 8 | 2 | ■ | 7 | 3 | 10 |
| ■ | ■ | ■ | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 7 | 34 |
| 14 | 2 | 5 | 7 | ■ | 2 | 5 | 7 | 8 | 22 |
| 22 | 9 | 2 | 3 | 8 | ■ | 5 | 6 | 7 | 18 |
| 25 | 3 | 6 | 4 | 5 | 2 | 5 | ■ | ■ | ■ |
| 9 | 6 | 3 | ■ | 4 | 7 | 8 | 8 | 5 | 32 |
| 14 | 8 | 6 | ■ | 4 | 6 | 8 | 7 | 1 | 26 |
| ■ | 28 | 22 | ■ | 21 | 15 | 40 | 15 | 6 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल- 6338

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल -6337 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

## तुर्किए-भूकंप पर भारत की पहल

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**तुर्किए और सीरिया में आए भूकंप ने सारी दुनिया को हिलाकर रख दिया है। ऐसे भूकंपों ने ईरान, अफगानिस्तान और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों में भी कई बार हड़कंप मचाया है लेकिन वर्तमान भूकंप में लगभग 10 हजार लोग मारे गए हैं और लाखों लोग घायल हो गए हैं। बेघरबार हुए लोगों की संख्या तो और भी बड़ी है। आशा करें कि अभी कोई और झटका न आ जाए। इस वक्त दुनिया के कई देश तुर्किए की मदद के लिए आगे आ रहे हैं लेकिन भारत ने इस मामले में जितनी फुर्ती और दरियादिली दिखाई है, उसने उसे दुनिया के महान राष्ट्रों की पंक्ति में खड़ा कर दिया है। तुर्किए और भारत के रिश्ते पिछले कुछ वर्षों में बहुत अच्छे नहीं रहे। तुर्किए ने भारत सरकार के उन कदमों का कड़ा विरोध किया था, जो उसने कश्मीर के बारे में उठाए थे। उसने कश्मीर के सवाल पर अन्य मुस्लिम राष्ट्रों को भड़काने का भी प्रयत्न किया था, जबकि सउदी अरब जैसे राष्ट्रों ने इस मुद्दे को भारत का आंतरिक मामला बताया था लेकिन भारत सरकार ने इस वक्त तुर्किए के मजहबी जुनून को दरकिनार कर इंसानियत के दरवाजे खोल दिए हैं। चार-चार चार्टर जहाजों से उसने लगभग 100 डॉक्टरों और नर्सों को अंकारा और इस्तांबुल भेज दिया है। उसने ऐसे बचावकर्मियों को भी बड़ी संख्या में वहां भेजा है, जो मलबे में दबे लोगों की जान बचाने की कोशिश करेंगे। ऐसी ही हमारी सरकारों ने 2011 में जापान और 2015 में नेपाल में जब भूकंप आया था, तब तुरंत मदद भिजवाई थी। तुर्किए के राष्ट्रपति रिसेप तय्यब एर्दोगन ने दिल्ली में हुए दंगों की एकतरफा भर्त्सना करने का दुस्साहस दिखाया था लेकिन हमारी सरकार ने तुर्किए की मदद करते समय हिंदू-मुसलमान का कोई भेद नहीं किया। इससे मोदी सरकार की छवि भारत के अल्पसंख्यकों में भी सुधरेगी। भारत और तुर्किए के प्रतिनिधियों की संयुक्तराष्ट्र संघ में टक्कर होती रही है लेकिन पिछले साल सितंबर को समरकंद में हुए शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में जब मोदी और एर्दोगन की भेंट हुई तो आपसी संबंधों में काफी नरमी पैदा हो गई।**

# धार्मिक ग्रंथों की पुनः मीमांसा आवश्यक

**डॉ अवधेश कुमार अवध**



समय के साथ प्राचीन काल के कई शब्दों के अर्थ बदल चुके हैं। कुछ शब्दों के अर्थ अपने पर्याय से इतर रूढ़ हो गए हैं। उनका रूढ़त्व विपरीत अर्थ या अनर्थ तक पहुँच गया है। संस्कृत या हिंदी काव्यों का काव्य सौष्ठव भी आज जन साधारण के लिए कठिनाई का कारण है। इसी संदर्भ में आचार्य केशव दास को ₹कठिन काव्य का प्रेत₹ का संबोधन मिला था। अलंकारों के झंकारों में काव्य में रस एवं रुचि की निष्पत्ति सुगम होती है जो समझ में न आने पर नुकसानदायक भी है। इसी तरह शब्द शक्ति त्रय यथा- अभिधा, लक्षणा और व्यंजना को आज के समय में या तो हम समझना भूल गए हैं या समझना नहीं चाहते और स्वार्थवश दुरुपयोग भी करते हैं।

एक और कमी प्रायः देखी जा सकती है। किसी विषय को ठीक से जाने या समझे बिना अपनी विशेषज्ञ राय प्रस्तुत करना। ₹नीम हकीम खतरे जान₹ केवल झोला छाप डाक्टरों तक ही सीमित नहीं है बल्कि प्रायः सभी क्षेत्रों में इसके अंगद पाँव जमे हैं। विशेषज्ञता की योग्यता के



बिना ही बिना किसी लाज-शर्म के तत्संबंधी विषय में राय लेने और देने का खेल, सामान्य जन मानस के हृदय में गलत धारणाओं को स्थापित कर देता है। वर्तमान की गलती भविष्य के लिए मानक बन जाती है। इससे किसी भी समाज का सिर्फ और सिर्फ बुरा ही होता है।

**इसका सर्वाधिक प्रभाव हमारे :**पावन धर्म ग्रंथों पर पड़ा है और पड़ भी रहा है। बिकाऊ विद्वानों या अल्पज्ञानियों ने धर्मग्रंथों के साथ भारी पैमाने पर प्रक्षेपण किया है जो अब आक्षेप या संदेह या भ्रम के रूप में सामने आ रहे हैं। अल्पज्ञानियों द्वारा भावार्थ से परे अनुवाद भी किसी ₹गधे के बाप₹ को ₹फॉदर ऑफ डंकी₹ कहने को सही ठहराता है। इस अकाट्य सत्य को मानने में किसी को असुविधा नहीं होनी चाहिए कि हमारी धार्मिक विरासत और सांस्कृतिक धरोहर दुनिया में सबसे अच्छी और वस्तुनिष्ठ है। शास्त्रार्थ और संशोधन की इसके अलावा कहीं भी छूट नहीं है। हमें इसका लाभ उठाना चाहिए। संदर्भ और प्रसंग से नाता तोड़कर उसके मर्म को समझे बिना सतही स्तर पर व्याख्या होने से हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर प्रतिबल से टकराकर विकृति की ओर अग्रसर है। इन्हें सुरक्षित और संरक्षित रखना हमारा प्रथम और प्रधान कर्त्तव्य होना चाहिए। कोई विधर्मी दूषित मानसिकता से सवाल दर सवाल खड़े करे उससे पहले हमें एक जुट होकर सर्वमान्य पद्धति से इसका निराकरण करना चाहिए। संदेह और भ्रम की धूल झाड़ना भी हमारा ही काम है। इसके लिए आवश्यक है कि समर्थ और त्यागी विद्वानों की टोली बनाकर पुनः मीमांसा की जाए।

# 142 दिव्यांगों के बीच सहायक उपकरण का किया गया वितरण

आवाज प्रतिनिधि। 9 फरवरी

**गिरिडीह।** जिले के जमुआ प्रखंड अंचल कार्यालय परिसर में गुरुवार को मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड इंपावरमेंट गवर्नर ऑफ इंडिया, गिरिडीह उपायुक्त के निर्देशानुसार जमुआ अंचलाधिकारी प्रभारी सी डी पी ओ सह नोडल पदाधिकारी द्वारिका बैठा व देवरी सीओ सह प्रभारी सी डी पी ओ के राज मोहन तुरी के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में दिव्यांग उपस्कर एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। मंच संचालन पोबी प्रज्ञा केंद्र संचालक सह बैंक ऑफ इंडिया जमुआ बीसी योगेश कुमार पाण्डेय ने किया। उक्त अवसर पर सांसद प्रतिनिधि गंगाधर प्रसाद, जमुआ प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि संजीत कुमार यादव, उप प्रमुख रब्बुल हसन रब्बानी,जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा, जिप सदस्य संजय हाजरा, बीस सूत्री क्रियान्वयन एवं कार्यक्रम समिति प्रखंड अध्यक्ष मो जुनैद आलम,सदस्य सह जगन्नाथडीह मुखिया रंजित कुमार, जमुआ प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह,राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो गिरिडीह जिलाध्यक्ष योगेश कुमार पाण्डेय, विधिक सहायता केंद्र जमुआ प्रखंड पारा लीगल वोलेंटियर सुबोध कुमार साव ने जमुआ प्रखंड के 105 व देवरी प्रखंड के 37 कुल 142 दिव्यांगों के बीच उपस्कर एवं सहायक उपकरण का वितरण किया। एलिमको कंपनी डॉ अभिलाष पति, डॉ राजेश पटनायक,फेब्रीकेटिंग एजेंसी गौरव राणा ने उपकरण प्रयोग विधि की जानकारी दिया। नोडल पदाधिकारी द्वारिका बैठा ने कहा की तीन माह पूर्व दिव्यांग जांच शिविर में चयनित दिव्यांग को सहायक उपकरण एलिमको कंपनी ने उपलब्ध कराया है। जनप्रतिनिधियों ने सरकार की पहल की सराहना करते हुए कहा कि पुनः जांच शिविर का आयोजन किया जाय ताकि शेष दिव्यांग भी योजना से वंचित न रह पाए। शिविर के सफल आयोजन में आई सी डी एस जमुआ के प्रधान लिपिक बम शंकर शर्मा,महिला पर्यवेक्षिका अर्चना कुमारी,यशोदा देवी, देवरी प्रखंड महिला पर्यवेक्षिका रेणु यादव,रजनी पाठक, फरजाना प्रवीण,राबिया अंसारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर में दिव्यांगो को लाने में आंगनबाड़ी सेविका,मुखिया,प्रज्ञा केंद्र वी एल ई,वार्ड सदस्य आदि का सहयोग रहा। सहायक उपकरण प्राप्त करनेवाले दिव्यांग के चेहरे पर प्रसन्नता देखी गई उन्होंने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर जिला परिषद प्रतिनिधि विजय वर्मा, एन एच आर सी सी बी जमुआ प्रखंड सचिव प्रदीप कुमार सिन्हा,समाजसेवी महेंद्र कुमार वर्मा सहित समाजसेवी,दिव्यांग के परिजन मौजूद थे।



# राजद कार्यकर्ता ने की बैठक



**गिरिडीह :** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 12 फरवरी को रांची के दौरे पर आएंगे. उनका कार्यक्रम कार्निवाल हॉल में आयोजित किया जाएगा. उनके दौरे को लेकर गिरिडीह जिला राजद की बैठक 9 फरवरी को अम्बेडकर भवन में बैठक हुई. बैठक में निर्णय लिया गया तेजस्वी यादव के कार्यक्रम में हजारों राजद कार्यकर्ता 150 गाड़ियों के काफिले में रांची रवाना होंगे. बैठक के बारे में जिला अध्यक्ष नाकेशवर ठाकुर ने कहा कि बैठक में तेजस्वी यादव के कार्यक्रम सहित आगामी वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव पर चर्चा चली. राजद कोडरमा लोकसभा सीट पर दावेदारी पेश करेगी. बैठक में राजद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनिल यादव, शत्रुघ्न प्रसाद यादव, रामविलास यादव, दिवानंद हाजरा, रामदेव प्रसाद यादव, रामकिशुन यादव, मो. सफदर अली, साबिर अंसारी, सुखदेव यादव समेत पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे.



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल जामताड़ा

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–40/2022–23**

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, जामताड़ा
2. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– 22.02.2023 तक (1.00 अपराह्न तक)
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 23.02.2023 को 3.00 बजे अप0 तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 23.02.2023 को 3.30 बजे अप0
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–1) अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दुमका। 2) कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जामताड़ा। 3) सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमंडल, जामताड़ा।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– तथैव– – तथैव–
7. कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of District Gabya Vikash Office at Jamtara for the year 2022-23 | 11,84,500=00 | 24,000=00 | 2500=00 | 03 Months |

PR.NO.289676 Building(22-23):D

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जामताड़ा।


## कार्यालय, अंचल अधिकारी, गिरिडीह

**–ः आम सूचना ः–**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध बकाया राशि हेतु बैक/ विधुत विभाग/ प्रखण्ड कार्यालय गिरिडीह द्वारा नीलाम पत्र वाद दायर किया गया है। जिसमें आपके द्वारा संबंधित बैक/ विभाग में राशि न जमा करने के कारण निम्नलिखित विवरणी में अंकित देनदारों के विरूद्ध चेतावनी नोटिश निर्गत की गयी है। सभी देनदारों को सूचित किया जाता है कि संबंधित बैक/ विधुत विभाग/ प्रखण्ड कार्यालय गिरिडीह में बकाया राशि जमा कर रसीद की प्रति अंचल कार्यालय, गिरिडीह में जमा करें। बकाया राशि बैक/ विधुत विभाग/ प्रखण्ड कार्यालय गिरिडीह में जमा कर रसीद की प्रति अंचल कार्याल गिरिडीह में जमा नहीं करने पर निम्नलिखित सूचि में अंकित सभी देनदारों के विरूद्ध गिरफतारी वारन्ट निर्गत कर संबंधित थाना में भेज दिया जायेगा।

देनदार की विवरणी

| क्र0 | वाद संख्या | बैक / विभाग का नाम | देनदार का नाम एवं पता | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 01/2017-18 | विधुत कार्यपालक अभियन्ता, गिरिडीह मु0 | नियाज अहमद पिता स्व0 शमीम अहमद, ग्राम पचम्बा, गिरिडीह | 3425.00 |
| 2 | 02/2017-18 | विधुत कार्यपालक अभियन्ता, गिरिडीह मु0 | धीरज पाण्डेय पिता भागवत पाण्डेय, ग्राम ऑफिसर कालॅानी, गिरिडीह | 3732.00 |
| 3 | 03/2017-18 | विधुत कार्यपालक अभियन्ता, गिरिडीह मु0 | मो0 असलम पिता स्व0 अब्दुल मन्नान, ग्राम गद्दी मुहल्ला, गिरिडीह | 10392.00 |
| 4 | 04/2017-18 | विधुत कार्यपालक अभियन्ता, गिरिडीह मु0 | चन्द्रकान्त बसीहार पिता राम लखन राम, ग्राम करबला रोड, गिरिडीह | 9730.00 |
| 5 | 05/2017-18 | विधुत कार्यपालक अभियन्ता, गिरिडीह मु0 | अमरनाथ पाण्डेय पिता बाल बहादुर पाण्डेय, ग्राम पचम्बा, गिरिडीह | 8850.00 |
| 6 | 06/2017-18 | विधुत कार्यपालक अभियन्ता, गिरिडीह मु0 | संजीव कुमार पिता लखपति राय, ग्राम मकतपुर, गिरिडीह | 12769.00 |
| 7 | 07/2017-18 | विधुत कार्यपालक अभियन्ता, गिरिडीह मु0 | पुष्पा शक्ति पति सुरेश कुमार शक्ति, कोर्ट रोड, गिरिडीह | 10623.00 |
| 8 | 08/2017-18 | विधुत कार्यपालक अभियन्ता, गिरिडीह मु0 | अनिल गुप्ता पिता बिरजु राम गुप्ता, ग्राम बक्सीडीह रोड, गिरिडीह | 11793.00 |
| 9 | 09/2017-18 | विधुत कार्यपालक अभियन्ता, गिरिडीह मु0 | पुनम देवी पति अनिल कुमार गुप्ता, ग्राम पेठियाटांड, गिरिडीह | 3566.00 |
| 10 | 10/2017-18 | विधुत कार्यपालक अभियन्ता, गिरिडीह मु0 | जीतु ठाकुर पिता लालु ठाकुर, ग्राम पचम्बा, गिरिडीह | 4510.00 |
| 11 | 11/2017-18 | विधुत कार्यपालक अभियन्ता, गिरिडीह मु0 | आयसर इमाम पिता मो0 रेयाज उद्दीन, ग्राम विशनपुर, पचम्बा, गिरिडीह | 4284.00 |
| 12 | 01/2018-19 | इलेक्ट्रीकल एक्सक्यूटीव इंजीनियर इलेक्ट्रीक, स्पलाई डिवीजन, गिरिडीह साउथ | अंजु देवी पति राजेन्द्र प्रसाद, ग्राम मकतपुर, गिरिडीह नगर | 8207.00 |
| 13 | 02/2018-19 | इलेक्ट्रीकल एक्सक्यूटीव इंजीनियर इलेक्ट्रीक, स्पलाई डिवीजन, गिरिडीह साउथ | सरदार भगत सिंह, ग्राम राजा बंगला रोड, गिरिडीह | 8417.00 |
| 14 | 03/2018-19 | इलेक्ट्रीकल एक्सक्यूटीव इंजीनियर इलेक्ट्रीक, स्पलाई डिवीजन, गिरिडीह साउथ | पवन कुमार राम पिता स्व0 अर्जुन राम, ग्राम चन्दोरी रोड, गिरिडीह | 11643.00 |
| 15 | 04/2018-19 | इलेक्ट्रीकल एक्सक्यूटीव इंजीनियर इलेक्ट्रीक, स्पलाई डिवीजन, गिरिडीह साउथ | सचिन कुमार पिता अम्बिका प्रसाद, ग्राम मकतपुर, गिरिडीह | 6446.00 |
| 16 | 05/2018-19 | इलेक्ट्रीकल एक्सक्यूटीव इंजीनियर इलेक्ट्रीक, स्पलाई डिवीजन, गिरिडीह साउथ | मो0 अकरम ग्राम मुस्लिम बाजार, गिरिडीह | 7871.00 |
| 17 | 06/2018-19 | इलेक्ट्रीकल एक्सक्यूटीव इंजीनियर इलेक्ट्रीक, स्पलाई डिवीजन, गिरिडीह साउथ | सतीश वर्णवाल पिता सुखदेव वर्णवाल, ग्राम मकतपुर, गिरिडीह | 5407.00 |
| 18 | 07/2018-19 | इलेक्ट्रीकल एक्सक्यूटीव इंजीनियर इलेक्ट्रीक, स्पलाई डिवीजन, गिरिडीह साउथ | कारू साव पिता स्व0 सोखी चन्द्र साव, ग्राम गद्दी मुहल्ला, गिरिडीह | 7113.00 |
| 19 | 08/2018-19 | इलेक्ट्रीकल एक्सक्यूटीव इंजीनियर इलेक्ट्रीक, स्पलाई डिवीजन, गिरिडीह साउथ | धिरेन्द्र कुमार पिता बिरेन्द्र प्रसाद, ग्राम मुस्लिम बाजार, गिरिडीह | 8496.00 |
| 20 | 09/2018-19 | भारतीय स्टेट बैंक, महेशलुण्डी | पिन्टु यादव पिता धनेश्वर यादव, ग्राम महेशलुण्डी, करहरबारी, गिरिडीह | 38146.00 |
| 21 | 10/2018-19 | भारतीय स्टेट बैंक, महेशलुण्डी | वरूण कुमार पिता मनिकचन्द शर्मा, ग्राम पचम्बा, गिरिडीह | 32198.00 |
| 22 | 11/2018-19 | युनाइटेड बैंक ऑफ इण्डिया, गिरिडीह | शाह आलम पिता मो0 मनीर अंसारी, ग्राम चैताडीह, गिरिडीह | 39011.00 |
| 23 | 12/2018-19 | बैंक ऑफ इण्डिया, सिहोडीह | रितु कुमारी पिता भोला पंडित, ग्राम सिहोडीह, सिरसिया, गिरिडीह | 10674.00 |
| 24 | 13/2018-19 | बैंक ऑफ इण्डिया, सिहोडीह | विजय हजाम पिता एतवारी हजाम, ग्राम सिहोडीह, सिरसिया, गिरिडीह | 37580.20 |
| 25 | 14/2018-19 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गिरिडीह | राजेश कुमार पाठक, तत्कालीन प्रखण्ड सांख्यिकी प्रर्यवेक्षक, गिरिडीह सदर | 130386.00 |
| 26 | 15/2018-19 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गिरिडीह | महेन्द्र दास पिता अर्जुन दास, साकिन परातडीह, गिरिडीह | 58500.00 |
| 27 | 16/2018-19 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गिरिडीह | रूखसाना बेगम पति मो0 मुस्लिम अंसारी, ग्राम परातडीह, गिरिडीह | 58500.00 |
| 28 | 17/2018-19 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गिरिडीह | रमनी देवी पति चौबे तुरी, ग्राम हरसिंहरायडीह | 123500.00 |
| 29 | 18/2018-19 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गिरिडीह | भगवतिया देवी पिता इश्वर राणा, ग्राम अकदोनीखुर्द | 58500.00 |
| 30 | 01/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | सरफराज पिता मो0 नेयाज, ग्राम गद्दी मुहल्ला, गोयनका हॉस्पिटल, गिरिडीह | 33503.00 |
| 31 | 02/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | रवि कुमार पिता शक्ति सिंह, ग्राम चिरैयाघाट रोड बरमसिया, गिरिडीह | 34971.00 |
| 32 | 03/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | जितेन्द्र कुमार दास पिता लखन दास, ग्राम चिरैयाघाट रोड बरमसिया, गिरिडीह | 37824.00 |
| 33 | 04/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | मो0 शहबाज आलम पिता मकसुद आलम, ग्राम मुस्लिम बाजार, गिरिडीह | 33726.00 |
| 34 | 05/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | मो0 मुर्तजा अंसारी पिता मो0 मुबार अली, ग्राम दर्जी मुहल्ला, गिरिडीह | 31513.00 |
| 35 | 06/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | मुकेश कुमार स्वर्णकार पिता देवकी स्वर्णकार, ग्राम हाई स्कुल रोड पचम्बा | 35860.00 |
| 36 | 07/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | प्रतिमा कुमारी पिता राजेन्द्र विश्वकर्मा, ग्राम धरियाडीह, गिरिडीह | 35965.00 |
| 37 | 08/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | शकील पिता स्व0 मो0 जीमल, ग्राम कुरैशी मुहल्ला, गिरिडीह | 34838.00 |
| 38 | 09/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | संजीत कुमार गुप्ता पिता बल्देव प्रसाद गुप्ता, ग्राम इंदिरा कॉलोनी, गिरिडीह | 37007.00 |
| 39 | 10/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | मो0 इसलाम अंसारी पिता सिदाक अंसारी, ग्राम बरवाडीह, गिरिडीह | 36283.00 |
| 40 | 11/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | शिबु कुमार दास पिता भुनेश्वर दास, ग्राम जैयराम नगर, बरवाडीह, गिरिडीह | 34924.00 |
| 41 | 12/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | सुमित कुमार पिता सुनिल रवानी, ग्राम जैयराम नगर, बरवाडीह, गिरिडीह | 30016.00 |
| 42 | 13/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | एहसान अहमद पिता मो0 सोहेब, ग्राम मुस्लिम बाजार, गिरिडीह | 36105.00 |
| 43 | 14/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | अजय कुमार जैन पिता कमल चन्द जैन, ग्राम बरमसिया, गिरिडीह | 35347.00 |
| 44 | 15/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | श्रीमति कुसुम लता देवी पति अनुप कुमार यादव, ग्राम धरियाडीह, गिरिडीह | 34839.00 |
| 45 | 16/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | मो0 नदीम कुरैशी पिता मो0 शकील कुरैशी, ग्राम कुरैशी मुहल्ला, गिरिडीह | 35262.00 |
| 46 | 17/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | कुणाल यादव पिता दिलीप यादव, ग्राम धरियाडीह, गिरिडीह | 40024.00 |
| 47 | 18/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | दिलीप कुमार दास पिता लखन लाल दास, ग्राम चिरैयाघाट रोड, बरमसिया | 34965.00 |
| 48 | 19/2016-17 | पंजाब नैशनल बैंक, गिरिडीह | मो0 नौशाद पिता सलाम हुसैन, ग्राम चुडी मुहल्ला, गिरिडीह | 34547.00 |
| 49 | 20/2016-17 | विधुत कार्यपालक अभियन्ता, गिरिडीह द0 | अफय कुमार पिता धिरेव कुमार, ग्राम लोहपिटी, पचम्बा, गिरिडीह | 14753.00 |
| 50 | 21/2016-17 | विधुत कार्यपालक अभियन्ता, गिरिडीह द0 | नकुल भेक्ता पिता मनी भाक्ता, ग्राम पिपराटांड, करहरबारी, गिरिडीह | 9384.00 |
| 51 | 22/2016-17 | विधुत कार्यपालक अभियन्ता, गिरिडीह द0 | शेकर पंडीत पिता भुनेश्वर पंडीत, ग्राम पिपराटांड, करहरबारी, गिरिडीह | 9384.00 |
| 52 | 23/2016-17 | विधुत कार्यपालक अभियन्ता, गिरिडीह द0 | श्याम कुमार राम पिता छठु राम, ग्राम पिपराटांड, करहरबारी, गिरिडीह | 9384.00 |
| 44 | चेतन किशोर साव | ग्राम कॉको, पो0 कॉकोमठ, धनबाद | II |
| 45 | ओम साई कोल एण्ड कोक ट्रेडर्स, प्रो0 होरेन सिंह चौधरी | खरनी, बरवाअड्डा, धनबद | II |
| 46 | जय माँ दुर्गा ट्रेडर्स | गॉधी रोड नियर मोर्डल स्कुल ऑफ लर्निंग, धनबाद | II |
| 47 | राजीव कुमार सिंह | बेहराकुदर, पो0 झगराही, थाना बरोरा, धनबाद | II |
| 48 | मे0 एस0के0 कन्सट्रक्शन, प्रो0 राजीव रंजन घोष | न्यु गोविन्दपुर (कोईरीडीह) पो0 सोनारडीह, धनबाद | II |
| 49 | रोयल कोयलांचल कन्सट्रक्शन | कच्छी बलिहारी पो0 कुसुण्डा, धनबद | II |
| 50 | मनीष कुमार साव | ग्राम–पो0 महाराजगंज, थाना–टुण्डी, धनबाद | II |
| 51 | अभिनव कुमार | एम.आई.जी.ए/37, हाउसिंग कॉलोनी, धनबाद | II |
| 52 | राजेश कुमार सिंह | ग्राम रंगुनीबाड़ी, पो0 झगराही, भाया सोनारडीह, धनबाद | II |
| 53 | श्री बाँकेबिहारी सेल्स, प्रो0 दीपक गोयल | बैंक मोड़, 404 गंगा अपार्टमेंट, शान्ति भवन, धनबाद | II |
| 54 | मे0 मन्नत कन्सट्रक्शन, प्रो0 अफसाना प्रवीन | चरक पत्थर, थाना–बरवाअड्डा, पो0 कल्याणपुर, धनबाद | II |
| 55 | प्रियान्शु इण्टरप्राइजेज प्रा0लि0, पाट शंकर भगत | टुण्डी, धनबाद | II |
| 56 | आशा देवी | कटनिया, पो0 कटनिया ओझाडीह, थाना–टुण्डी, धनबाद | II |
| 57 | जन्मेजय सिंह | गोलमारा, पो0 परघा, थाना–बलियापुर, जिला–धनबाद | II |

उपरोक्त आवेदकों के संवेदक निबंधन में किसी कार्यालय/विभाग/आमजनों को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो, दिनांक 16.02.2023 तक इस कार्यालय को साक्ष्य के साथ आपत्ति दर्ज कराने की कृपा की जाय।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, धनबाद।

PR.NO.289785 Rural Work Department(22-23):D

## कस्तूरबा गॉंधी बालिका विद्यालय
निरसा, धनबाद
ई0मेल नं0–kgbvnirsa.dhanbad@gmail.com फोन नं0 –8969597514

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

कस्तूरबा गॉधी बालिका आवासीय विद्यालय, निरसा में वित्तिय वर्श 2022–23 के लिए Replacement of Bedding हेतु विद्यालय की आवश्यकतानुसार तोशक, चादर, तकिया, तकिया खोल एंव मच्छरदानी के क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, इच्छुक निविदा दाता कस्तूरबा गॉधी बालिका आवासीय विद्यालय, निरसा से निविदा प्रपत्र दिनांक 13.02.2023 से दिंनाक 20.02.2023 तक (कार्यालय अवधि में) प्राप्त कर कार्यालय में दिनांक 20.02.2023 के संध्या 5 बजे तक भरकर जमा करना सुंनिश्चित करेगें दिनांक 22.02.2023 को 11 बजे पूर्वाहन में विद्यालय स्तरीय क्रय समिति के समक्ष निविदा खोलने संबंधी कार्रवाई की जाएगी।

ह0/–
वार्डेन–सह–शिक्षिका
कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय
निरसा, धनबाद।

PR 289723 (School Education and Literacy) 22-23 (D)

## स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची
## जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, बोकारो

### विज्ञप्ति संख्या–01/2023

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या–697 दिनांक 15.03.2022 के अनुरूप उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला स्तरीय चयन समिति के आदेशानुसार आदर्श विद्यालय योजनान्तर्गत जिला के उत्कृष्ट विद्यालयों (School of Excellence) एवं प्रखण्ड स्तर आदर्श विद्यालय जिन्हें राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत गुणवत्त शिक्षा के केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, में अल्पकालीन संविदा आधारित स्नातकोत्तर प्रशिक्षित एवं स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के चयन हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन हेतु अर्हता, उम्र, आरक्षण, मासिक परिलब्धियाँ, कर्तव्य एवं दायित्व, चयन की प्रक्रिया, चयन हेतु निर्धारित शर्तें, आवेदन की प्रक्रिया, परीक्षा शुल्क एवं पात्रता तथा परिशिष्ट 'क' (आदर्श विद्यालय का नाम) एवं परिशिष्ट 'ख' (आवेदन फॉर्म) जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.bokaro.nic.in पर देखा जा सकता है। आवेदन पत्र आमंत्रन हेतु **पत्राचार का पता–जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, बोकारो, पुलिस अधीक्षक कार्यालय कैम्पस, भू–तल, कमरा नं0 22, कैम्प–2, बोकारो स्टील सिटी, पिनकोड –827001।**

ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
बोकारो

PR289710 (School Education and Literacy)22-23*D

## कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता
### विद्युत कार्य प्रमण्डल, धनबाद

अतिअल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना सं0 36/2022–23

1. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, धनबाद।
2. विभाग का नाम :– ऊर्जा विभाग
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 15.02.23 के 12:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 16.02.23 के 02:30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 16.02.23 के 03:00 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल, राँची का कार्यालय/विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमण्डल, धनबाद/जिला नियंत्रण कक्ष धनबाद।
7. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, धनबाद।

कार्य की विवरणी :–

| क0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि रू0 | अग्रधन की राशि रू0 | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Provision of LED Security light at Fire Station Sindri, Dhanbad. | 5,61,922.00 | 1250.00 | 2 % of the Estimated value | 10 days |
| 2 | Provision of LED gate light and Garden light in the campus of PDJ Residence, Bokaro (Qtr. No- Qtr. No.-1061) | 2,45,493.00 | 500.00 | 2 % of the Estimated value | 10 days |
| 3 | Provision of security light in the campus of Judicial staff quarters of civil court, Jamtara | 9,78,502.00 | 1250.00 | 2 % of the Estimated value | 15 days |
| 4 | Provision of security light , Garden /Gate light and Cubical panel at ADJ-1 residence Koderma | 6,94,614.00 | 1250.00 | 2 % of the Estimated value | 10 days |
| 5 | SITC of 02 nos. 2.0 Tr. Split type room Air Conditioners in the residence of PDJ, Koderma. | 1,83,842.00 | 500.00 | 2 % of the Estimated value | 10 days |
| 6 | Provision of LED security light , garden light and gate light in the campus of Residence of SDO chas Bokaro (Qtr. No-1046 sector 4/B) | 7,57,155.00 | 1250.00 | 2 % of the Estimated value | 15 days |
| 7 | Provision of LED security light (New Judge Colony) new officer colony behind SDO residence at Koderma | 5,71,726.00 | 1250.00 | 2 % of the Estimated value | 15 days |
| 8 | Provision of garden light & Cubical panel in the campus of circuit house at Giridh. | 5,60388.00 | 1250.00 | 2 % of the Estimated value | 15 days |
| 9 | Provision for Garden light in the campus of D.C office, Dhanbad. | 3,64,581.00 | 750.00 | 2 % of the Estimated value | 10 days |
| 10 | Provision of Path light in the Civil Court Campus, Giridih. | 3,13,207.00 | 750.00 | 2 % of the Estimated value | 10 days |
| 11 | Provision of security light in campus of SDO residence bagodar/sariya at Giridh | 3,33,629.00 | 750.00 | 2 % of the Estimated value | 10 days |
| 12 | Provision of LED Security/Campus light and Gate light in the campus of CJM Residential office campus Giridih. | 4,28,194.00 | 750.00 | 2 % of the Estimated value | 10 days |
| 13 | Provision of Security light at Sale tax Commissioner Residence Lubi Circular Road Dhanbad | 2,34,014.00 | 500.00 | 2 % of the Estimated value | 10 days |
| 14 | Provision of LED Security light Bandobast Karyalay, Dhanbad. | 1,79,214.00 | 500.00 | 2 % of the Estimated value | 10 days |
| 15 | Provision of LED security light at Fire Station officer campus Jharia, Dhanbad | 3,52,578.00 | 750.00 | 2 % of the Estimated value | 10 days |
| 16 | Provision of Security light in the campus of PWD Road Division office, Bokaro. | 4,30,107.00 | 750.00 | 2 % of the Estimated value | 10 days |
| 17 | Provision of Security light & Cubical Panel in the residence of additional Collector, Giridih. | 5,00,588.00 | 1250.00 | 2 % of the Estimated value | 10 days |

निविदा के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट एवं वेबसाइट www.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमण्डल, धनबाद।

PR.NO.289755 Energy(22-23):D

# एग्जाम के स्ट्रेस से कुछ भी नहीं हो रहा है याद?

## इन हर्ब्स से अपनी मेमोरी पावर करें बूस्ट

**जल्द ही बच्चों के एग्जाम शुरू होने वाले हैं। फरवरी एंड और मार्च की शुरूआत में ही सीबीएसई और अन्य राज्य के बोर्ड्स के एग्जाम शुरू हो जाते हैं। एग्जाम के दौरान बच्चों को काफी ज्यादा स्ट्रेस होने लगता है। स्ट्रेस की वजह से कई बार चीजों को याद करने में कठिनाई होती है। अगर आप भी एग्जाम के स्ट्रेस की वजह से याद नहीं कर पा रहे हैं तो इस स्थिति में कुछ असरदार हर्ब्स का इस्तेमाल करें। आयुर्वेद में मौजूद हर्ब्स के इस्तेमाल से आपकी मेमोरी पावर काफी तेज हो सकती है। साथ ही इससे स्ट्रेस भी रिलीज होगा। आइए जानते हैं मेमोरी पावर बूस्ट करने वाले हर्ब्स कौन से हैं?**



### हल्दी से बढ़ाएं याददाश्त क्षमता

हल्दी का इस्तेमाल आयुर्वेद में काफी लंबे समय से रहा है। इसके साथ ही इसका उपयोग मसालों के रूप में भी किया जाता है। अगर आप मेमोरी पावर को बूस्ट करना चाहते हैं तो हल्दी का प्रयोग करें। इसमें कर्क्यूमिन नामक एक यौगिक होता है, जिसमें एंटीऑक्सिडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, हल्दी में मौजूद गुण मस्तिष्क के स्वास्थ्य को बढ़ावा दे सकती है। बीटा-एमिलॉइड (एक तरह का प्रोटीन), जो कम करने में मददगार है। इसकी मदद से आप अल्जाइमर रोग जैसी मानसिक परेशानी को दूर कर सकते हैं। हल्दी का सेवन बढ़ाने के लिए करी पाउडर या हल्दी को स्टर-फ्राई, सूप और सब्जियों में शामिल करें।

### अश्वगंधा से बूस्ट करें मेमोरी

मेमोरी बूस्ट करने के लिए आप अश्वगंधा का सेवन कर सकते हैं। कुछ अध्ययनों के मुताबिक, अश्वगंधा में मौजूद गुण मस्तिष्क में बीटा-एमिलॉयड के स्तर को कम करता है, जिससे मस्तिष्क पावर बूस्ट हो सकती है। इसके साथ ही इस हर्ब्स के सेवन से आप ऑक्सीडेटिव तनाव को कम कर सकते हैं, जो आपके मस्तिष्क के लिए काफी लाभकारी हो सकता है। अगर आप अपनी मेमोरी पावर बूस्ट करना चाहते हैं तो रात में सोने से पहले दूध के साथ इसका सेवन करें।

### जिनसेंग से मस्तिष्क की बढ़ाएं क्षमता

हर्बल मेडिसिन में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, जिनसेंग के सेवन से आपकी मेमोरी पावर बूस्ट हो सकती है। इसमें जिनसैनोसाइड्स नामक एंटी-इंफ्लेमेटरी केमिकल होता। इसके अलावा यह मस्तिष्क में बीटा-एमिलॉयड के स्तर को कम करने में मदद कर सकते हैं। इससे आपकी मेमोरी पावर बूस्ट हो सकती है।

### गोटू कोला मेमोरी पावर करे बूस्ट

*मस्तिष्क की कार्य क्षमता को बेहतर करने के लिए आप गोटू कोला का सेवन कर सकते हैं। इससे लंबे समय तक मानसिक स्पष्टता में सुधार लाया जा सकता है। इसके अलावा यह आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी ऑक्सीडेटिव तनाव से लड़ने में आपकी मदद कर सकता है। इसके साथ ही गोटू कोला के सेवन से अल्जाइमर से जुड़े ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने में मदद मिल सकती है। मेमोरी पावर को बूस्ट करने के लिए आप इन आयुर्वेदिक हर्ब्स का सेवन कर सकते हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि एग्जाम के समय स्ट्रेस लेवल को न बढ़ाएं। इससे आपकी परेशानियां और अधिक बिगड़ सकती हैं। एग्जाम के स्ट्रेस को कम करने के लिए योग का सहारा लें।*

# कब से शुरू होगा खाटूश्यामजी का लक्खी मेला भक्तों को कौन-कौन सी सुविधाएं मिलेंगी !

**धर्म अध्यात्म**



उज्जैन. खाटूश्याम मंदिर समिति ने खाटू मेला 2023 को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस मेले में लाखों भक्तों के आने का अनुमान है। यह राजस्थान के सबसे बडे. मेलों में से एक है। इसे लक्खी मेला भी कहते हैं। इस बार इस मेले की शुरूआत 22 फरवरी से हो रही है, जो 4 मार्च तक चलेगा। इस दौरान देश-दुनिया से श्याम बाबा के भक्त यहां दर्शन करने आएंगे। मेले में आने वाले श्रृद्धालुओं को कुछ बातों का ध्यान रखना होगा। आगे जानिए खाटू मेले से जुड़ी खास बातें

### कौन हैं भगवान खाटूश्याम?


महाभारत के अनुसार, भगवान खाटूश्याम पराक्रमी घटोत्कच के पुत्र थे। उनका मूल नाम बर्बरीक था। जब पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध होने वाला था, उस समय बर्बरीक भी युद्ध के लिए वहां आए। उन्होंने प्रण किया था कि वे कमजोर पक्ष की ओर से युद्ध करेंगे। तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि यदि बर्बरीक ने कौरव पक्ष से युद्ध किया तो पांडवों की हार निश्चित है। तब उन्होंने ब्राहमण बनकर बर्बरीक से उनका शीश दान में मांग लिया। बर्बरीक ने हंसते-हंसते अपना शीश काटकर श्रीकृष्ण को दे दिया। तब श्रीकृष्ण ने उन्हें वरदान दिया कि कलयुग में तुम्हारी पूजा मेरे नाम से होगी। इसलिए बर्बरीक को श्याम के नाम से पूजा जाता है।

### खाटू मेले में रखें इन बातों का ध्यान

- *मंदिर समिति के अनुसार, इस बार भक्त बाबा के निशान (झंडे) को मंदिर तक नहीं ले जा सकेंगे। लखदातार मैदान के पास ही सभी निशान यानी झंडे एकत्रित करने की व्यवस्था की गई है।*
- *कतार में खड़े भक्तों को पीने का पानी वहीं पर उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्हें लाइन से निकलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं की जानकारी माइक के जरिए भक्तों को दी जाती रहेंगी।*
- *मेले में भंडारा लगाने के लिए प्रशासनिक अनुमति लेना अनिवार्य होगी। मेले के दौरान होने वाले अन्य कार्यक्रमों जैसे भजन, जागरण आदि के लिए भी मजिस्ट्रेट की ओर से जारी दिशा-निदेशों की पालन करना आवश्यक होगा।*
- *मुख्य मेला मैदान से 75 फीट लंबी 14 लाइनों से गुजर कर भक्तजन बाबा के दरबार में पहुंच सकेंगे। मंदिर के अंदर भी कतारों में नई 16 लाइनें बनाई गई हैं।*
- *मंदिर में श्रद्धालुओं का दबाव न बढ़ें, इसलिए 8 अलग निकासी मार्ग तैयार किए गए हैं।*

## मीरा राजपूत फिल्म से डेब्यू करने वाली थी लेकिन शाहिद कपूर की वजह से नहीं हो सका ऐसा

*बॉलीवुड की सबसे लविंग जोड़ियों में शाहिद कपूर और मीरा राजपूत का नाम आता है। दोनों ने अरेंज मैरेज की थी और दोनों के बीच उम्र का भी अंतर है, इसके बावजूद दोनों परफेक्ट कपल गोल देते हैं। मीरा आज भले ही फिल्मों से दूर हो लेकर वह सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। मीरा अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से अक्सर अपनी, शाहिद और बच्चों के फोटो और वीडियो शेयर करती रहती हैं। मीरा राजपूत को लेकर कई बार सवाल उठाया जाता है कि क्या उनकी कभी फिल्मों में काम करने की योजना है। अक्सर शाहिद कपूर से भी इस बारे में सवाल किया जाता है। मगर काफी कम लोगों को पता है कि मीरा और शाहिद की शादी के तुरंत बाद एक फिल्म तैयार हो रही थी जिससे मीरा बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली थी, लेकिन शाहिद कपूर की वजह से उस फिल्म का काम पूरा नहीं हो सका। शाहिद कपूर-विजय सेतुपति की 'फर्जी' की कई लोकेशन पर हुई है शूटिंग, दर्शकों को होगा अलग अनुभव डायरेक्टर और एक्टर की कहानी ।*



## लहसुन सेवन करने से स्वास्थ्य को मिलेंगे कई फायदे!

*हरी लहसुन पोषक तत्वों से भरपूर होती है. अगर आप इसका सेवन करेंगे तो सेहत को कई फायदे मिलेंगे. हरा लहसुन एलिसिन नाम के एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है. यह कोलेस्ट्रॉल को कम करने में बेहद प्रभावी होता है, शरीर में सूजन को कम करता है, सर्दी, खांसी और फ्लू से हमारे शरीर की रक्षा करता है. आइये जानते है हरी लहसुन के सेहत राज*

### पाचन तंत्र रहेगा ठीक

*हरे लहसुन का सेवन करने से पाचन तंत्र मजबूत रहता है. डाइजेशन सिस्टम को ठीक रखने के लिए आप हरे लहसुन का सेवन कीजिए. हरे लहसुन की पत्तियों में एंटी-इंफ्लामेट्री गुण मौजूद होते हैं जो पेट से जुड़ी परेशानियों को कम करने में कारगर होते हैं. इन पत्तियों के सेवन से पाचन दुरुस्त बना रहता है. गैस, ब्लोटिंग, अपच जैसी परेशानी नहीं होती हैं.*

### कोलेस्ट्रॉल की समस्या होगी ठीक

*हरे लहसुन का सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल की समस्या से राहत मिल सकती है. हरे लहसुन की पत्तियां कोलेस्ट्रॉल लेवल को मेंटेन रखने में बेहद असरदार होती हैं क्योंकि इनमें एलिसिन नामक तत्व मौजूद होता है. जो बैड कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकालता है और शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करता है. जिसके चलते हार्ट से जुड़ी परेशानियों का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है.*



# छोटे बच्चों के लिए 'अमृत' है रागी, जानिए बच्चों को रागी खिलाने के 5 बेहतरीन फायदे

**बच्चों का हेल्थ**



मिलेट्स यानी मोटे अनाज कितने फायदेमंद होते हैं इसका बखान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अलग-अलग मंचों पर कई बार कर चुके हैं। मिलेट्स छोटे बच्चों से लेकर बूढ़ों तक के लिए पोषण का खजाना है, जिसे भारतीय लोग भूलते जा रहे हैं। मोटे अनाजों की अपनी खूबियों के कारण सरकार भी इन्हें प्रमोट कर रही है। रागी भी एक महत्वपूर्ण और पोषक तत्वों से युक्त मोटा अनाज है। जो खासकर छोटे बच्चों के लिए रागी बेहद फायदेमंद है। रागी कैल्शियम, फाइबर और विटामिन डी का एक अच्छा सोर्स है, जो बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी है।

### हड्डियां मजबूत करे रागी

रागी में कैल्शियम की मात्रा अधिक होती है जो हड्डियों को मजबूत बनाने में और उसके विकास के लिए आवश्यक है। बच्चों के लिए रागी का आटा पचाना आसान होता है। बच्चों में कैल्शियम का सेवन बढ़ाने के लिए रागी का आटा एक अच्छा विकल्प है।

### प्रोटीन का अच्छा सोर्स है रागी

नवजात शिशुओं के आहार में मांसपेशियों के विकास के लिए प्रोटीन एक जरूरी पोषक तत्व है। रागी प्रोटीन का एक बेहतरीन स्रोत है इसलिए अधिकांश डॉक्टर नई मांओं को अपने बच्चों को रागी का दलिया खिलाने की सलाह देते हैं।

### एनीमिया से बचाएं रागी

जब शरीर में आयरन की कमी होती है तो या एनीमिया का कारण बनता है इसलिए अपने बच्चों को एनीमिया के खतरे से बचाने के लिए पर्याप्त आ रहे हैं जरूर दें। रागी का आटा 100% प्रकृति अवयवों से बना है जो एनीमिया को रोकने में मददगार है।

### रागी डाइजेशन को रखें दुरुस्त

छोटे बच्चों में पाचन की एक बड़ी समस्या होती है ऐसे मे रागी उनके लिए फायदेमंद हो सकता है। रागी फाइबर से भरपूर होता है जो मल त्याग करने और पाचन को बेहतर रखने में मदद करता है। फाइबर बार बार भूख लगने से बचाता है और क्रेविंग को रोकता है।

### कुपोषण को दूर करे रागी

कुपोषण को खत्म करने के लिए शिशुओं को रागी देना चाहिए। रागी वजन बढ़ाने में मदद करता है क्योंकि इसमें पोषण सामग्री बहुत अधिक होती है। यह कैल्शियम, फाइबर, प्रोटीन, आयरन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों के अलावा विटामिन बी और डी का उत्कृष्ट स्रोत है। इसलिए बच्चों को जरूर दें।

**ज्ञानसागर**

डॉ. उमर अली शाह
नवम पीठाधिपति, श्री विश्व विज्ञान विद्या आध्यात्मिक पीठ, पिठापुरम-533450 (आंध्र प्रदेश)

## दार्शनिक सम्पदा से शांति

श्री विश्व विज्ञान विद्या आध्यात्मिक पीठ का दर्शन जड तत्व को हटाकर ईश्वर के सान्निध्य में ले जाकर मुमुक्षुत्व को प्रदान कर कृतार्थ करने का है। चाहे हम अमीर हों या गरीब, हमारी आस्था या धर्मों की परवाह किए बिना, और अनुभव के माध्यम से दर्शन के महात्म्य को समझा कर कृतार्थ करने की स्थिति हमें प्रदान करती है । यदि हम इस दर्शन की विशिष्टता का विश्लेषण करें, तो हम शांति और संतृप्ति दोनों प्राप्त करने में सक्षम होंगे। इस शांति से हम संतृप्ति, स्वास्थ्य, सुख, प्रेम, भाईचारा और धैर्य आदि प्राप्त कर सकते हैं । इसलिए शांति के कारण सभी चीजों को प्राप्त करने की संभावना होती है। हम जिस संकल्प से सद्गुरु के सान्निध्य में पंहुचे। उस मजबूत संकल्प शक्ति से हम जितना चाहें उतना दार्शनिक संपदा को प्राप्त करने में सक्षम हैं। साधारण संपदा के मामले में हम थोड़ी संपदा हासिल करने के बाद जिस तरह और संपदा प्राप्त करने का प्रयास करते हैं, उसी प्रकार दार्शनिक संपदा को जितना भी प्राप्त करेंगें और भी प्राप्त करने की चाहत बढती जाती है और शांति प्रदान करती है । इस शांति के द्वारा यौगिक ईश्वर स्वरूपी मर्म को बतलाया जाता है । भौतिक रूप से जीवन जीने के लिए सेहत, प्रेम और सुख जरूरी होते हैं । ये सब शांति में निहित तत्व हैं । वर्तमान समाज में शांति नहीं होने के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से कई बीमारियों से ग्रस्त होकर हम सुखमय जीवन नहीं जी पा रहे हैं। जिस के कारण कई प्रकार की पीड़ाओं, क्षति और समस्याओं से ग्रस्त होकर जीवन को त्यागने की स्थिति उत्पन्न होती है। इन समस्याओं के समाधान के लिए हम कई प्रकार के प्रयास करते हैं। इसके बावजूद वे तात्कालिक रूप से ही शांति प्रदान करने वाली होती हैं । उनसे स्थाई शांति की प्राप्ति नहीं हो सकती। उस शांति को हम किस तरह से पीठ में प्राप्त कर रहे हैं? इसका जवाब होगा सद्गुरु के सानिध्य में दार्शनिक संपदा के द्वारा हम शांति को प्राप्त कर रहे हैं । शांति में सहनशीलता छुपी होती है। सहनशीलता के कारण ही हम समस्याओं के समाधान के मार्गों से अवगत होते रहते हैं। मतलब, दार्शनिक संपदा में प्राप्त महाप्रसाद शांति स्वरूप है । जाहिरी तौर पर यह शांति काफी छोटी बात लग सकती है। किंतु ध्यान केंद्रित करने पर उसमें निहित मर्म की जानकारी हमें मिलती है। महाप्रसाद को हम प्राप्त कर सके तो उसके द्वारा अपने जीवन में कई विषयों को अनुभव के रूप में जानने की महान शक्ति प्राप्त होती है । वर्तमान समाज में शांति न होने के कारण अनेक देश हिंसा का सहारा लेकर मानव जीवन में निहित ईश्वर स्वरूप को नहीं प्राप्त करके जीवन को नष्ट कर रहे हैं । उस तरह की बातों से मनुष्य क्यों नहीं बाहर निकल पा रहा है, कहकर पूछे जाने पर उसका समाधान है, हममें मौजूद जड़ शक्तियों को नहीं हटाया । अस्तु, जड भावनाओं को हटाने के लिए आवश्यक दार्शनिक संपदा को वृद्धि करने की जरूरत है। इस दार्शनिक संपदा की वृद्धि के कारण शांति हो सकती है। हमें उस प्रकार की शांति को प्राप्त करने की संभावना है। उस तरह के उत्कृष्ट अवसर और समय का सदुपयोग करते हुए दार्शनिक ज्ञान संपदा को प्राप्त कर और हमारे द्वारा हासिल दार्शनिक ज्ञान संपदा को लोगों में बांटकर उनमें निहित जड़ भावनाओं को हटाकर कृतार्थ होने का अवसर मिलता है। उस तरह के उत्कृष्ट दार्शनिक संपदा को पीठ में दिए जाने वाले प्रवचनों के रूप में महामंत्र को प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रयास करना चाहिए । **(जारी)**

# माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफार्म ट्विटर ने भारत में भी शुरू की सब्सक्रिप्शन सेवा

एजेंसी। 9 फरवरी




**नई दिल्ली।** माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफार्म ट्विटर ने भारत में भी सब्सक्रिप्शन सेवा शुरू कर दी. भारत में ट्विटर ब्लु सर्विस के लिए कीमत 650 रुपए प्रति महीने से शुरू की गई है. वेब यूजर्स को ट्विटर ब्लु के लिए 650 रुपए प्रति महीना चुकाना होगा. जबकि मोबाइल यूजर्स के लिए यह 900 रुपए प्रति महीना होगी. माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफार्म ट्विटर ने भारत में भी सब्सक्रिप्शन सेवा शुरू कर दी. भारत में ट्विटर ब्लु सर्विस के लिए कीमत 650 रुपए प्रति महीने से शुरू की गई है. वेब यूजर्स को ट्विटर ब्लु के लिए 650 रुपए प्रति महीना चुकाना होगा. जबकि मोबाइल यूजर्स के लिए यह 900 रुपए प्रति महीना होगी. एलन मस्क ने पिछले साल 44 बिलियन डॉलर में ट्विटर को खरीदा था. इसके बाद से उन्होंने माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफार्म में काफी बदलाव किए हैं. एलन मस्क ने पिछले दिनों ट्विटर ब्लु सर्विस का भी ऐलान किया था. इसके तहत आपको ट्विटर की कुछ अतिरिक्त सेवाओं के लिए चार्ज देना होगा. ट्विटर ने पिछले दिनों अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और जापान समेत कुछ देशों में ट्विटर ब्लु सेवा शुरू की थी. इन देशों में ट्विटर का ब्लू सब्सक्रिप्शन का चार्ज वेब यूजर्स के लिए 8 डॉलर प्रति महीने है. सालाना सब्सक्रिप्शन लेने पर 84 डॉलर खर्च करने होंगे. ट्विटर 3 डॉलर ज्यादा एंड्रॉयड यूजर्स से चार्ज करके गूगल को कमीशन देगा.वहीं, भारत में अब इस सेवा की शुरूआत हो गई है. बताया जा रहा है कि भारत में ट्विटर ब्लु सर्विस लेने के लिए वेब यूजर्स को 650 रुपए प्रति महीना, जबकि मोबाइल यूजर्स के लिए इसका चार्ज 900 रुपए प्रति महीना है. हालांकि, सालाना सब्सक्रिप्शन लेने पर 6800 रुपए देने होंगे.

- *ट्विटर ब्लू सब्सक्रिप्शन के साथ यूजर्स को ब्लू चेकमार्क या टिक भी दिया जाता है. इसके साथ यूजर्स को ट्वीट एडिट करने का ऑप्शन, 1080स्र वीडियो में वीडियो अपलोड करने का और रीडर मोड का एक्सेस मिलेगा.*
- *इसके अलावा ट्विटर यूजर्स को कम ऐड देखने को मिलेंगे जबकि नॉन-सब्सक्राइबर्स को ज्यादा ऐड्स देखने को आने वाले समय में मिलेंगे. कंपनी ने कहा है कि वेरिफाइड यूजर्स के ट्वीट को रिप्लाई और ट्वीट में भी प्रॉयोरिटी मिलेगी.*
- *इतना ही नहीं ये सर्विस लेने वाले यूजर्स 4000 अक्षरों तक के ट्वीट को पोस्ट कर सकेंगे.*

## एक नजर

### ट्रक ने बच्चों को ले जा रहे ऑटो को मारी टक्कर आठ स्कूली बच्चों की मौत



**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के कोरर के पास भीषण सड़क हादसे में 8 स्कूली बच्चों की मौत हो गई है। स्कूल की छुट्टी होने के बाद ऑटो चालक 8 बच्चों को लेकर जा रहा था, तभी एक ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। बच्चे बीएसएनएन डिजिटल पब्लिक स्कूल में पढ़ते थे। हादसा गुरुवार को कोरर के चिलहटी चौक के पास हुआ। सभी बच्चों की उम्र 5 से 8 साल के बीच थी। 2 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं 5 बच्चों ने कोरर अस्पताल में दम तोड़ा। ड्राइवर और एक बच्चे की हालत गंभीर है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर उन्हें परिजनों को सौंपा जाएगा।इधर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांकेर के कोरर चिलहटी चौक पर ऑटो और ट्रक की टक्कर से 7 स्कूली बच्चों की आकस्मिक मौत पर दुख जताते हुए ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा कि समाचार बेहद दुःखद है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर मुमकिन मदद दी जा रही है। ईश्वर परिवारजनों को हिम्मत दे। प्रशासन को हरसंभव मदद के निर्देश दिए गए हैं।

### हिमाचल में खराब मौसम को लेकर अलर्ट आज-कल होगी भारी बारिश और बर्फबारी



**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस फिर सक्रिय हो रहा है। मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश के अधिक ऊंचे क्षेत्रों में भारी बारिश-बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के अधिक ऊंचे क्षेत्रों में परसो भी बारिश-बर्फबारी हो सकती है, जबकि निचले व मैदानी इलाकों में परसो मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। प्रदेश में बीते 24 घंटे के दौरान तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। केलोंग का न्यूनतम तापमान गिरकर माइनस 12 डिग्री पहुंच गया है। वहीं लाहौल स्पीति के कुकुमसेरी का न्यूनतम तापमान माइनस 8.8 डिग्री, कल्पा का माइनस 2.2 डिग्री, मनाली 0 डिग्री, शिमला का 4.3 डिग्री, धर्मशाला 6.2 डिग्री, ऊना में 5.8 डिग्री और सोलन न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री तक लुढ़क गया है।प्रदेश में 2022 की तुलना में इस बार बहुत कम बारिश-बर्फबारी हुई है। खासकर शिमला, मंडी, किन्नौर और सोलन में सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है। ऐसे में बारिश-बर्फबारी के पूर्वानुमान ने प्रदेशवासियों में बर्फबारी की उम्मीद जगाई हैं।बर्फ नहीं गिरने से पर्यटन कारोबारी भी परेशान हैं। शिमला व आसपास के क्षेत्रों में अमूमन इन दिनों 80 फीसदी से अधिक ऑक्युपेंसी रहती थी, मगर इस बार वीकेंड पर भी 60 फीसदी से अधिक ऑक्युपेंसी नहीं हो रही है।प्रदेश में बीते दिनों हुई बर्फबारी से 134 सड़कें अभी भी बंद हैं। इनमें ज्यादातर सड़कें एक महीने से भी अधिक समय से बंद हैं। लाहौल स्पीति में सबसे ज्यादा 120 सड़कें, चंबा में 7, कांगड़ा, शिमला व किन्नौर में 2-2 और कुल्लू में 4 सड़कें अवरुद्ध पड़ी हैं।

### जम्मू-कश्मीर में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी, अनंतनाग में वाणिज्यिक इमारत सील

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के श्रीगुफवाड़ा में अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को सरकारी भूमि पर एक भाजपा नेता द्वारा कथित रूप से बनाई गई एक व्यावसायिक इमारत को अपने कब्जे में ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि राज्य की भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा शुरू किए गए अतिक्रमण हटाने के अभियान के तहत इमारत को सील किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकारी भूमि पर निर्माण की जानकारी के बाद 20 दुकानों वाली इमारत को पहले राजस्व विभाग ने अपने कब्जे में लिया। अधिकारियों ने बताया कि बाद में इसे सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए ग्रामीण विकास विभाग को सौंप दिया गया।

### राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत शुक्रवार को पेश करेंगे बजट

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शुक्रवार को अगले वित्त वर्ष का बजट पेश करेंगे। चुनावी साल में आ रहा बचत, राहत एवं बढ़त विषय वाला यह बजट युवाओं और महिलाओं पर केंद्रित होगा। गहलोत ने बृहस्पतिवार को बजट को अंतिम रूप दिया। गहलोत ने आला अधिकारियों के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, बचत, राहत और बढ़त ..लाएगा राजस्थान का बजट। प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति की बचत राहत बढ़त की सुनिश्चितता के संकल्प के साथ बजट 2023 को अंतिम रूप प्रदान किया। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री गहलोत ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री निवास पर वित्तीय वर्ष 2023-24 के राज्य बजट को अन्तिम रूप दिया।

## संक्षिप्त खबर

### साउथ सुपरस्टार प्रभास की बिगड़ी तबीयत

**नयी दिल्ली।** पैन इंडिया स्टार प्रभास की तबीयत बिगड़ गई है, जिसके बाद उन्होंने अपनी फिल्मों की शूटिंग कैंसिल कर दी है। रिपोर्ट्स की मानें तो प्रभास बीते कई दिनों से बुखार की समस्या से जूझ रहे थे। इसी वजह से वह हाल ही में डॉक्टर के पास गए थे। तेज बुखार होने की वजह से डॉक्टर ने उन्हें कुछ दिन आराम करने की सलाह दी प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म प्रोजेक्ट के और सालार की शूटिंग कर रहे हैं। इन दोनों ही फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

### ओडिशा के मंत्री की हत्या के आरोपी की नार्को पॉलीग्राफी जांच होगी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नब किशोर दास की पिछले महीने गोली मारकर हत्या करने के आरोपी पुलिसकर्मी की नार्को और पॉलीग्राफी जांच करायी जाएगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ओडिशा के झारसुगुडा जिले की एक अदालत ने बुधवार को आरोपी गोपाल दास की पुलिस हिरासत की अवधि 13 फरवरी तक बढ़ा दी। गोपाल दास के वकील हरिशंकर अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि झारसुगुडा में प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने इस मामले की जांच कर रही अपराध शाखा को बर्खास्त पुलिसकर्मी की नार्को और पॉलीग्राफी जांच कराने की अनुमति दे दी है।

### हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत्त डीएसपी ने आत्महत्या की

**फरीदाबाद।** हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत्त अपने जमाने के एक प्रतिष्ठित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने फरीदाबाद में स्थित घर में कथित रूप से गोली मार कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पूर्व डीएसपी समुन्दर सिंह लंबे समय से बीमार थे। सिंह (72) अपने परिवार के साथ ग्रेटर फरीदाबाद में ओमेक्स हाइट्स सोसायटी में रहते थे और आज सुबह वहीं उन्होंने अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से कथित रूप से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

# जितना कीचड़ उछालोगे, कमल उतना ही खिलेगा : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी। 9 फरवरी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अडाणी समूह से जुड़े मामले पर विपक्षी दलों के आरोपों के बीच बृहस्पतिवार को कहा कि उनके ऊपर जितना कीचड़ उछाला जाएगा, कमल उतना ही खिलेगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने यह बात कही। कमल केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का चुनाव चिह्न है। प्रधानमंत्री ने जैसे ही जवाब देना आरंभ किया वैसे ही कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, शिव सेना, आम आदमी पार्टी सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्य आसन के निकट आ गए और नारेबाजी करने लगे। सदस्यों की नारेबाजी के बीच मोदी ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने महत्वपूर्ण सदन में कुछ लोगों का व्यवहार, कुछ लोगों की वाणी ना सिर्फ सदन को बल्कि देश को निराश करने वाली रही है। उन्होंने कहा, इस प्रकार की प्रवृत्ति के सदस्यों को मैं यही कहूंगा... कीचड़ उसके पास था, मेरे पास गुलाल। जो भी जिसके पास था, उसने दिया उछाल।... अच्छा ही है। जितना कीचड़ उछालोगे, कमल उतना ही ज्यादा खिलेगा। मोदी ने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कि इसलिए कमल खिलाने में उनका भी प्रत्यक्ष व परोक्ष योगदान है। उन्होंने कहा, इसके लिए मैं उनका भी आभार व्यक्त करता हूं। ज्ञात हो कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के दौरान अधिकतर विपक्षी दलों ने अडाणी समूह को लेकर अमेरिकी वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से लगाए गए आरोपों का उल्लेख किया और इसकी जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग की। प्रधानमंत्री ने करीब एक घंटा और 25 मिनट के अपने पूरे भाषण के दौरान सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का उल्लेख करते हुए उसकी उपलब्धियां गिनाईं और कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा। उनके पूरे भाषण के दौरान विपक्षी दलों द्वारा की गई नारेबाजी के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा कि वह एक घंटे से अधिक समय से अकेले बोल रहे हैं और विपक्ष के लोगों को नारेबाजी करने के लिए एक दूसरे का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, एक अकेला कितनों पर भारी पड़ रहा है... नारे बदलने के लिए उन्हें बदलना पड़ रहा है... घंटे भर से आवाज नहीं रोक पाए हैं क्योंकि देश के लिए जीता हूं... देश के लिए कुछ करने के लिए निकला हूं। उन्होंने विपक्षी सदस्यों पर हमला करते हुए कहा कि राजनीतिक खेल खेलने वाले लोगों के अंदर वह हौसला नहीं है। उन्होंने कहा, वे बचने का रास्ता खोज रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने विकसित भारत का लक्ष्य रखा है और वह इस संकल्प को पूरा करने की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा, यह हम सबका संकल्प है। अब देश पीछे मुड़कर देखने को तैयार नहीं है। देश लंबी छलांग मारने को तैयार है। कांग्रेस पर लोगों की समस्याओं का समाधान ना करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार, आजाद भारत के लिए जो सपने देखे गए थे, उन्हें पूरा करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार योजनाओं का शत प्रतिशत लोगों तक लाभ पहुंचाने के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इससे भेदभाव की सारी गुंजाइश खत्म होती है, भ्रष्टाचार की संभावनाएं समाप्त होती हैं और तुष्टिकरण की आशंकाएं खत्म होती हैं। उन्होंने कहा, सच्ची पंथनिरपेक्षता अगर कुछ है... सच्ची धर्मनिरपेक्षता कुछ है तो यही है।

## जी20: पर्यावरण एवं जलवायु स्थिरता कार्य समूह की पहली बैठक आज से बेंगलुरु में

एजेंसी। 9 फरवरी




**बेंगलुरु।** जी-20 समूह की भारत की अध्यक्षता के तहत पर्यावरण एवं जलवायु स्थिरता कार्य समूह की पहली बैठक आज यानी बृहस्पतिवार से यहां शुरू होगी, जो 11 फरवरी तक चलेगी। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आयोजित इस सम्मेलन की अध्यक्षता मंत्रालय की सचिव लीना नंदन करेंगी। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए एक एकीकृत, व्यापक और सर्वसम्मत दृष्टिकोण अपनाने के लक्ष्य के साथ जी-20 देशों के कई प्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ इस बैठक में शामिल होंगे। भारत द्वारा जी20 समूह की अध्यक्षता का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए एक एकीकृत, व्यापक और सर्वसम्मत दृष्टिकोण अपनाना है और सतत विकास को आगे बढ़ाना है। अधिकारियों ने बताया कि लाइफ एक महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय बैठक के दौरान पारिस्थितिकी तंत्र बहाली और जैव विविधता पद्धति पर एक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। इसके बाद की बैठकों का आयोजन गांधीनगर, मुंबई और चेन्नई में होगा। जी20 समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर-सरकारी मंच है।

## ज्ञान चक्षुओं से ही ईश्वर को देखना सम्भव : डॉ. उमर अली शाह

एजेंसी। 9 फरवरी



**पिठापुरम।** श्री विश्व विज्ञान विद्या आध्यात्मिक के नवम पीठाधिपति डॉ. उमर अली शाह ने कहा कि यदि मनुष्य अपने में निहित ज्ञान चक्षु की पहचान कर सके तो भगवान का दर्शन कर सकते हैं। पिठापुरम -काकीनाडा रोड स्थित श्री विश्व विज्ञान विद्या आध्यात्मिक पीठ के नए आश्रम परिसर में त्रि- दिवसीय पीठ के 95वे वार्षिक महाज्ञान सभा को गुरुवार को ज्योति प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए उक्त विचार व्यक्त किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि काम,क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर्य से युक्त अरिषड्वर्गो के कारण मनुष्य भ्रम में जीने को विवश है ।उन्होंने कहा कि मनुष्य उन शक्तियों के अधीन हैं। कहा जाता है कि भ्रम के कारण मनुष्य कष्टों का अनुभव करना पसंद नहीं करता है, इसलिए वह अपने कष्टों से मुक्ति पाने के लिए स्वामीजी और गुरुओं के पास जाता है। उन्होंने कहा कि अगर दृढ निश्चय कर लिया जाए तो भ्रम की शक्ति मिट जाएगी। इससे पता चलता है कि दार्शनिक ज्ञान प्राप्त करने से अंतर्निहित ज्ञान की आंख खुल जाती है। यह इंसान को महान बनाता है उन्होंने कहा कि ज्ञान की आंखें पाने के लिए गुरुमुख के आध्यात्मिक दर्शन को ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानवीय मूल्यों के संरक्षण की नींव विज्ञान और शिक्षा का आध्यात्मिक आधार है। महाज्ञान सभा के मुख्य अतिथि पिठापुरम विधान सभा के सदस्य पेंडेम दोराबाबू ने कहा कि श्री विश्व विज्ञान विद्या आध्यात्मिक पीठ एक ऐसा पीठ है जो सैकड़ों वर्षों से शिष्यों को आध्यात्मिक और दार्शनिक ज्ञान की शिक्षा देता आ रहा है। उन्होंने कहा कि गुरु-शिष्य का रिश्ता बहुत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने खुलासा किया कि एक शिष्य का जीवन सार्थक होगा यदि वह एक विश्वसनीय गुरु के साथ एक आदर्श यात्रा करता है। शिष्यों को सलाह दी गई कि वे पीठम की विशिष्टता को दूर-दराज के गांवों तक पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत करें।

## अप्रैल 2022 से ओएमसी ने पेट्रोल डीजल की कीमतों को नहीं बढ़ाया

एजेंसी। 9 फरवरी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को बताया कि अप्रैल 2022 से तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों को नहीं बढ़ाया है और इनकी कीमत कच्चे तेल के मूल्यों से नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में संबंधित उत्पादों की कीमतों से जुड़ी होती हैं। लोकसभा में राकेश सिंह के प्रश्न के लिखित उत्तर में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने यह बात कही। उन्होंने बताया कि कच्चे तेल का मूल्य जनवरी 2022 में 84.67 डॉलर प्रति बीबीएल से घटकर जनवरी 2023 में 80.92 डॉलर प्रति बीबीएल हो गया। मंत्री ने कहा कि इस दौरान पेट्रोल का अंतरराष्ट्रीय मूल्य 96.16 डॉलर प्रति बीबीएल से थोड़ा घटकर 95.59 डॉलर प्रति बीबीएल तथा डीजल का मूल्य 97.09 डॉलर प्रति बीबीएल से बढ़कर 111.22 डॉलर प्रति बीबीएल हो गया। रामेश्वर तेली ने बताया कि घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल के खुदरा मूल्यों को क्रमशः 26 जून 2010 और 19 अक्टूबर 2014 को बाजार निर्धारित बना दिया गया था और तभी से सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) पेट्रोल और डीजल के मूल्य निर्धारण के संबंध में उचित निर्णय लेती हैं। उन्होंने बताया, छह अप्रैल 2022 से ओएमसी ने पेट्रोल और डीजल के मूल्यों को नहीं बढ़ाया है। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दो बार- नवंबर 2021 और मई 2022 में 13 रूपये प्रति लीटर और 16 रूपये प्रति लीटर तक की कमी की है।

## ब्रह्मोस मिसाइलों के प्रोडक्शन पर पश्चिमी देशों की पाबंदी का साया

- **यूक्रेन वार से है कनेक्शन**

एजेंसी। 9 फरवरी




**नई दिल्ली।** ब्रह्मोस एयरोस्पेस ही भारत-रूस के बीच ज्वाइंट वेंचर की वो कंपनी है जो परमाणु हमले करने में सक्षम ब्रह्मोस मिसाइलों को बनाती है. यूक्रेन वार की वजह से कई पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए हैं. माना जा रहा है कि इसका ब्रह्मोस मिसाइलों के प्रोडक्शन पर पड़ सकता है.

क्या पश्चिमी देशों की ओर से रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों का भारत-रूस की रक्षा साझेदारी पर कोई असर पड़ेगा? क्या इन प्रतिबंधों से ब्रह्मोस का निर्यात प्रभावित होगा? ब्रह्मोस एयरोस्पेस के चीफ अतुल दिनकर राणे ने इन सवालों का जवाब दिया है. अतुल दिनकर राणे ने कहा है कि मॉस्को पर पश्चिमी प्रतिबंधों से भारत-रूस रक्षा साझेदारी कभी नहीं बाधित होगी, यह विश्वास है जो इस साझेदारी को काम करता है.

ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंडो-रूसी ज्वाइंट वेंचर के प्रबंध निदेशक और सीईओ अतुल दिनकर राणे ने रूस की समाचार एजेंसी ळअरर को बताया कि पश्चिम के कोशिशें रूस-भारत रक्षा साझेदारी को नहीं रोक पाएंगे और न ही कंपनी के काम को प्रभावित कर सकेंगे. यह पूछे जाने पर कि क्या पश्चिमी देश भारत-रूस रक्षा और सुरक्षा सहयोग को रोक सकते हैं, राणे ने कहा कि उनकी व्यक्तिगत भावना यह है कि ऐसा कभी नहीं होगा.

उन्होंने कहा कि और अगर कोई कोशिश भी करता है, तो वह केवल फेल होगा. भारतीय वैज्ञानिकों और रूसी टेक्निकल एक्सपर्ट के बीच का रिश्ता अभी इतना गहरा है कि इसे तोड़ना संभव नहीं है. भले ही कोई हमें कानून का वास्ता दे और कहे कि रूस के साथ और बात नहीं हो सकती है, आप किसी और से बात करिए. लेकिन हम हमेशा कहेंगे कि रूस के साथ ही काम करना आसान था.

राणे ने जोर देकर कहा कि यह भारत और रूस के बीच का विश्वास है जो पश्चिम के प्रतिबंधों के बावजूद इस साझेदारी को आगे भी कायम रखने में मदद करेगा. राणे ने कहा, ₹हमने दोनों देशों के बीच जो विश्वास विकसित किया है, वह विश्वास हमारे लिए काम करने के लिए काफी अच्छा है, और हम इन सभी प्रतिबंधों के बावजूद आगे काम कर रहे हैं. दीगर है कि रूस पारंपरिक रूप से भारत के लिए हथियारों का सप्लायर रहा है. जहां तक रूस और यूक्रेन युद्ध की बात है कई दूसरे पश्चिमी देशों के विपरित भारत ने यूक्रेन वार के लिए रूस की सीधी आलोचना नहीं की है. भारत संयुक्त राष्ट्र में इस मुद्दे पर रूस की आलोचना करने के लिए हुए वोटिंग से भी दूर रहा है. इस मामले में भारत का स्पष्ट रूख है कि इस संकट को संवाद और कूटनीति के जरिए सुलझाया जाए. राणे ने यह भी कहा कि कई विदेशी देश ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल को खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं. राणे ने कहा, ₹फिलीपींस से पहला ऑर्डर है जो हमें मिला है.₹ उन्होंने कहा कि वर्तमान में पांच देशों ने अपने ऑर्डर दिए हैं. उन्होंने कहा कि इस साल के मध्य में फिलीपींस को ब्रह्मोस हथियारों की सप्लाई शुरू हो जाएगी. बता दें कि अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिम देशों ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के लिए रूस पर गंभीर प्रतिबंध लगा दिए हैं.

ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत और रूस के बीच एक संयुक्त उद्यम है जो परमाणु हमला करने में सक्षम सुपरसोनिक मिसाइल बनाने में माहिर है. यही कंपनी भारत में चर्चा में रहे ब्रह्मोस मिसाइल बनाती है. ये कंपनी वर्तमान में हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस क्क विकसित कर रही है.

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी**

### पहले दिन का खेल खत्म, जडेजा के पांच विकेट से ऑस्ट्रेलिया 177 रनों पर ढेर

# भारत के 1 विकेट पर 77 रन, रोहित-अश्विन क्रीज पर



एजेंसी। 9 फरवरी

**नागपुर।** चोट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे रविंद्र जडेजा के पांच विकेट से भारत ने पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 177 रन पर समेटने के बाद एक विकेट पर 77 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा। दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान रोहित शर्मा (नाबाद 56) क्रीज पर डटे हुए थे। दूसरे छोर पर रविचंद्रन अश्विन उनका साथ निभा रहे हैं जिन्होंने अभी खाता नहीं खोला है। भारत ने एकमात्र विकेट लोकेश राहुल (20) का गंवाया जो कप्तान के साथ पहले विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी करने के बाद दिन के अंतिम लम्हों में ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी (13 रन पर एक विकेट) को उन्हीं की गेंद पर कैच दे बैठे। रोहित 69 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का जड़ चुके हैं। भारत अब ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी के 177 रन से 100 रन पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं और मेजबान टीम की नजरें पहली पारी के आधार पर बड़ी बढ़त हासिल करने पर टिकी होंगी क्योंकि धैर्य के साथ खेलने पर पिच पर बल्लेबाजी करना मुश्किल नहीं है। घुटने की चोट के बाद वापसी कर रहे जडेजा (47 रन पर पांच विकेट) ने 11वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। उन्हें ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (42 रन पर तीन विकेट) का अच्छा साथ मिला। ऑस्ट्रेलिया को मार्नस लाबुशेन (49) और स्टीव स्मिथ (37) ने तीसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़कर पहले सत्र में अच्छी वापसी दिलाई थी लेकिन इस जोड़ी के टूटने के बाद एलेक्स कैरी (36) और पीटर हैंड्सकॉम्ब (31) ही भारतीय स्पिनरों के सामने कुछ देर टिक पाए। कैरी और हैंड्सकॉम्ब ने छठे विकेट के लिए 53 रन की तेज साझेदारी भी की। भारत को कप्तान रोहित और राहुल की जोड़ी ने सतर्क शुरुआत दिलाई। रोहित शुरू से ही अच्छी लय में दिखे जबकि राहुल ने रक्षात्मक रवैया अपनाया। रोहित ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस के पारी के पहले ही ओवर में तीन चौके मारे और फिर उनके तीसरे ओवर में दो और चौके जड़े। रोहित ने नाथन लियोन पर पारी का पहला छक्का जड़ा और फिर इस ऑफ स्पिनर की गेंद पर एक रन के साथ 16वें ओवर में भारत के रनों का अर्धशतक पूरा किया। राहुल हालांकि 71 गेंद खेलकर पदार्पण कर रहे मर्फी की गेंद पर उन्हीं को कैच दे बैठे। इससे पहले लाबुशेन के अलावा ऑस्ट्रेलिया के अधिकतर बल्लेबाज या तो खराब शॉट खेलकर आउट हुए या फिर गेंद की लाइन को समझने में चूक गए। लाबुशेन जडेजा की तेजी से स्पिन होती गेंद को खेलने की कोशिश में क्रीज से आगे निकल आए और पदार्पण कर रहे विकेटकीपर श्रीकर भरत ने उन्हें स्टंप करने में कोई गलती नहीं की। उन्होंने 123 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके मारे। लाबुशेन के आउट होने के बाद जडेजा बल्लेबाजों पर हावी हो गए। स्मिथ ने अक्षर पटेल पर तीन चौके मारे लेकिन जडेजा की आर्म बॉल को चूककर बोल्ड हो गए। जडेजा ने इसके बाद मैट रेनशॉ (00) को पहली गेंद पर पगबाधा करके ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 84 रन से पांच विकेट पर 109 रन किया। कैरी और हैंड्सकॉम्ब ने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया विशेषकर विकेटकीपर बल्लेबाज कैरी ने। कैरी ने रिवर्स स्वीप से कुछ अच्छी बाउंड्री लगाई लेकिन अश्विन की गेंद पर इसी शॉट को दोहराने की कोशिश में गेंद को विकेटों पर खेल गए। अश्विन ने कप्तान पैट कमिंस (06) को स्लिप में कोहली के हाथों कैच कराया जबकि जडेजा ने पदार्पण कर रहे टॉड मर्फी (00) को पगबाधा करके ऑस्ट्रेलिया को आठवां झटका दिया। दिन के अंतिम सत्र के तीसरे ही ओवर में जडेजा ने हैंड्सकॉम्ब को पगबाधा करके पांचवां विकेट हासिल किया जबकि अगले ओवर में अश्विन ने स्कॉट बोलैंड (01) को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया।



**स्कोर बोर्ड**

| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | 177/10 (63.5 ओवर) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | चार | छह |
| डेविड वार्नर बो मोहम्मद शमी | 1 | 5 | 0 | 0 |
| उसमान ख्वाजा बो मोहम्मद सिराज | 1 | 3 | 0 | 0 |
| लाबुशेन स्टंप श्रीकर भरत बो रवींद्र जडेजा | 49 | 123 | 8 | 0 |
| स्टीवन स्मिथ बो रवींद्र जडेजा | 37 | 107 | 7 | 0 |
| मैट रेनशॉ बो रवींद्र जडेजा | 0 | 1 | 0 | 0 |
| हैंड्सकॉम्ब बो रवींद्र जडेजा | 31 | 84 | 4 | 0 |
| एलेक्स कैरी बो अश्विन | 36 | 33 | 7 | 0 |
| कमिंस के कोहली बो अश्विन | 6 | 14 | 1 | 0 |
| टी मर्फी बो रवींद्र जडेजा | 0 | 5 | 0 | 0 |
| नाथन लियोन नाबाद | 0 | 3 | 0 | 0 |
| स्कॉट बोलैंड बो अश्विन | 1 | 8 | 0 | 0 |

अतिरिक्त (बा7,लेबा5,वा0,नोबा3,पी0) 15 रन कुल 63.5 ओवर में 10 विकेट पर 177 रन, विकेटों का पतन : 1-2, 2-2, 3-84, 4-84, 5-109, 6-162, 7-172, 8-173, 9-176, 10-177, **गेंदबाजी:** शमी 9-4-18-1, सिराज 7-3-30-1, रवींद्र जडेजा 22-8-47-5, अक्षर 10-3-28-0, अश्विन 15.5-2-42-3

| भारत (पहली पारी) | 77/1 (24 ओवर) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | चार | छह |
| रोहित शर्मा बल्लेबाजी | 56 | 69 | 9 | 1 |
| केएल राहुल के और बो मॉर्फी | 20 | 71 | 1 | 0 |
| रविचंद्रन अश्विन बल्लेबाजी | 0 | 5 | 0 | 0 |

अतिरिक्त (बा0,लेबा0,वा0,नोबा1,पी0) 1 रन कुल 24 ओवर में 1 विकेट पर 77 रन, विकेटों का पतन : 1-76, **गेंदबाजी:** पैट कमिंस 4-1-27-0, स्कॉट बोलैंड 3-1-4-0, नाथन लियोन 10-3-33-0, टॉड मर्फी 7-0-13-1

# राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट में अभिषेक अतनु और ज्योति खिताब के दावेदार

एजेंसी। 9 फरवरी



**नई दिल्ली।** अभिषेक वर्मा, अतनु दास और वेनम ज्योति सुरेखा जैसे शीर्ष भारतीय तीरंदाज शुक्रवार से यहां डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) यमुना खेल परिसर में शुरू हो रहे राष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे। स्पर्धा का शुरूआती एलिमिनेशन दौर शुक्रवार को आयोजित किए जाएंगे। कंपाउंड और रिकर्व स्पर्धा के फाइनल दौर का आयोजन शनिवार और रविवार को होगा। एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली तीरंदाजी संघ भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) की देख रेख में करेगा। इस आयोजन में रिकर्व और कंपाउंड वर्ग में सीनियर, जूनियर एवं सब-जूनियर (कैडेट) स्तर की प्रतियोगिता होगी। सत्र में हर वर्ग (सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले केवल 32-32 तीरंदाजों को इस प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। खिलाड़ियों का चयन हैदराबाद, सरायकेला (झारखंड), अमरावती (महाराष्ट्र) और नर्मदापुरम (मध्य प्रदेश) में पिछले साल जनवरी से अक्टूबर तक आयोजित घरेलू सर्किट के चार चरणों में उनके प्रदर्शन पर आधारित है। एएआई ने एक विज्ञप्ति में कहा कि टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 50 लाख रुपये होगी, जो यहां 2014 में आयोजित पिछले सत्र में दी गई राशि से दोगुनी है।

### मैनचेस्टर यूनाइटेड पर बोली लगा सकते हैं कतर के अमीर

# प्रीमियर लीग क्लब को खरीदने की दिखाई रुचि

एजेंसी। 9 फरवरी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड को कतर के अमीर खरीद सकते हैं। कतर के अमीर के पास पहले से ही फ्रांस का क्लब पेरिस सेंट जर्मेन है। ब्रिटिश अखबार डेली मेल में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, बिकने को तैयार प्रीमियर लीग क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए कतरी निवेशकों ने बोली लगाने की तैयारी कर ली है। कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने ग्लेजर परिवार से क्लब को खरीदने की तैयारी कर ली है। इस समाचार के बाद यूनाइटेड के न्यूयॉर्क-सूचीबद्ध शेयरों ने प्रीमार्केट ट्रेडिंग में लगभग 16.5% की छलांग लगाई। एरिक टेन हैग की कोचिंग में मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम प्रीमियर लीग में तीसरे स्थान पर है। उसके 21 मैचों में 42 अंक है। वह दूसरे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर सिटी से तीन और पहले स्थान पर काबिज आर्सेनल से आठ अंक पीछे हैं। जिम रैटक्लिफ की कंपनी क्टएडर ने औपचारिक रूप से पिछले महीने यूनाइटेड को खरीदने के लिए बोली प्रक्रिया में प्रवेश किया था। क्लब के अमेरिकी मालिकों ग्लेजर परिवार ने नवंबर में कहा कि उन्होंने नए निवेश या संभावित बिक्री सहित विकल्पों को देखना शुरू कर दिया है। यूनाइटेड के फैंस क्लब के मालिक को बदलने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। ग्लेजर्स परिवार की उन्होंने जमकर आलोचना की है। फैंस के गुस्से का मुख्य कारण टीम का खराब प्रदर्शन है। टीम ने आखिरी बार 2017 में यूरोपा लीग और लीग कप में जीत हासिल की थी। पिछले साल अप्रैल में हजारों प्रशंसकों ने क्लब के स्टेडियम ओल्ड ट्रैफर्ड के बाहर विरोध प्रदर्शन किया था। उन्होंने ग्लेजर्स को ₹क्लब से बाहर निकलने₹ की मांग की थी। यूनाइटेड का शुद्ध ऋण प्रशंसकों के बीच विवाद का एक और कारण है। यह सितंबर तक बढ़कर 515 मिलियन पाउंड ($620.42 मिलियन) हो गई थी।

**संक्षिप्त खबर**

### अल आहली को हराकर मैड्रिड क्लब विश्व कप के फाइनल में

एजेंसी। 9 फरवरी

**रबात।** रीयाल मैड्रिड ने मिस्र के क्लब अल आहली को 4-1 से हराकर क्लब विश्व कप फाइनल में जगह बनाई जहां उसकी नजरे रिकॉर्ड में इजाफा करने वाले आठवें विश्व खिताब पर टिकी होंगी। रीयाल मैड्रिड की ओर से विनिसियस जूनियर, फेडेरिको वालवेर्डे, रोड्रिगो और सर्जियो अरिबास ने गोल दागे। अल आहली की ओर से एकमात्र गोल अली मालोल ने पेनल्टी पर मैच के 65वें मिनट में किया। फाइनल में रीयाल मैड्रिड की भिड़ंत सऊदी अरब की टीम अल हिलाल से होगी। अल हिलाल ने मंगलवार को ब्राजील के क्लब फ्लेमेंगो को 3-2 से हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह सुनिश्चित की थी।

### मैकडोनाल्ड को हराकर टियाफो डेलास ओपन के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी। 9 फरवरी

**डेलास।** फ्रांसिस टियाफो ने हमवतन अमेरिकी मैकेंजी मैकडोनाल्ड को बुधवार को यहां सीधे सेट में हराकर डेलास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे वरीय टियाफो ने मैकडोनाल्ड को 58 मिनट में 6-1, 6-3 से हराया। दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी टियाफो अगले दौर में एक अन्य अमेरिकी जेजे वोल्फ से भिड़ेंगे जिन्होंने दूसरे दौर के मुकाबले में राडू एल्बोट को 6-3, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। जर्मनी के डेनियल आल्टमेयर और ऑस्कर ओटे ने भी दूसरे दौर में अमेरिकी खिलाड़ियों को हराया। आल्टमेयर ने जाचरी स्वाजदा को 6-2, 6-4 जबकि ओटे ने क्रिस्टोफर युबैंक्स को 6-4, 4-6, 6-2 से शिकस्त दी।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सूर्या और केएस भरत ने टेस्ट में किया डेब्यू

एजेंसी। 9 फरवरी



**नागपुर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज गुरुवार (नौ फरवरी) को शुरू हुई। नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में टीम इंडिया ने दो नए खिलाड़ियों को मौका दिया। वनडे और टी-20 क्रिकेट में धमाकेदार बल्लेबाजी से स्टार बन चुके सूर्यकुमार यादव ने डेब्यू किया। वहीं, विकेटकीपर केएस भरत को भी पहली टेस्ट खेलने का अवसर मिला। भरत को टीम इंडिया के अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने डेब्यू कैप दिया। पुजारा ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। डेब्यू कैप लेने के बाद भरत सीधे अपनी मां के पास गए। वह भावुक हो गए थे। उन्होंने मैदान पर ही मां को लगे लगाया। इसके बाद भरत ने परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया पर भरत के डेब्यू को लेकर दो वीडियो शेयर किए हैं। पहले वीडियो में पुजारा उन्हें टेस्ट कैप दे रहे हैं और दूसरे वीडियो में भरत अपने टेस्ट मैच खेलने को लेकर अपनी भावनाएं जाहिर कर रहे हैं। भरत के पास जब टीम इंडिया की जर्सी पहुंची तो वह काफी खुश हुए। उन्होंने कहा, यह काफी खुशी की बात है। मैंने जहां से शुरू किया था वह सबकुछ याद आ गया। जब मैंने प्रथम श्रेणी में खेलना शुरू किया था तो मैंने बिल्कुल भी नहीं सोचा था कि मैं टेस्ट खेल पाऊंगा। मेरे कोच जे कृष्णा राव को मेरे ऊपर काफी भरोसा था। उन्हें लगता था कि मेरे अंदर काफी क्षमता है। मैंने 2018 में इंडिया ए के लिए डेब्यू किया था। उस समय राहुल द्रविड़ सर कोच थे। मैंने इंग्लैंड में इंडिया ए के लिए खेला था। उस समय राहुल सर हमारे साथ थे। भरत ने आगे कहा, राहुल सर से इंग्लैंड में मेरी बात हुई थी। मैंने उनसे पूछा था कि अपने खेल को मैं कैसे अगले स्तर तक लेकर जाऊं तो उन्होंने कहा कि आप जैसे हैं वैसे ही रहें। उन्होंने एक बार मुझे कहा था कि यह आपके लिए एक मौका है। आप खुद को चैलेंज करिए। आपको किसी दूसरे को साबित करना नहीं है। भरत के प्रथम श्रेणी करियर की बात करें तो उन्होंने 86 मैचों में 37.95 की औसत से 4707 रन बनाए हैं। इस दौरान 308 रन उनका उच्चतम स्कोर रहा है। भरत ने नौ शतक और 27 अर्धशतक लगाए हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी में 296 कैच लिए और 35 स्टंप किए।

# चार साल बाद होगी इंडियन ओपन गोल्फ की वापसी

एजेंसी। 9 फरवरी



**नई दिल्ली।** इंडियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट की चार साल बाद इस महीने वापसी होगी जिसमें कई बड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय गोल्फर हिस्सा लेंगे। कोविड-19 व्यवधान के बाद वापसी करते हुए इस टूर्नामेंट की इनामी राशि में भी इजाफा किया गया है। गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एवं कंट्री क्लब में 23 से 26 फरवरी तक होने वाला यह टूर्नामेंट पिछली बार इसी स्थल पर 2019 में खेला गया था और इसके बाद कोविड महामारी से जुड़ी पाबंदियों के कारण इसका आयोजन नहीं हो पाया। शुभंकर शर्मा और शिव कपूर जैसे भारत के स्टार खिलाड़ियों सहित कुल 120 गोल्फर इस 20 लाख डॉलर इनामी टूर्नामेंट में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। शीर्ष 100 में शामिल विदेशी और अन्य भारतीय खिलाड़ियों के भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय सितारों में गत चैंपियन स्कॉटलैंड के स्टीफन गैलाशर, 2018 राइडर कप विजेता कप्तान डेनमार्क के थामस ब्योर्न, उनके हमवतन और राइडर कप टीम के साथी थोरब्योर्न ओलेसन के अलावा स्कॉटलैंड के शीर्ष गोल्फर रॉबर्ट मैकइनटायर खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। विजेता को तीन लाख 40 हजार डॉलर जबकि उप विजेता को दो लाख 20 हजार डॉलर की राशि मिलेगी।

**महिला टी-20 विश्व कप**

### ऑस्ट्रेलिया की नजरें छठे खिताब पर, भारत और इंग्लैंड भी मजबूत दावेदार

# दक्षिण अफ्रीका-श्रीलंका के बीच पहला मुकाबला आज

एजेंसी। 9 फरवरी

केपटाउन। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टी20 विश्व कप में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रिकॉर्ड छठी बार इस खिताब को जीतना चाहेगी लेकिन शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले टूर्नामेंट में भारत और इंग्लैंड की टीमें उसके वर्चस्व को खत्म करने के लिए जोर लगायेंगी। टूर्नामेंट के सात आयोजन में ऑस्ट्रेलिया पांच बार चैम्पियन रहा है और इस प्रारूप में 2020 में पिछले आयोजन में चैम्पियन बनने के बाद उसके दबदबे को विश्व क्रिकेट में कोई खास चुनौती नहीं मिली है। पिछले 22 महीने में इस टीम को टी20 प्रारूप में सिर्फ एक बार हार का सामना करना पड़ा है और वह भी भारत के खिलाफ उसकी सरजमीं पर खेले गए मैच में जिसका नतीजा सुपर ओवर में निकला था। इसमें कोई शक नहीं कि गत विजेता टीम एक बार फिर प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी और खिताब की दूसरी हैट्रिक का लक्ष्य रखेगी। ब्रेक से कप्तान मेग लैनिंग की वापसी से टीम को मजबूती मिली है। स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली भी चोट से उबर गयी है। इस टीम की सबसे बड़ी ताकत बल्लेबाजी की गहराई है, जिसमें लैनिंग, हीली, एलिसे पेरी और तहलिया मैकग्रा जैसे बड़े शॉट लगाने वाले शामिल है। अनुभवी तेज गेंदबाज मेगन शुट्ट गेंदबाजी विभाग की कमान संभालेंगी जिसके स्पिन के कई विकल्प है। हरफनमौला एशले गार्डनर भी शानदार लय में हैं। यह 25 साल की खिलाड़ी शानदार गेंदबाजी के साथ बल्लेबाजी के दौरान निचले क्रम में बड़े शॉट लगाने के लिए जानी जाती है। भारत के खिलाफ इस टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला को 4-1 से जीता था लेकिन इसके ज्यादातर मुकाबले काफी करीबी रहे। यही नहीं अभ्यास मैचों आयरलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर यह दिखा दिया कि इस टीम को भी पटखनी दी जा सकती है। भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के साथ घरेलू दक्षिण अफ्रीका की टीमें से ऑस्ट्रेलिया कड़ी चुनौती मिल सकती है। पिछले टी-20 विश्व कप का उपविजेता भारत इस बार एक कदम आगे बढ़ कर पहली बार चैम्पियन बनने के लिए जोर लगायेगा। भारतीय टीम का प्रदर्शन हालांकि काफी हद कर बल्लेबाजी इकाई पर निर्भर करेगा। भारतीय बल्लेबाजी कलात्मक स्मृति मंधाना, बड़े शॉट खेलने वाली शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर के आस-पास घूमेगी। भारतीय टीम ने 2020 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन फाइनल में टीम पिछड़ गयी थी। उस आयोजन में शेफाली भारत की शीर्ष स्कोरर थी और उनकी कप्तानी में अंडर-19 टीम ने हाल ही में विश्व कप का खिताब जीता है। अंडर-19 टीम की सफलता से सीनियर टीम का मनोबल जरूर बढ़ेगा। टीम में ज्चा घोष और पूजा वस्त्राकर जैसे बड़े शॉट खेलने वाले खिलाड़ियों की मौजूदगी से शीर्ष क्रम पर दबाव कम होगा। टीम के लिए गेंदबाजी हालांकि चिंता का सबब है। तेज गेंदबाजी विभाग में शिखा पांडे के अलावा किसी के पास ज्यादा अनुभव नहीं है। शिखा ने भी लंबे समय तक बाहर रहने के बाद हाल ही में टीम में वापसी की है। दीप्ति शर्मा की स्पिन गेंदबाज हाल के दिनों में प्रभावी रही है लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों से भी मदद की जरूरत होगी। भारत ग्रुप बी में इंग्लैंड, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और आयरलैंड के साथ है। इंग्लैंड की टीम भी इस प्रारूप में पिछले कई साल से काफी मजबूत रही है। हीथर नाइट के नेतृत्व में इंग्लैंड की टीम 2009 में शुरुआती सत्र की सफलता को दोहरते हुए खिताब जीतना चाहेगी। पूर्व चैंपियन टीम के पास शानदार गेंदबाजी आक्रमण है जिसमें महान तेज गेंदबाज कैथरीन साइवर-ब्रंट और दुनिया की बेहतरीन स्पिनरों में शामिल सोफी एक्लेस्टोन है। एलिस कैप्सी, सोफिया डंकले और लॉरेन बेल ने टी-20 प्रारूप में खुद को स्थापित किया है और उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। ऑस्ट्रेलिया के अलावा ग्रुप ए से न्यूजीलैंड की टीम भी अंतिम चार में पहुंचने की दावेदार है। सोफी डिवाइन की अगुवाई वाली टीम ने हाल ही में प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन किया है।




**संभावित टीमें इस प्रकार**

**द.अफ्रीका** सुने लुस (कप्तान), एनेरी डर्कसेन, मारियाने कैप, लारा गुडॉल, अयाबोंगा खाका, क्लो ट्रायोन, नैडाइन डी क्लार्क, शबनिम इस्माइल, ताजमिन ब्रिट्स, मसाबाटा क्लास, एल वोल्वार्ड्ट, सिनालो जाफ्ता, नॉन्कुलुलेको मलाबा, एनेके बॉश, डेल्मी टकर।

**श्रीलंका** चमारी अटापट्टू (कप्तान), ओशादी रणसिंघे, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षी डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, अनुष्का संजीवनी, कौशिनी नुथ्यंगना, मालशा शेहानी, इनोका रणवीरा, सुगंधिका कुमारी, अचिनी कुलासुर्या, विस्मी गुणरत्ने, तारिका सेवंडी, एमा कंचना, सत्या संदीपनी।

**मैच रात 10:30 बजे से होगा शुरू।**

## मार्केट सूचकांक

### भारतीय

निफ्टी
17,893.50 ▲ +21.80

सेंसेक्स
60,806.22 ▲ +142.43

### अमेरिका

नैस्डेक
11,910.52 ▼ -203.27

डाओ जोंस
33,949.01 ▼ -207.68

### यूरोप

FTSE
7,939.30 ▲ +54.24
BRITAIN

CAC
7,212.27 ▲ +92.44
FRANCE

### एशिया

NIKKEI 225
27,584.34 ▼ -22.11
JAPAN

शंघाई
3,270.38 ▲ +38.27
CHINA

### कमोडिटी

सोना 24 कैरेट/10 ग्राम प्रति
57,243.00 ▲ +28.00

चांदी प्रति किलो
67,511.00 ▼ -122.00

अल्यूमीनियम प्रति किलो
217.70 ▼ -0.65

तांबा प्रति किलो
775.55 ▲ +3.85

लेड प्रति किलो
185.50 ▲ +0.40

जिंक प्रति किलो
277.90 ▼ -0.25

मेंथा तेल प्रति लीटर
999.50 ▼ -11.30

### मुद्रा

डॉलर प्रति रुपये
82.48 ▼ -0.02

पाउंड प्रति रुपये
100.44 ▲ +0.16

यूरो प्रति रुपये
88.91 ▲ +0.06

# सभी राज्य और सरकारी विभाग एकल खिड़की व्यवस्था से जुड़ेंगे

- **अनुराग जैन ने कहा कि अभी तक 19 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जुड़ चुके हैं**

**एजेंसी। 9 फरवरी**

**नई दिल्ली।** सभी राज्य, केंद्र शासित प्रदेश और केंद्र सरकार के 32 विभाग इस साल दिसंबर तक राष्ट्रीय एकल खिड़की व्यवस्था (एनएसडब्ल्यूएस) से जुड़ जाएंगे। इसके माध्यम से सभी कंपनियां अपने कारोबार के लिए मंजूरी और अनापत्ति प्रमाण पत्र मांग सकेंगी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अनुराग जैन ने यहां कहा कि अभी तक 19 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जुड़ चुके हैं। इनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक आदि शामिल हैं। अनुराग ने भारत-जापान व्यापार सहयोग समिति की संयुक्त बैठक में यह बात कही। इस व्यवस्था से अनुपालन बोझ कम होगा, परियोजना में लगने वाला समय कम होगा तथा कारोबार शुरू करना और उसका परिचालन आसान होगा। राष्ट्रीय एकल खिड़की व्यवस्था से सभी एकीकृत राज्यों और केंद्रीय विभागों के लिए अनुमोदन की पहचान, आवेदन और मंजूरी की मौजूदा स्थिति का पता चलता रहता है।

उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि दिसंबर, 2022 तक सभी 36 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश और केंद्र सरकार के सभी 32 विभाग संबद्ध हो जाएंगे। हम पूरी सरकार को एकल खिड़की पर लाने की कोशिश कर रहे हैं।


अनुराग जैन

### वैश्विक निवेशक सम्मेलन का लखनऊ में उद्घाटन आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को तीन दिन के वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन (ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट) के लिए सजाया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्घाटन शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। उत्तर प्रदेश की राजधानी में 10 से 12 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में केंद्र और राज्य सरकार के कई मंत्रियों और देश के प्रमुख उद्योगपतियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी के अलावा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी सहित 15 से अधिक कैबिनेट मंत्रियों के इस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है।

## जियो-बीपी ने 20 प्रतिशत एथनॉल वाला ई-20 पेट्रोल पेश किया

**एजेंसी। 9 फरवरी**

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज और ब्रिटेन की बीपी के संयुक्त उद्यम जियो-बीपी ने 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण वाला पेट्रोल पेश किया है। यह सरकार की कच्चे तेल का आयात और कार्बन उत्सर्जन कम करने के कार्यक्रम के अनुरूप है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा, इसके साथ ही जियो-बीपी ई-20 ईंधन उपलब्ध कराने वाले पहले खुदरा विक्रेताओं में शामिल हो गई है। कंपनी ने कहा, ई-20 ईंधन के अनुकूल वाहनों के मालिक चुनिंदा जियो-बीपी पेट्रोल पंप से यह ईंधन ले सकेंगे। जल्द ही इसका विस्तार पूरे नेटवर्क में किया जाएगा। ई-20 ईंधन में 20 प्रतिशत एथनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है। पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण के कार्यक्रम से जहां कच्चे तेल का आयात घटेगा और कॉर्बन उत्सर्जन में कमी आएगी, वहीं इससे किसानों की आय भी बढ़ेगी। कंपनी ने बयान में कहा, भारत का ईंधन और परिवहन उद्योग तेजी से बढ़ रहा है।

## इलेक्ट्रिक व्हीकल मार्केट में 2030 तक आएंगी पांच करोड़ नौकरियां



**एजेंसी। 9 फरवरी**

**नई दिल्ली।** देश में साल 2022 में एश की बिक्री का आंकड़ा 10 लाख पर पहुंच गया। यह 2021 की तुलना में तीन गुना से भी ज्यादा है। हाल ही में आए आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार का अनुमान है कि देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या साल 2030 तक 1 करोड़ को पार कर जाएगी, साथ ही इससे जुड़ी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियों की संख्या भी लगभग 5 करोड़ से ज्यादा होने की उम्मीद है। ईवी और हायरिंग सेक्टर से जुड़े एक्सपर्ट्स का भी मानना है कि ईवी सेक्टर देश में नौकरियों का एक प्रमुख स्रोत बन सकता है। सरकार की कोशिश है कि 2030 तक कुल वाहनों की बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 30% हो जाए। वाहनों की बढ़ती संख्या से ओरिजनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स और कंपोनेंट कंपनियों का एक विशाल इकोसिस्टम निर्मित होगा। इनसे जुड़े क्षेत्रों में लाखों नए कौशल की भी जरूरत होगी।

# कोल कनेक्टिविटी से जुड़ी रेल परियोजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा : अनुपम शर्मा

**आवाज प्रतिनिधि । 9 फरवरी**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री अनुपम शर्मा द्वारा आज 09.02.2023 को मुख्यालय, हाजीपुर में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कोल कनेक्टिविटी से जुड़ी पूर्व मध्य रेल की निर्माण परियोजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई । बैठक में मुख्यालय के उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे । समीक्षा बैठक में पावर प्वायंट प्रजेंटेशन के माध्यम से कोल कनेक्टिविटी से जुड़ी परियोजनाओं की कार्य प्रगति से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया । बेहतर कोल कनेक्टिविटी प्रदान करने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण 160 किमी. लंबे रमना-सिंगरौली दोहरीकरण रेल परियोजना पर निर्माण कार्य चल रहा है । इस परियोजना के अंतर्गत 72 किलोमीटर का कार्य पूरा हो चुका है तथा शेष का निर्माण निर्धारित अवधि के भीतर पूरा कर लिए जाने की संभावना है । इसी तरह करैला रोड-शक्तिनगर दोहरीकरण (32 किमी) में से 22 किमी. का निर्माण कार्य पूरा हो गया है तथा शेष पर कार्य तीव्रगति से जारी है । बाढ़ थर्मल पावर तक कोयले की सुगम पहुंच हेतु 13.70 किमी लंबे बंधुआ-पैमार सरफेस लाईन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जबकि 12.30 किमी लंबे आर.ओ.आर. (रेल ओवर रेल) का निर्माण कार्य निर्धारित अवधि के भीतर पूरा कर लिए जाने की संभावना है । इसके साथ ही बख्तियारपुर-बाढ़ तीहरी लाईन एवं करनौती-बख्तियारपुर तथा अथमलगोला-बख्तियारपुर सरफेस ट्रायंगल का कार्य पूरा कर इसकी कमीशनिंग की जा चुकी है जबकि 4.5 किमी लंबा बख्तियारपुर फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है । इसी तरह कोडरमा-तिलैया नई लाईन (65 किमी) में से तिलैया-खेरौंद (25 किमी) का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है तथा शेष पर कार्य जारी है । उपरोक्त परियोजनाओं के पूर्ण हो जाने से कोयला खदानों से विद्युत घरों तक कोयला के सुगम परिवहन में मदद मिलेगी एवं विद्युत घरों में कोयला की और तेजी से आपूर्ति सूनिश्चित हो सकेगी ।

**महाप्रबंधक ने करौटा पटनेर-मनकट्ठा सरफेस ट्रायंगल (10 किमी), ग्रैंडकॉर्ड रेलखंड पर डाउन ट्रेन के लिए गोमो फ्लाई ओवर एवं धनबाद-चंद्रपुरा बाईपास (मतारी-गोमो-टेलो - 22 किमी), तथा गढ़वा रोड आर.ओ.आर (6.5 किमी), टोरी-शिवपुर थर्ड लाईन (41.5 किमी) आदि परियोजनाओं की भी समीक्षा की ।**

इंटरनेट बंद करने के मामलों का रिकॉर्ड नहीं रखने से नाराज

# संसदीय समिति ने की दूरसंचार विभाग की जमकर खिंचाई

**एजेंसी। 9 फरवरी**

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने बार-बार इंटरनेट को बंद करने के मामलों पर चिंता जाहिर करते हुए दूरसंचार विभाग की खिंचाई की है। समिति ने कहा है कि दूरसंचार विभाग ने इंटरनेट को बंद करने संबंधी (शटडाउन) मामलों का कोई ब्योरा नहीं रखा और साथ ही उसकी कई सिफारिशों पर कदम नहीं उठाया। संचार और सूचना प्रौद्योगिकी पर स्थायी समिति ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में दूरसंचार और इंटरनेट सेवाओं का निलंबन और उसके प्रभाव पर रिपोर्ट लोकसभा में रखी। समिति ने दूरसंचार विभाग से कहा है कि वह गृह मंत्रालय के साथ मिलकर इंटरनेट को बंद करने के बाद उसे हटाने की प्रक्रिया पर काम करे। समिति ने शटडाउन का लेखा-जोखा नहीं रखने पर दूरसंचार विभाग और गृह मंत्रालय के तर्कों को खारिज करते हुए कहा कि वह यह नहीं बोल सकता कि पुलिस और कानून व्यवस्था सरकार के विषय हैं और इंटरनेट का निलंबन अपराध के दायरे में नहीं आता है।समिति ने कहा कि इंटरनेट बंदी के सभी मामलों का केंद्रीयकृत डाटाबेस दूरसंचार विभाग, गृह मंत्रालय के पास उसी तर्ज पर रखा जाना चाहिए जैसे गृह मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) अपराधों पर नियमित आधार पर सूचना जुटाता है। इनमें सांप्रदायिक दंगे भी शामिल हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जून, 2012 से मार्च, 2021 के बीच देशभर में सरकार द्वारा 518 बार इंटरनेट को बंद किया गया।

## कर मांग मामले में फ्लिपकार्ट को 24 फरवरी तक राहत

**बेंगलुरु।** आयकर विभाग ने कर्नाटक उच्च न्यायालय को भरोसा दिलाया है कि आयकर उपायुक्त द्वारा l,100 करोड़ रुपये के मांग नोटिस पर फ्लिपकार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ कोई जबरिया कार्वाई नहीं की जाएगी। कंपनी ने आकलन वर्ष 2016-17 और 2018-19 के लिए 31 जनवरी, 2023 को जारी मांग नोटिस को चुनौती देने वाली दो रिट याचिकाएं दायर की हैं। न्यायमूर्ति बी एम श्याम प्रसाद ने छह फरवरी, 2023 को अपने अंतरिम आदेश में 24 फरवरी को अगली सुनवाई तक कोई जबरिया कार्वाई नहीं करने के विभाग के आश्वासन को दर्ज कर लिया है।

## पीरामल फार्मा को दिसंबर तिमाही में 90 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा



**नई दिल्ली।** पीरामल फार्मा को चालू वित्त वर्ष की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही में 90 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी ने बृहस्पिवार को यह जानकारी दी। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 163 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। हालांकि, कंपनी की परिचालन आय आलोच्य अवधि में बढ़कर l,716 करोड़ रुपये हो गयी। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह l,539 करोड़ रुपये रही थी।

## इनफिनिटी रियलकॉन, सनहेवन एग्रो की परिसंपत्तियां नीलाम करेगा सेबी



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि निवेशकों के पैसे की वसूली के लिए वह आगामी 13 मार्च को चार कंपनियों- इनफिनिटी रियलकॉन, भारत कृषि समृद्धि इंडस्ट्रीज, रवि किरन रियल्टी इंडिया और सनहेवन एग्रो इंडिया की नौ परिसंपत्तियों की नीलामी करेगा। इन कंपनियों ने नियामकीय नियमों का पालन किए बिना निवेशकों से धन जुटाया था।

## हिंडाल्को का तीसरी तिमाही का मुनाफा 63 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख धातु हिंडाल्को इंडस्ट्रीज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 62.9 प्रतिशत घटकर l,362 करोड़ रुपये पर आ गया। लागत में बढ़ोतरी तथा मुद्रास्फीति के प्रभाव की वजह से कंपनी के मुनाफे में कमी आई है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। हिंडाल्को ने पिछले वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही 3,675 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

# पक्षियों के विमानों से टकराने की घटनाओं को रोकने के उपाय शीघ्र : सिंधिया

**एजेंसी। 9 फरवरी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि हवाई अड्डों पर पक्षियों के विमानों से टकराने की घटनाओं को रोकने के लिए सभी उपाय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डों साफ-सुथरा रखने की जरूरत होती है। मंत्री ने कहा कि विमानों से पक्षियों के टकराने के मामले सामने आते रहते हैं। हवा में विमान के उतरते समय इस तरह की घटनाएं अधिक होती हैं। सिंधिया ने कहा, हमने हवाई अड्डों पर पक्षियों के विमान से टकराने के मामलों को रोकने के सभी उपाय किए हैं। इन उपायों में पक्षियों को भगाने वाला यंत्र, साउंड गन और अन्य तरीके शामिल हैं। सिंधिया ने यहां संवाददाताओं को वन्यजीव संरक्षण के लिए पिछले लगभग नौ वर्षों में सरकार की तरफ से उठाए गए कदमों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, पक्षी कुछ स्थानों, विशेष रूप से हवाई अड्डों पर इसलिए आते हैं क्योंकि वे उस स्थान पर अपना घर बनाने के बजाय कुछ वस्तुओं की ओर आकर्षित होते हैं। इसलिए ऐसे स्थानों को साफ रखना महत्वपूर्ण है। पक्षियों को आने से रोकने के लिए सभी कदम उठाए जाने चाहिए क्योंकि इससे विमान के लिए खतरा पैदा हो सकता है।



## भारत के सोया खली का निर्यात जनवरी में दोगुना

**इंदौर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार कारकों से भारतीय सोया खली के मूल्य प्रतिस्पर्धा में लौटने के कारण जनवरी के दौरान इसका निर्यात दोगुना होकर 2.25 लाख टन पर पहुंच गया। पिछले साल जनवरी में देश से 1.11 लाख टन सोया खली का निर्यात गया था। प्रसंस्करणकर्ताओं के इंदौर स्थित संगठन सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सोपा के कार्यकारी निदेशक डीएन पाठक ने बताया, अंतरराष्ट्रीय बाजार में जनवरी के दौरान अमेरिका, ब्राजील और अर्जेंटीना सरीखे शीर्ष निर्यातकों की सोया खली के दामों में तेजी देखी गई।

# वित्त मंत्री ने क्रिप्टो परिसंपत्तियों के मामले में आईएमएफ से किया आग्रह

**एजेंसी। 9 फरवरी**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को आईएमएफ की प्रबंध निदेशक (एमडी) क्रिस्टलीना जॉर्जिएवा के साथ चर्चा की और उनसे क्रिप्टो परिसंपत्तियों के विनियमन के लिए विश्व स्तर पर समन्वित दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। वित्त मंत्री ने आगामी जी20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की बैठक के संबंध में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की एमडी के साथ वर्चुअल वार्ता की। यह बैठक इसी महीने बेंगलुरु में होगी। सीतारमण ने जी20 में फाइनेंसट्रैक के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों पर भारत की अध्यक्षता को समर्थन देने के लिए भी आईएमएफ का आभार जताया। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट कर कहा कि जॉर्जिएवा ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों में भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के लिए और अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण, विशेष रूप से डिजिटल भुगतान के लिए देश को धन्यवाद दिया।



# धनबाद कोक/ कोयला मंडी

**हार्ड कोक की दर (रु/प्रति टन)**

### हार्डकोक की कीमत में गिरावट

| | |
|---|---|
| 1नं0 | 16,000 |
| सुपर | 17,500 |
| सेमी | 18,000 |
| लो एश 30% | 20,500 |

### पर्ल कोक का दर (रु/प्रति टन)

| | |
|---|---|
| 58-60% FC | 18,500 |
| 65% FC | 23,500 |
| 70% FC | 26,000 |

नोट :*कर अतिरिक्त

**प्रमुख शहरों का धनबाद से भाड़ा (रु/प्रति टन)**

| | |
|---|---|
| रायपुर | 1900 |
| रायगढ़ | 1700 |
| हल्दिया | 1400 |
| कोलकाता | 1300 |
| विशाखापतनम | 2200 |
| होसपेट | 3900 |
| नागपुर | 3100 |
| फरीदाबाद | 2300 |
| बटाला | 3000 |
| अहमदाबाद | 3100 |
| पटना | 1600 |
| राजकोट | 3400 |
| औरंगाबाद | 3600 |
| कटक | 1500 |
| दिल्ली | 2500 |
| चेन्नई | 4000 |
| राउरकेला स्टील प्लांट | 1200 |
| राउरकेला प्राइवेट पार्टी | 1250 |

## ऑस्ट्रेलियन कोकिंग कोल का भाव (प्लेट के अनुसार)

| मेटालर्जिकल कोयला | रेट (एफ.ओ.बी ऑस्ट्रेलिया) | | |
|---|---|---|---|
| पीक डाउन रिजन | 370.25 | ▲ | 7 यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| प्रीमियम लो वोलाटाइल (PLV) | 370.25 | ▲ | 7 यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| लो वोलाटाइल हार्ड कोकिंग कोल | 344.5 | ▲ | 7 यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| लो वोलाटाइल पीसीआई (PCI) | 334.5 | ▲ | 7 यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| मिड वोलाटाइल पीसीआई (PCI) | 332.5 | ▲ | 7 यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सेमी सॉफ्ट | 288.5 | | यूएस डॉलर/प्रतिटन |

*PCI-Pulverised Coal Injection

## कोक प्राइस

| | ASH | CSR | Rate |
|---|---|---|---|
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 66/65 | 475 ▲ 3 यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 65/63 | 458 ▲ 3 यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 64/62 | 448 ▲ 3 यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 62/60 | 443 ▲ 3 यूएस डॉलर/प्रतिटन |

# पाकिस्तान की राहत पैकेज पर आईएमएफ से वार्ता में अटका रोड़ा

- **पाकिस्तान 2019 में आईएमएफ के छह अरब डॉलर कार्यक्रम का बना था हिस्सा**



**एजेंसी। 9 फरवरी**

**इस्लामाबाद।** नकदी की समस्या से गुजर रहे पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से राहत पैकज जारी कराने को लेकर जारी वार्ता में एक रोड़ा अटक गया है। बृहस्पतिवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पक्ष बाहरी वित्त पोषण अनुमानों और सटीक घरेलू राजकोषीय उपायों पर बात नहीं कर पाए हैं। रिर्पोट के अनुसार, पर्याप्त ऊर्जा लागत समायोजन सहित बाहरी वित्त पोषण अनुमानों और घरेलू बजटीय कदमों पर स्पष्ट योजना के साथ बृहस्पतिवार को वार्ता के निर्धारित समापन से कम से कम एक दिन पहले अधिकारियों के साथ आने वाले आईएमएफ मिशन द्वारा आर्थिक और राजकोषीय नीतियों (एमईएफपी) के एक मसौदा ज्ञापन को साझा करना चाहिए था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, बुधवार रात तक हमें एमईएफपी मसौदा नहीं मिला। पाकिस्तान 2019 में इमरान खान सरकार के दौरान आईएमएफ के छह अरब डॉलर कार्यक्रम का हिस्सा बना था, जिसे पिछले साल बढ़ाकर सात अरब डॉलर कर दिया गया था। कार्यक्रम की नौवीं समीक्षा 1.18 अरब डॉलर जारी करने के लिए आईएमएफ अधिकारियों और पाकिस्तान सरकार के बीच लंबित है। हालांकि वित्त और राजस्व राज्य मंत्री आएशा गौश पाशा ने कहा, हम इसे पूरा करने के बहुत करीब हैं। उन्होंने कहा कि आईएमएफ एक बार पाकिस्तान को एमईएफपी सौंप दे, जिसके बाद सभी मुद्दों पर बात पूरी हो जाएगी। उनके अनुसार, कई बातों पर बात पूरी हो चुकी है और उन्हें उनमें से कुछ में स्पष्टता चाहिए, जिन पर सरकार के लोग काम कर रहे हैं।




# अफगानिस्तान में भूकंप की अफवाह के बाद बड़ी संख्या में महिला और बच्चे काबुल हवाई अड्डे पर पहुंचे



*इस्लामाबाद। तुर्किये भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए उड़ानें रवाना होने की अफवाह फैलने के बाद सैकड़ों की संख्या में अफगान महिलाएं और बच्चे अफगानिस्तान की राजधानी काबुल स्थित हवाईअड्डे पहुंच गए। बुधवार को सोशल मीडिया पर साझा किये गए वीडियो और तस्वीरों में सैकड़ों लोग अंधेरे और ठंड में हवाईअड्डे की तरफ पैदल जाते नजर आ रहे हैं। इस दृश्य ने अगस्त 2021 की याद ताजा कर दी जब देश में तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद हजारों लोग हवाई मार्ग से देश से बाहर निकलने के प्रयास में हवाई अड्डे पहुंच गए थे। काबूल निवासी अब्दुल गफार (26) ने कहा, मैंने सुना है कि तुर्किये को मदद के लिए लोगों की जरूरत है, इसलिए मैंने सोचा कि मैं वहां जाकर जरूरतमंद लोगों की मदद करू। यह मेरे लिए देश से बाहर निकलने का एक अवसर भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि उसने ठंड के बीच हवाई अड्डे के पास तीन घंटे तक इंतजार किया, जब तालिबान बलों ने बताया कि तुर्किये के लिए ऐसी कोई उड़ान नहीं है, तो वे वापस घर आ गए। वहीं, काबूल पुलिस प्रमुख के प्रवक्ता खालिद जादरां ने बताया कि काबूल से ऐसी कोई उड़ान नहीं है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे किसी अफवाह के चलते व्यवस्था को बाधित नहीं करें। तालिबान सरकार ने एक बयान जारी करके भूकंप प्रभावित तुर्किये और सीरिया के प्रति संवेदना जतायी। साथ ही उसने तुर्किये को एक करोड़ अफगानी और सीरिया को 50 लाख अफगानी का राहत पैकेज देने की घोषणा की।*

## संक्षिप्त खबर

### ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग चीन निर्मित कैमरे हटाएगा

एजेंसी । 9 फरवरी

**कैनबरा।** अमेरिकी हवाई क्षेत्र में चीनी जासूसी गुब्बारा मिलने के कारण चीन के निगरानी कार्यक्रम को लेकर उठ रहे सवालों के बीच ऑस्ट्रेलिया सरकार ने अपने रक्षा विभाग की इमारतों से चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़ी कंपनियों द्वारा निर्मित निगरानी कैमरे हटाने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया के इस फैसले से पहले अमेरिका और ब्रिटेन भी यह कदम उठा चुके हैं। द ऑस्ट्रेलियन समाचार पत्र ने बृहस्पतिवार को बताया कि चीनी कंपनियों हिकविजन और दहुआ द्वारा विकसित और निर्मित कम से कम 913 कैमरे, इंटरकॉम, इलेक्ट्रॉनिक प्रवेश प्रणालियां और वीडियो रिकॉर्डर रक्षा विभाग और व्यापार एवं विदेश मामलों के विभाग सहित ऑस्ट्रेलिया सरकार और एजेंसी के कार्यालयों में हैं।

### पाकिस्तानी मंत्री ने पेट्रोल की जमाखोरी के खिलाफ आगाह किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पेट्रोलियम राज्य मंत्री मुसादिक मलिक ने बुधवार को देश में पेट्रोलियम आपूर्तिकर्ताओं को किसी भी तरह की कृत्रिम कमी पैदा करने के लिए जमाखोरी करने के खिलाफ आगाह किया। पत्रकारों से बातचीत में मलिक ने कहा कि सरकार उन लोगों पर कड़ी कार्वाई करेगी जो प्राधिकारियों के सख्त निर्देशों के बावजूद पेट्रोल की जमाखोरी का प्रयास करेंगे।

### यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने यूरोपीय संसद को संबोधित किया

**ब्रसेल्स।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को यूरोपीय संसद को संबोधित करते हुए कहा कि यूक्रेन और यूरोपीय संघ (ईयू) रूस के खिलाफ साथ मिलकर लड़ रहे हैं, जो दुनिया में सबसे बड़ी यूरोप-विरोधी ताकत है। जेलेंस्की के संबोधन के दौरान और बाद में यूरोपीय सांसदों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। जेलेंस्की ने अपने संबोधन के बाद यूरोपीय संघ का झंडा उठाया और यूक्रेन का राष्ट्रगान बजाया गया।

# डोभाल ने मॉस्को में की पुतिन से मुलाकात, अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

एजेंसी । 9 फरवरी

**मॉस्को।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने गुरुवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मॉस्को में मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने पुतिन के साथ विभिन्न द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की. रूस स्थित भारतीय दूतावास ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी. उसने बताया कि एनएसए डोभाल ने राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की। ट्वीट में कहा गया, विभिन्न द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की गई. भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी को लागू करने की दिशा में काम करते रहने पर सहमति बनी.ह्ल डोभाल बुधवार को दो दिवसीय रूस यात्रा पर गए थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर के देश की यात्रा के तीन महीने बाद एनएसए की रूस यात्रा हुई. भारतीय विदेश मंत्री के यात्रा के दौरान दोनों पक्षों ने अपने टाइम-टेस्टेड पार्टनर से भारत के पेट्रोलियम उत्पादों के आयात सहित अपने आर्थिक जुड़ाव का विस्तार करने की कसम खाई थी. इससे पहले सोमवार को नई दिल्ली में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा था कि रूस, भारत के साथ अपने संबंधों में और विविधता लाना चाहता है।



### अफगानिस्तान पर हुई बैठक में एनएसए ने लिया हिस्सा

*अजित डोभाल ने बुधवार को मॉस्को में अफगानिस्तान पर एक सुरक्षा संवाद में भाग लिया, जिसमें बदलते क्षेत्रीय सुरक्षा मानकों पर भी चर्चा की गई थी. भारत के अलावा ईरान, कजाखस्तान, किर्गिस्तान, चीन, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने अफगानिस्तान पर सुरक्षा परिषद के सचिवों की पांचवीं बहुपक्षीय बैठक में भाग लिया था.*

### मुश्किल दौर में अफगानिस्तान

*इस संवाद का तीसरा चरण नवंबर 2021 में डोभाल की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुआ था. सूत्रों ने बताया कि डोभाल ने कहा कि अफगानिस्तान एक मुश्किल दौर से गुजर रहा है और भारत के अफगानिस्तान से ऐतिहासिक और खास संबंध हैं. उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के लोगों का कुशलक्षेम और मानवीय आवश्यकता भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता है और नयी दिल्ली जरूरत के वक्त अफगानिस्तान के लोगों को कभी अकेला नहीं छोड़ेगी.*

## सोशल मीडिया मंच ट्विटर पर लोगों को करना पड़ा मुश्किलों का सामना



एजेंसी । 9 फरवरी

**वाशिंगटन।** सोशल मीडिया मंच ट्विटर पर बुधवार को कई उपयोगकर्ताओं ने व्यापक तकनीकी समस्याओं का सामना किया। इसके बाद कंपनी ने ट्वीट किया, ट्विटर शायद सही तरीके से काम नहीं कर रहा है। परेशानी के लिए खेद है। हमें इसकी जानकारी है और इसे ठीक किया जा रहा है। इस मामले पर बुधवार अपराह्न तक अधिक जानकारी नहीं मिल पाई। कंपनी के प्रेस अकाउंट को इस संबंध में भेजे ईमेल का भी कोई जवाब नहीं मिला। ट्विटर अपनी मीडिया रिलेशंस टीम को भी पहले ही भंग कर चुका है। उपयोगकर्ताओं को पहले ट्वीट करने ओर संदेश प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ा, क्योंकि हर बार एक ही संदेश आ रहा था कि उनकी ट्वीट करने की सीमा समाप्त हो गई है। ट्विटर पर एक खाते से एक दिन में 2400 ट्वीट किए जा सकते हैं। कुछ उपयोगकर्ताओं को किसी अन्य खाते को फॉलो करने में भी परेशानी का सामना करना पड़। ऐसा करने पर संदेश आ रहा था, आप अभी और लोगों को फॉलो नहीं कर सकते। ट्विटर पर एक खाते से एक दिन में 400 लोगों को फॉलो किया जा सकता है। सोशल मीडिया मंच पर बुधवार को पेश हुई इस परेशानियों की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। हालांकि ट्विटर के इंजीनियर और विशेषज्ञों ने पहले आगाह किया था कि एलोन मस्क द्वारा उन लोगों को निकाले जाने के बाद इसके संचालन को सुचारू बनाए रखने में जोखिम बढ़ गया है, जो इसके सुचारू संचालन में मददगार थे।

## पाकिस्तान ने सैन्य अभ्यास के लिए 110 देशों को दिया था न्यौता, लेकिन पहुंचे सिर्फ सात देश

### नौसेना एक्सरसाइज 'अमन' पाकिस्तान का एक प्रतिष्ठित सैन्य अभ्यास है



एजेंसी । 9 फरवरी

**इस्लामाबाद।** नौसेना एक्सरसाइज अमन पाकिस्तान का एक प्रतिष्ठित सैन्य अभ्यास है. ये सैन्य अभ्यास यह 10 फरवरी को शुरू होने वाला है. मीडिया रिपोर्टों से मिली जानकारी के अनुसार इस अभ्यास में भाग लेने के लिए 110 देशों को आमंत्रित किया गया था. लेकिन, केवल सात देशों ने अपने जहाजों या पनडुब्बियों को भेजने की जहमत उठाई है. चार दिवसीय ये द्विवार्षिक अभ्यास पाकिस्तान के बढ़ते अलगाव और भागीदारी में कमी का एक और संकेत प्रतीत हो रहा है. इस साल केवल सात देशों ने जहाज भेजे हैं जिनमें- संयुक्त राज्य अमेरिका , चीन , श्रीलंका , इंडोनेशिया ,मलेशिया , इटली और जापान (जापान) हैं। इस नौसेना अभ्यास में अमेरिका की उपस्थिति वस्तुतः एक टोकन मात्र है. वहीं, अमेरिकी नौसेना मालाबार जैसे अभ्यास के लिए एक परमाणु-संचालित विमान वाहक सहित एक संपूर्ण युद्ध समूह भेजती है, जो कि हर साल या तो हिंद महासागर में या जापान के सागर में या प्रशांत महासागर में होता है. लेकिन इस अभ्यास में इसने सिर्फ एक विध्वंसक युद्धपोत भेजा है. इस अभ्यास में और देशों की जहाजों की भागीदारी बहुत काम दिख रही है। चीन एक मात्र ऐसा देश है जो बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहा है. तुर्की इस अभ्यास में जहाजों और एक एयरक्राफ्ट भेजने वाला था लेकिन भीषण भूकंप की मार झेल रहे ये देश भाग लेगा या नहीं अभी स्पष्ट नहीं है. इस अभ्यास में पारंपरिक पनडुब्बी के भाग लेने की चर्चा थी, लेकिन अभी तक उसकी पुष्टि नहीं हुई है. ह्यअमनह्ल का घटता लोकप्रियता अंतराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान के लिए कठिनाईओं का संकेत है। उधर, चीन की पीएलए आर्मी एक अन्य तीन देशों की नौसेना की अभ्यास में भाग लेने वाली है. ये अभ्यास हिंद महासागर में होगा. इस अभ्यास में चीन के अलावा दक्षिण अफ्रीका और रूस की नौसेना भाग लेने वाली है।

# तुर्किये, सीरिया में भूकंप से मरने वालों की संख्या 17,000 के पार




एजेंसी । 9 फरवरी

**गाजियांतेप (तुर्किये)।** तुर्किये और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप से प्रभावित क्षेत्र में ढहे घरों के मलबे से और शव निकाले जाने बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 17,000 से अधिक हो गई है। तुर्किये की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस बीच, राहतकर्मी मलबे के ढेर में दबी जिंदगी तलाशने में जुटे रहे तथा हादसे में जीवित बचे कई और लोगों को आज निकाल लिया गया। सूत्रों ने बताया कि अंताक्या शहर में रात भर काम करने वाले आपातकालीन कर्मचारियों ने एक इमारत के खंडहर से हेजल गनेर नाम की एक लड़की को बचाया तथा लड़की के पिता सोनेर गनेर को भी बचा लिया गया। जैसे ही सोनेर को एम्बुलेंस में ले जाया जाने लगा, बचाव दल ने उन्हें बताया कि उनकी बेटी जीवित है और वे उसे इलाज के लिए उसी फील्ड अस्पताल में ले जा रहे हैं। अपनी बेहद कमजोर आवाज में सोनेर ने बचावदल के कर्मियों से कहा, मैं आप सभी से प्यार करता हूं। डीएचए समाचार एजेंसी ने बताया कि अंताक्या के पूर्व में स्थित दियारबाकिर में बचाव दल ने एक घायल महिला को सुबह एक ढही हुई इमारत से जीवित निकाल लिया। महिला के बगल में तीन लोग हालांकि मलबे में मृत पाए गए। देश की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने कहा कि तुर्किये में सोमवार तड़के आए भूकंप और बाद के झटकों से देश में 12,873 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, जबकि 60 हजार से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। दूसरी तरफ, सीरिया में भी 3,162 लोगों के मारे जाने की सूचना मिली है। वहां पांच हजार से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है।

### इंडोनेशिया में 5.1 तीव्रता का भूकंप, चार लोगों की मौत

*जकार्ता। इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत पापुआ में बृहस्पतिवार को आए 5.1 तीव्रता के भूकंप में चार लोगों की मौत हो गई। वे एक तैरते रेस्तरां पर थे जो समुद्र में गिर गया और वे उससे बाहर नहीं निकल सके। अमेरिकी भूभर्गीय सर्वेक्षण ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 5.1 थी जो पापुआ के उत्तरी तट के पास जयापुरा के आवासीय इलाके में आया। उसके मुताबिक, इसका केंद्र 22 किलोमीटर की गहराई में था। इस तरह के भूकंप पृथ्वी की सतह पर अक्सर अधिक नुकसान पहुंचाते हैं।*

## चीन के साथ कोई टकराव नहीं चाहता अमेरिका : जो बाइडेन



एजेंसी । 9 फरवरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ओर से चाइनीज स्पाई बैलून को मार गिराए जाने का मामला अभी भी शांत नहीं हुआ है. अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ने की अटकलें लगाई जा रही हैं. इस बीच यूएस के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार को कहा है कि चीनी जासूसी गुब्बारे को मार गिराए जाने को लेकर मतभेद जरूर हैं, लेकिन अमेरिका इस मसले पर चीन के साथ किसी तरह का टकराव नहीं चाहता है। बैलून को मार गिराए जाने के बाद चीन ने इसे सिविल बैलून बताते हुए अमेरिका को चेतावनी थी. चीनी रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि अमेरिका जान बूझकर इस मसले को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार को कहा कि अमेरिका चीन के साथ किसी तरह का संघर्ष नहीं चाहता है ।

### अमेरिका-चीन संबंध बिगड़े !

*चीन के साथ बैलून विवाद पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ये भी कहा कि मैं चीन के साथ अमेरिका और दुनिया के हितों के लिए काम करने को तैयार हूं, लेकिन अगर वो हमें नुकसान पहुंचाएंगे तो हम अपनी रक्षा जरूर करेंगे. इससे पहले राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा था कि चाइनीज बैलून को मार गिराने की वजह से अमेरिका और चीन के रिश्ते कमजोर नहीं होने वाले हैं।*

# भारत ने रूस को दिरहम के जरिए क्यों भुगतान किया 28,000 करोड़

## दुबई की करेंसी से रूस को भुगतान करेगा भारत

एजेंसी । 9 फरवरी

**रूस ।** भारत की विदेश नीति में रूस की काफी अहमियत रही है. भारत रूस से तेल के साथ-साथ हथियार आयात करता है. रूस ने भारत को 28 हजार करोड़ के हथियार बेचे हैं. लेकिन पिछले साल की शुरूआत में यूक्रेन युद्ध के बाद रूस पर अन्य देशों द्वारा कड़े प्रतिबंध लगाए गए. जिसके कारण भारत रूस को उन हथियारों के पैसे का भुगतान अब तक नहीं कर पा रहा था। लेकिन आर्थिक प्रतिबंध का सामना कर रहे रूस को अपना बकाया राशि देने का भारत ने विकल्प ढूंढ़ लिया है. रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय रिफाइनरों ने दुबई में बैठे व्यापारियों के जरिए खरीदे गए रूस तेल के लिए अमेरिकी डॉलर के जगह दुबई की करेंसी दिरहम में भुगतान करना शुरू कर दिया है. आगे चलकर भारत इन हथियारों के कीमत का भुगतान भी दिरहम से ही करेगा।



### पिछले साल मिले थे दोनों देशों के अधिकारी

***पिछले साल दोनों देशों के डिफेंस और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों ने एक बैठक कर इस मुद्दे पर चर्चा की थी और भुगतान के मामले को आरबीआई के सामने उठाने की बात भी कही थी. दोनों देशों ने उसी बैठक में फैसला किया था कि भारत रूस से खरीदे गए तेल और हथियार की कीमत का भुगतान डॉलर के बजाय किसी और करेंसी में करेगा।***

### दिरहम में कैसे हो रहा है भुगतान

*रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ने रूस को तेल की सप्लाई का भुगतान किया है. इसका तरीका ये है कि पहले तो बिल का कैलकुलेशन डॉलर में किया जाता है, फिर भारत उसका भुगतान दिरहम में किया जा रहा है. भारत यूएई का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार भी है. रूस की प्रमुख तेल उत्पादक रोसनेफ्ट, एवरेस्ट एनर्जी और कोरल एनर्जी सहित अन्य ट्रेडिंग फर्मों के जरिए भारत में कच्चा तेल भेज रही है. भारत अब चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा तेल खरीदार देश बन चुका है।*

### भारत ने क्यों चुनी दुबई की करेंसी

*दरअसल रूस यूक्रेन युद्ध के बाद जी-7 देशों और उनके सहयोगियों ने रूसी तेल पर प्राइस कैप लगाया गया है. इस प्रतिबंध के कारण कई तेल आयात देश मास्को से दूर रहें, जिसके परिणाम स्वरूप रूसी कच्चे तेल की हाजिर कीमतों में अन्य ग्रेड के मुकाबले डिस्काउंट दर्ज किया गया है. इसी का फायदा भारत को मिला और भारतीय रिफाइनर ने अच्छे डिस्काउंट पर तेल खरीदा। ऐसे में अगर भारत ने रूस के साथ व्यापार करने और तेल के अलावा हथियार की कीमत चुकाने के लिए वैकल्पिक करेंसी का इस्तेमाल कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ दुबई खुद को तटस्थ कहने वाला देश है. संयुक्त अरब अमीरात ने रूस पर किसी तरह का कोई प्रतिबंध नहीं लगाए हैं. ऐसे में भारत के लिए डॉलर के बजाय दिरहम में भुगतान करना आसान हो जाता है।*

वर्ष 65 अंक 272 अखबार के स्वामी आवाज प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक - मुद्रक नवीन कुमार सिन्हा द्वारा आवाज प्रकाशन प्रा.लि. नवाडीह, बिरसा मुंडा पार्क के निकट, बी0 पोलिटेक्निक, धनबाद 828130 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक -दीपक अम्बष्ठ*, संपादक - अमित कुमार सिन्हा सम्पादकीय व विज्ञापन विभाग - 7667243545, आर0 एन0 आई0 संख्या - 3591/1957 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिये जिम्मेवार) E-mail - awaz1947@gmail.com